करमा आज

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, बुधवार 03 सितंबर 2025 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 11, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 147 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12



### ब्रीफ न्यूज

## एनडीए ने कल बुलाया दोपहर तक बिहार बंद

**पटना।** पीएम नरेंद्र मोदी की मां को गाली दिए जाने के मामले में एनडीए ने कड़ा विरोध जताते हुए बिहार बंद का आह्वान किया है. बंद की घोषणा मंगलवार को पटना में आयोजित संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई. एनडीए नेताओं ने बताया कि 4 सितंबर को सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक बिहार बंद रहेगा. इस दौरान आपातकालीन सेवाओं को बाधित नहीं किया जाएगा. बंद शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से होगा.

## कर्ज में डूबे किसान ने खुदकुशी कर ली

**लखनऊ।** यूपी के बागपत में चार लाख रुपये सरकारी कर्ज के बोझ तले दबे किसान ने राजस्व कर्मियों के उत्पीड़न से परेशान होकर खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. इस घटना के बाद किसान के परिजन और गांव के लोग घर के बाहर कर्ज को माफ करने और राजस्व कर्मियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर धरना दे रहे थे. इसी दौरान किसान की चाची को हार्ट अटैक आ गया, जिससे उसकी भी मौत हो गई. गमगीन माहौल में दोनों के शवों को अंतिम संस्कार कर दिया गया.

## उमर और शरजील इमाम को बड़ा झटका

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने साल 2020 में हुए दंगों से जुड़ी कथित साजिश के मामले में अहम फैसला सुनाया. कोर्ट ने जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद, शरजील इमाम सहित कई अन्य आरोपियों को बेल देने से इनकार कर दिया. कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई करते हुए फैसला सुनाया.

### कैबिनेट : हेमंत सरकार ने 67 प्रस्तावों पर लगाई मुहर

# विस्थापन एवं पुनर्वास आयोग के गठन का रास्ता हुआ साफ

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड के विस्थापितों को राज्य सरकार जल्द ही उनका हक और अधिकार देगी. मॉनसून सत्र में भी विस्थापन आयोग का मुद्दा उठा था. मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में झारखंड राज्य विस्थापन एवं पुर्नवास आयोग गठन कार्य एवं दायित्व नियमावली 2025 के गठन को मंजूरी दी गई. इसमें अध्यक्ष सहित दो सदस्य रहेंगे. अध्यक्ष को 10 साल का पुर्नवास से संबंधित विषयों का अनुभवन होना अनिवार्य होगा. दो सदस्यों में से एक सेवानिवृत्त प्रशासनिक सेवा के और दूसरा सेवानिवृत्त जिला सत्र न्यायाधीश होंगे.

इस समिति का अधिकतम कार्यकाल अधिकतम तीन साल का होगा. कैबिनेट की बैठक में कुल 66 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई. पूर्व सीएम शिबू सोरेन को आजीवन आबंटित आवास को अब उनकी पत्नी रूपी सोरेन को आजीवन आवंटित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई.

**कला भाषा और साहित्य पर जोर :** कैबिनेट की बैठक में कला भाषा साहित्य से जुड़े प्रस्तावों को मंजूरी दी गई. ललित कला को बढ़ावा देने के लिए झारखंड राज्य ललित कला अकादमी के गठन की स्वीकृति दी गई. झारखंड साहित्य अकादमी और झारखंड राज्य संगीत नाटक अकादमी के गठन की स्वीकृति दी गई. इसके अलावा झारखंड पर्यटन विकास एवं निबंधन संशोधन अधिनियम की स्वीकृति दी गई.

**35 बांधों के पुर्नवास के लिए 238 करोड़ :** कैबिनेट की बैठक में राज्य के 35 बांधों के पुर्नवास के लिए 238 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई. यह राशि बांध पुर्नवास सुधार परियोजना के फेज वन और फेज टू के लिए दी गई है. इसमें 70 फीसदी राशि वर्ल्ड बैंक देगा. 30 फीसदी राशि राज्य सरकार वहन करेगी. पुनासी योजना के लिए 1891 करोड़ 67 लाख की स्वीकृति दी गई.

**जेएसएससी अब दो चरणों में लेगा परीक्षा :** झारखंड राज्य कर्मचारी आयोग विशिष्ट योग्यता वाले पदों के लिए दो चरणों पीटी और मेंस के रूप में परीक्षा लेगा. लेकिन अगर 50 हजार के कम आवेदन आए तो पीटी की परीक्षा नहीं ली जाएगी. मरांग गोमके पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत जिन 50 छात्रों को विदेश जाने के लिए राज सरकार द्वारा छात्रवृत्ति दी जाती है, उनकी कोटि निर्धारण कर दिया गया है. 20 एसटी के छात्र, 10 एससी के, 6 अल्पसंख्यक और 14 ओबीसी कोटि के छात्र होंगे.

-कैबिनेट के प्रमुख फैसले देखें पेज 2 पर

### पुनासी जलाशय योजना के लिए 1851 करोड़ की स्वीकृति



झारखंड पर्यटन विकास एवं पंजीकरण अधिनियम संशोधन विधेयक एवं बांध पुनर्वास एवं सुधार परियोजना के तहत 232 करोड़ की राशि स्वीकृत की गयी है. कैबिनेट ने पुनासी जलाशय योजना के लिए 1,851 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी है. मुख्यमंत्री झारखंड अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी श्रमिक निधि के गठन के प्रस्ताव को हरी झंडी दी गयी है. रामगढ़ में बरियातू से हुंडरू पथ के निर्माण के लिए 34 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति मिली है.

**5 डॉक्टरों को सेवा से बर्खास्त करने का प्रस्ताव स्वीकृत :** झारखंड कैबिनेट ने डॉ. फरहान, डॉ. ज्योति कुमारी, डॉ. भावना, डॉ. इंद्रनाथ प्रसाद और डॉ. रिंकू सिंह को सेवा से बर्खास्त करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी. बता दें कि पिछली कैबिनेट की बैठक में भी तीन डॉक्टरों को बर्खास्त करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई थी.

### मुंबई ही नहीं तेलंगाना और तमिलनाडु में दो झारखंड भवन बनेगा, जहां जरुरी है नियुक्ति होगी : मुख्यमंत्री

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि मुंबई ही नहीं जहां जहां झारखंड के लोग अधिकतर जाते हैं, वहां वहां झारखंड भवन बनाएंगे. तेलंगाना के सीएम ने अपने राज्य में झारखंड भवन के लिए जमीन देने का आश्वासन दिया है. तमिलनाडु में जमीन मिल चुकी है. जमीन मिलने पर वहां भी झारखंड भवन बनाएंगे. मालूम हो कि मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में नवी मुंबई में झारखंड भवन निर्माण के लिए 159 .28 करोड़ की स्वीकृति दी गयी. मुख्यमंत्री कैबिनेट की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे. नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़े सवाल पर हेमंत ने कहा, विभागों का काम सुचारु रूप से चले, इसके लिए जहां जहां भी जरूरत होगी, हम नियुक्ति प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाएंगे. मरांग गोमके पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत पहले 25 छात्रों को पढ़ने के लिए विदेश भेजा जाता था, अब इसकी संख्या 50 कर दी गयी है. बिहार चुनाव में झामुमो कितनी सीटों पर लड़ेगा और एसआईआर का क्या झारखंड विरोध करेगा, इस के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि समय आने पर हम बताएंगे.

### सीएम हेमंत सोरेन ने 975 शिक्षकों को सौंपे नियुक्ति पत्र, टॉपर्स को मिले स्कूटी-लैपटॉप और 3 लाख, कहा-



# युवाओं की पढ़ाई व कमाई पर फोकस

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड को शिक्षा के क्षेत्र में अलग पहचान दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है. इस पर कई कदम उठाए गए हैं और इसके मिल रहे सकारात्मक नतीजे शिक्षा व्यवस्था को और उत्कृष्ट बनाने के लिए हमें प्रेरित कर रहे हैं. हमारी कोशिश शिक्षा को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है. सीएम हेमंत सोरेन मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण-सह - मेधा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे. मौके पर मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार योजना और झारखंड ई- शिक्षा महोत्सव 2025 का शुभारंभ भी मुख्यमंत्री ने किया.

उन्होंने कहा कि झारखंड विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़े, इसमें हर व्यक्ति को जिम्मेदारी निभानी होगी. सामूहिक प्रयासों से ही झारखंड एक अग्रणी और मजबूत राज्य बनेगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूती देने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है. उन्होंने नेतरहाट आवासीय विद्यालय में को-एजुकेशन करने की घोषणा की. वहां लड़कियों को भी प्रवेश मिलेगा. उन्होंने कहा, नेतरहाट आवासीय विद्यालय की तर्ज पर तीन और स्कूल खोले जाएंगे. मुख्यमंत्री ने कहा कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय अब सीबीएसई से संबद्ध है और वहां विद्यार्थी अंग्रेजी मीडियम से पढ़ाई कर रहे हैं. इसके पीछे सरकार की यही कोशिश है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चे किसी भी मामले में निजी स्कूलों से पीछे नहीं रहें.

सीएम सोरेन ने कहा कि विद्यार्थियों को विभिन्न माध्यम से प्रोत्साहित करने का काम हमारी सरकार कर रही है. इस कड़ी में बोर्ड के टॉपर्स को सम्मान राशि के साथ लैपटॉप और मोबाइल फोन दे रहे हैं, ताकि वे और भी बेहतर तरीके से पढ़ाई कर सकें. वहीं, विदेश में उच्च शिक्षा के लिए बच्चों को शत प्रतिशत स्कॉलरशिप दी जा रही है. इसके साथ गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना में विभिन्न कोर्सेज को करने के लिए 15 लाख रुपए तक का शिक्षा लोन बिना किसी गारंटी के देने की व्यवस्था है. मौके पर मंत्री राधाकृष्ण किशोर, संजय प्रसाद यादव, शिल्पी नेहा तिर्की, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह एवं राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन मौजूद थे.

### नेतरहाट आवासीय विद्यालय में अब को-एजुकेशन

- स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार योजना व झारखंड ई–शिक्षा महोत्सव का शुभारंभ, नेतरहाट की तर्ज पर खुलेंगे तीन और विद्यालय, नेतरहाट में अब लड़कियों का भी होगा नामांकन, झारखंड को शिक्षा के क्षेत्र में एक अलग पहचान दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध, सभी के प्रयासों से ही झारखंड एक अग्रणी और मजबूत राज्य बनेगा, सरकारी स्कूलों को भी निजी विद्यालयों की तरह बनाने की दिशा में उठाए जा रहे हैं कई कदम.

#### शिक्षकों को मिला नियुक्ति पत्र, मेधावी हुए सम्मानित

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने में 33 पीजी प्रशिक्षित शिक्षक, 909 सहा. आचार्य (गणित–विज्ञान) और 33 लैब सहायकों में से कुछ को सांकेतिक नियुक्ति पत्र दिया. 10 वीं व 12 वीं के टॉपर्स को 3 लाख रुपये की सम्मान राशि के साथ लैपटॉप और स्मार्टफोन दिए गए. जैक बोर्ड के टॉपर्स को स्कूटी भी मिली. मुख्यमंत्री स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस के 10 वीं तथा 12 वीं के टॉपर्स को लैपटॉप और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया. विभिन्न बोर्डों की 10 वीं बोर्ड परीक्षा में शत– प्रतिशत रिजल्ट देने वाले विद्यालय भी हुए सम्मानित. झारखंड सरकार द्वारा संचालित आकांक्षा कोचिंग के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल विद्यार्थी किए गए सम्मानित. विद्यालय प्रमाणीकरण योजना अंतर्गत स्वर्ण श्रेणी में सफल विद्यालयों को सम्मानित किया गया.



झारखंड के छह जिलों में नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के की दिशा में बढ़ा कदम, केंद्र का सकारात्मक रुख

# धनबाद, देवघर, खूंटी, गिरिडीह, जामताड़ा और जमशेदपुर में खुलेंगे मेडिकल कॉलेज

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने राज्य सरकार के प्रस्ताव को बताया सकारात्मक

**शुभम संदेश।रांची**

झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक अहम पहल शुरू होने जा रही है. राज्य सरकार ने धनबाद, देवघर, खूंटी, गिरिडीह, जामताड़ा और पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) जिलों में नए मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खोलने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था. इस पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए प्रस्ताव की गंभीरता से समीक्षा कराने का आश्वासन दिया है.

- **पीपीपी मॉडल पर आधारित होगा प्रोजेक्ट :** नगर विरकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने केंद्र से अनुरोध



किया कि छह जिलों के जिला अस्पतालों को अपग्रेड कर मेडिकल कॉलेजों में बदला जाए. यह योजना पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर आधारित होगी और इसके लिए प्रस्ताव वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों विभाग को भेजा गया है.

### राज्य को चाहिए 39 मेडिकल कॉलेज

शहरी विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार ने हाल ही में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को पत्र लिखकर बताया कि झारखंड की 3.92 करोड़ की आबादी के मुकाबले सिर्फ 9 मेडिकल कॉलेज (7 सरकारी और 2 निजी) हैं, जबकि राष्ट्रीय मानक के अनुसार राज्य को कम से कम 39 मेडिकल कॉलेजों की जरूरत है. मंत्री ने यह भी कहा कि राज्य में प्रति 1000 की आबादी पर मात्र 0.18 डॉक्टर उपलब्ध हैं, जबकि राष्ट्रीय औसत 0.96 है. इसी तरह अस्पतालों में प्रति हजार जनसंख्या पर बेड की उपलब्धता भी राष्ट्रीय औसत 1.5 से काफी नीचे है.

### नड्डा ने दी सकारात्मक प्रतिक्रिया

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने पत्र के जवाब में कहा कि झारखंड सरकार का प्रस्ताव प्राप्त हो गया है और इसे संबंधित विभाग द्वारा जांचा जा रहा है. उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है. राज्य सरकार को उम्मीद है कि इन मेडिकल कॉलेजों की स्थापना से न केवल स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा, बल्कि युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अपने ही राज्य में बेहतर अवसर मिलेंगे.

### स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा बदलाव लाने की तैयारी

मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है. उन्होंने केंद्रीय मंत्री की प्रतिक्रिया को राज्य के लिए उत्साहजनक बताया और उम्मीद जताई कि केंद्र का सहयोग आगे भी मिलता रहेगा.

## कैबिनेट के प्रमुख फैसले



- विद्यालयों की मान्यता नियमावली में संशोधन को मंजूरी दी गई, जिससे अब स्कूलों को मान्यता देने की प्रक्रिया और अधिक स्पष्ट और प्रभावी होगी.
- झारखंड आकस्मिक निधि से 20 करोड़ की निकासी को घटनोत्तर स्वीकृति दी गई.
- राज्य सड़क सुरक्षा कोष के प्रारूप को मंजूरी मिली.
- 2004 के बाद नियुक्त 31 अतिरिक्त लिपिकों को निबंधन कार्यालय में अस्थायी लिपिक का दर्जा मिलेगा.
- जनगणना अधिसूचना के पुनः प्रकाशन को स्वीकृति दी गई.
- उच्च न्यायालय के निर्देश पर नवल किशोर और जेम्स डेनियल टोप्पो की सेवा को नियमित किया गया.
- गिरिडीह में पदस्थापित स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. फरहाना, डॉ. भावना, और डॉ. इंद्रनाथ प्रसाद को सेवा से बर्खास्त किया गया.
- झारखंड विशिष्ट अंग प्रत्यारोपण गाइडलाइन को कैबिनेट की मंजूरी मिली.
- मैनुअल स्कैवेंजर्स को महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग में शामिल किया गया.
- मुख्यमंत्री अंतरराष्ट्रीय प्रवासी श्रमिक अनुदान योजना को मंजूरी दी गई, जिससे प्रवासी मजदूरों को राज्य सरकार की ओर से सीधी आर्थिक सहायता मिल सकेगी.
- रामगढ़ के बरियातू पथ निर्माण के लिए 34 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति मिली.
- देवघर में रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण के लिए राशि स्वीकृत.
- झारखंड राज्य ललित कला अकादमी के गठन को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई. इससे राज्य में कला, पेंटिंग, मूर्तिकला और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा.
- झारखंड राज्य साहित्य अकादमी के गठन को मंजूरी दी गई है. यह संस्था राज्य में साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कार्य करेगी.
- झारखंड राज्य संगीत नाटक अकादमी की स्थापना को भी हरी झंडी मिल गई है, जिससे नाट्य, संगीत और लोक कला को संरक्षित व प्रोत्साहित किया जा सकेगा.
- इन अकादमियों के अध्यक्ष का कार्यकाल तीन वर्षों का निर्धारित किया गया है.
- झारखंड पर्यटन विकास एवं निबंधन अधिनियम में संशोधन से जुड़ा विधेयक भी कैबिनेट से पारित हो गया है.
- बांध सुधार एवं पुनर्वास सुविधा योजना के तहत राज्य के 28 बांधों के रख-रखाव और पुनर्वास कार्य के लिए कैबिनेट ने राशि की मंजूरी दी है.
- 16वें वित्त आयोग के झारखंड दौरे पर हुए व्यय को घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई है.
- डॉ. रिंकू कुमारी सिंह को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है.
- झारखंड कोचिंग सेंटर (विनियमन) विधेयक को घटनोत्तर मंजूरी दी गई है. इस विधेयक का उद्देश्य राज्य में कोचिंग संस्थानों को नियामक ढांचे के तहत लाना है ताकि छात्रों को बेहतर और सुरक्षित शिक्षा माहौल मिल सके.
- हाता-चाईबासा लिंक रोड के निर्माण के लिए 75 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है. यह सड़क परियोजना आदिवासी बहुल क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और क्षेत्रीय विकास को गति देगी.
- मुंबई में झारखंड भवन के निर्माण के लिए राज्य सरकार ने 159 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है.
- विभिन्न जिलों से प्राप्त अधियाचना के आलोक में आकस्मिकता निधि से कुल 20 करोड़ रुपये अग्रिम के रूप में स्वीकृत करने के प्रस्ताव को मंजूरी.
- झारखंड कोचिंग सेंटर बिल, 2025 पर मंत्रिपरिषद् की घटनोत्तर स्वीकृति.

**घाटशिला उपचुनाव :** मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की हुई शुरुआत

# 29 सितंबर को होगी अंतिम सूची प्रकाशित



**शुभम संदेश।रांची**

झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन के बाद होने वाले घाटशिला (अजजा) विधानसभा उपचुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं. भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर निर्वाचन विभाग ने मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की शुरुआत कर दी है. निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि 2 सितंबर को प्रारूप मतदाता सूची जारी की गई है. पात्र नागरिक 2 से 17 सितंबर तक दावे और आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं. इनका निपटारा 25 सितंबर तक किया जाएगा, जबकि अंतिम मतदाता सूची 29 सितंबर 2025 को प्रकाशित होगी.

बता दे कि घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में इस बार कुल 2,51,367 मतदाता पंजीकृत हैं. इनमें 1,23,314 पुरुष, 1,28,050 महिलाएं और 3 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं. इसके अतिरिक्त 2,648 दिव्यांग और 636 वरिष्ठ मतदाता भी सूचीबद्ध हैं. बेहतर सुविधा के लिए 12 नए मतदान केंद्र भी बनाए गए हैं. मतदान केंद्रों को 291 से बढ़ाकर 300 किया गया हैं.

वोटर प्रपत्र-6, 6ए, 7 और 8 के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है. यह आवेदन बीएलओ, एईआरओ और ईआरओ के पास निःशुल्क जमा किया जा सकता है. साथ ही मतदाता voters.eci.gov.in पोर्टल या वोटर हेल्पलाइन ऐप के जरिए भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. जानकारी और सहायता के लिए निर्वाचन विभाग ने हेल्पलाइन नंबर 1950 उपलब्ध कराया है.

झारखंड में विस्थापन आयोग अंततः जमीन पर उतरा

# विस्थापितों की समस्याओं का हरसंभव निराकरण बताएगा

**शुभम संदेश।रांची**

झारखंड सरकार ने 8 जुलाई 2024 को ही कैबिनेट की बैठक में झारखंड विस्थापन एवं पुनर्वास आयोग के गठन का निर्णय लिया था. अन्यान्य में लिए गए इस निर्णय के बाद बात आगे नहीं बढ़ी थी. लेकिन मंगलवार को राज्य सरकार ने आज वास्तविक रूप में झारखंड राज्य विस्थापन एवं पुनर्वास आयोग(गठन, कार्य, दायित्व) नियमावली 2025 को मंजूरी दे दी. आयोग के गठन का उद्देश्य बताते हुए राज्य सरकार ने कहा कि झारखंड में विभिन्न परियोजनार्थ भूमि का अधिग्रहण होते रहा है. इसके कारण होनेवाले विस्थापन से उत्पन्न स्थिति का समाधान जरूरी है. हालांकि पहले से भूमि अर्जन पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के तहत कई तरह की अनुश्रवण समितियां गठित है. लेकिन झारखंड में भू-अर्जन से होने वाले विस्थापन का सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण का कोई प्रावधान नहीं है. इसलिए वर्षों से विस्थापन



आयोग के गठन की मांग की जाती रही है. इसको ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में आयोग के गठन का फैसला किया. साथ ही इसके कार्य एवं दायित्व संबंधी नियमावली को भी मंजूरी दी. मालूम हो कि राज्य में एनएचएआई, एनटीपीसी, गेल, सीसीएल, बीसीसीएल, ईसीएल की योजनाओं के कारण लाखों लोग विस्थापित हुए. इसके अलावा विभिन्न डैमों एवं सिंचाई परियोजनाओं के कारण भी भारी संख्या में लोग विस्थापित हुए हैं.

**कार्य एवं दायित्व :** आयोग भू-अर्जन से विस्थापित व्यक्ति, परिवार एवं कुटुंब का सामाजिक, आर्थिक अध्ययन एवं सर्वेक्षण करेगा. सामाजिक रूप से पिछड़े व्यक्ति, परिवार या समुदाय की पहचान करेगा. उस क्षेत्र की पहचान करेगा एवं उनके पुनर्वास का सुझाव देगा. अनुसंधान एवं योजना बनाने के लिए सरकारी संस्थाओं को आंकड़े उपलब्ध कराएगा. पुनर्वास योजनाओं के किर्यान्वयन एवं उन्मुखीकरण की समीक्षा करेगा.

### कौन होगा आयोग का अध्यक्ष और सदस्य

सामुदायिक विकास कार्यक्रमों एवं विस्थापन तथा पुनर्वास के क्षेत्र में 10 वर्षों का कार्य अनुभव रखनेवाले व्यक्ति को राज्य सरकार आयोग का अध्यक्ष बनाएगी. आयोग में प्रशासनिक सेवा का रिटायर अधिकारी जो संयुक्त सचिव स्तर से कम का न हो सदस्य होंगे. इसी तरह जिला जज स्तर के विधि विशेषज्ञ इसके दूसरे सदस्य होंगे. इसके अलावा जरूरी समझने पर आयोग में एसटी, एससी एवं ओबीसी समुदाय से तीन सदस्य नामित किए जाएंगे. साथ ही संबंधित क्षेत्र के डीसी, जिला परिषद के अध्यक्ष, संबंधित प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष एवं पारंपरिक ग्राम प्रधान, मानकी मुंडा इसके सदस्य होंगे. सरकार की ओर से अनुदान के रूप में आयोग को समय समय पर राशि उपलब्ध करायी जाएगी.

बीएड कॉलेजों में नियमितताओं पर सुनवाई पूरी

# एनसीटीई को जांच का निर्देश

**शुभम संदेश।रांची**

झारखंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों से संबद्ध बीएड कॉलेजों में एनसीटीई (राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद) के नियमों की अनदेखी और शिक्षक नियुक्ति में अनियमितताओं को लेकर दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने इस याचिका को निष्पादित कर दिया. यह जनहित याचिका प्रार्थी अनंत राज जेजावारे द्वारा दायर की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि रांची विश्वविद्यालय, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, सिदो कान्हू विश्वविद्यालय, विनोद बिहारी विश्वविद्यालय और कोल्हन विश्वविद्यालय समेत राज्य के बीएड कॉलेजों में एनसीटीई एक्ट की धारा 14 के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है. छात्रों के अनुपात में शिक्षक नहीं हैं और कॉलेजों का संचालन अव्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है. प्रार्थी के अधिवक्ता उत्पल कांत ने अदालत से अनुरोध किया कि राज्य सरकार और विश्वविद्यालयों को नियमों के अनुरूप शिक्षक नियुक्ति और अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाए. सुनवाई के दौरान एनसीटीई की ओर से अदालत को आश्वासन दिया गया कि यदि बीएड कॉलेजों की सूची और शिकायतों का ब्योरा उपलब्ध कराया जाए, तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी. इसके बाद अदालत ने याचिका को निष्पादित करते हुए प्रार्थी को एनसीटीई के ईस्टर्न रीजनल कमेटी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराने की छूट दी.

### 11वीं जेपीएससी के उम्मीदवारों की याचिका पर सुनवाई कोर्ट के आदेश पर नियुक्ति प्रक्रिया हो सकती है प्रभावित

**रांची।** 11वीं झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) परीक्षा में असफल रहे राजेश प्रसाद सहित कुल 54 अभ्यर्थियों की याचिका पर मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने इस मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद जेपीएससी की नियुक्ति प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है. सुनवाई के दौरान कोर्ट ने जेपीएससी के अधिवक्ता को निर्देश दिया कि अगर अगली सुनवाई तक काउंटर एफिडेविट दायर नहीं किया गया, तो आयोग को और अवसर नहीं दिया जाएगा.

**आमने-सामने**

### सरकार सिर्फ कमीशनखोरी के लिए टाल रही नगर निकाय चुनावः प्रतुल



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने हेमंत सोरेन सरकार पर नगर निकाय चुनाव को लेकर तीखा हमला बोला है. उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा लोकतंत्र को मजबूत करने की नहीं, बल्कि अफसरशाही और कमीशनखोरी को बढ़ावा देने की है. प्रतुल ने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझ कर ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया पूरी नहीं कर रही, ताकि चुनाव को बार-बार टाला जा सके और जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों की जगह नौकरशाही शासन करती रहे. शाहदेव ने झारखंड उच्च न्यायालय के आदेशों का हवाला देते हुए बताया कि 4 जनवरी 2024 को अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि तीन सप्ताह के भीतर चुनाव कराए जाएं. सरकार की अपील खारिज होने के बाद भी 16 जनवरी 2025 को कोर्ट ने फिर आदेश दिया कि जिन नगर निकायों का कार्यकाल अप्रैल 2023 में समाप्त हो चुका है, वहां मई 2025 तक चुनाव करा लिए जाएं. इसके बावजूद सरकार ने चुनाव नहीं कराए.कहा कि अदालत ने कई बार राज्य सरकार की लापरवाही पर नाराज़गी जताई है और आज की सुनवाई में भी कोर्ट ने सरकार के टालमटोल रवैये को गंभीर अपराध बताया. उन्होंने कहा कि भाजपा मांग करती है कि सरकार अविलंब चुनाव की तिथि घोषित करे और पिछड़ों को उनका संवैधानिक आरक्षण सुनिश्चित करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया बहाल करे.

### हेमंत सरकार कर रही न्यायपूर्ण चुनाव की तैयारी, भाजपा को सत्ता की जल्दी : विनोद



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव व प्रवक्ता विनोद पांडेय ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा को लोकतंत्र की नहीं, बल्कि सत्ता हथियाने की जल्दी है. उन्होंने कहा कि झारखंड में नगर निकाय चुनाव को लेकर भाजपा द्वारा मचाया जा रहा शोर-शराबा उनकी हताशा और निराशा को दर्शाता है. हेमंत सोरेन की सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और वह समाज के हर वर्ग, पिछड़े, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक, गरीब, किसान, मजदूर और महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार दिलाने की दिशा में गंभीर प्रयास कर रही है. सरकार "ट्रिपल टेस्ट" प्रक्रिया के तहत आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है, जबकि भाजपा चाहती है कि बिना तैयारी के चुनाव कराए जाएं, ताकि सामाजिक न्याय को दरकिनार किया जा सके.

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा को शुरू से ही आरक्षण और पिछड़ों की भागीदारी से आपत्ति रही है. यही कारण है कि जब राज्य सरकार सामाजिक न्याय की दिशा में आगे बढ़ रही है, तो भाजपा बौखला गई है. पांडेय ने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक संस्थाओं को अफसरशाही और पूंजीपतियों की जेब में रखना चाहती है, जबकि झामुमो सरकार सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने यह भी कहा कि उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए सरकार चुनाव की दिशा में ठोस कदम उठा रही है. भाजपा को लोकतंत्र की दुहाई देने से पहले अपने कार्यकाल को देखना चाहिए, जब उसने जानबूझकर निकाय चुनाव टालकर पिछड़ों को उनके अधिकार से वंचित किया था. झामुमो सरकार हर हाल में न्यायपूर्ण, आरक्षण आधारित और संवैधानिक प्रक्रिया के तहत नगर निकाय चुनाव कराएगी.

झारखंड आंदोलनकारी संपर्क समिति का सम्मेलन

# स्थानीय नीति, भाषा-संस्कृति व अधिकारों पर जोर

**शुभम संदेश।रांची**

प्रेस क्लब मोरहाबादी, रांची में झारखंड आंदोलनकारी संपर्क समिति के बैनर तले मंगलवार को आंदोलनकारी साथियों का जुटान हुआ. इस मौके पर झारखंड राज्य गठन के मूल उद्देश्य को पूरा करने और स्थानीय नीति व अधिकारों की रक्षा के लिए पुनः एकजुट होकर आंदोलन तेज करने का आह्वान किया गया.

**भूमि अधिग्रहण पर रोक की मांग:** महतो ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसी भी राजस्व मौजा में निजी संपत्ति, जमीन, बन भूमि या खनिज संसाधन, जिन पर आदिवासी और मूलवासी वर्षों से आश्रित हैं, का अधिग्रहण नहीं कर सकती. पेसा कानून के अनुसार पांचवी अनुसूची क्षेत्र के सभी निवासियों को समान अधिकार प्राप्त हैं और इसमें किसी जाति या धर्म के आधार पर भेदभाव की गुंजाइश नहीं है.

**शिक्षा में स्थानीय भाषाओं को शामिल करने की मांग:** वक्ताओं ने यह भी कहा कि प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक छह जनजातीय भाषाओं (कुड़ुख, कुरमाली, हो, मुंडारी, संथाली, खड़िया) और तीन क्षेत्रीय भाषाओं (पंचपरगनियां, नागपुरी, खोरठा) को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए. साथ ही, नियोजन नीति में भी इन भाषाओं के आधार पर स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने की मांग की गई, ताकि रोजगार के अवसर मिलें और भाषा-संस्कृति की रक्षा हो सके.

**आजसू के पुनर्गठन की घोषणा:** सम्मेलन में एक स्वर से यह निर्णय लिया गया कि गैर राजनीतिक स्वतंत्र छात्र संगठन ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) का पुनर्गठन किया जाएगा. इसके जरिए छात्र और युवा पीढ़ी को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी ताकि झारखंड राज्य गठन के उद्देश्य की पूर्ति के लिए संघर्ष जारी रखा जा सके.

**प्रमुख आंदोलनकारी रहे शामिल:** इस मौके पर ललित कुमार महतो के साथ हीरा नाथ साहू, रामजी भगत, ऐनुल अंसारी, रंजीत उरांव, सागर महतो, छब्बू लाल महतो समेत दर्जनों आंदोलनकारी साथी मौजूद थे.



### भाषा- संस्कृति झारखंडियों की पहचानः ललित

सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) बृहत झारखंड के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष सह झारखंड आंदोलनकारी संपर्क समिति के मुख्य संयोजक ललित कुमार महतो ने कहाः भाषा, संस्कृति और खतियान झारखंडियों की पहचान है. इनके आधार पर ही स्थानीय एवं नियोजन नीति लागू करनी होगी. उन्होंने आगे कहा कि पेशा कानून और बन अधिनियम 2006 का पूर्ण रूप से पालन होने पर ही ग्राम सभा का अधिपत्य स्थापित होगा और झारखंडवासियों का वास्तविक कल्याण संभव होगा.

दिशा की बैठक में शामिल हुईं मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की

# विकास योजनाओं की समीक्षा की

**शुभम संदेश।रांची**

झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की मंगलवार को रांची जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक में शामिल हुईं और रांची जिले की विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति, उनकी समीक्षा और उन्हें गति देने पर चर्चा की. बैठक में कृषि मंत्री ने विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना का मुद्दा उठाते हुए कहा कि स्वीकृत लक्ष्य और अब तक पूर्ण योजनाओं की समीक्षा आवश्यक है. उन्होंने प्रखंड स्तर पर टास्क फोर्स गठित करने का सुझाव दिया, जिससे कि योजना के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति



सामने आ सके. साथ ही उन्होंने पीएम आवास की राशि 1.20 लाख (एक लाख बीस हजार) रुपये से बढ़ाने की मांग की और कहा कि इसके लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसदों को केंद्र सरकार से विशेष पहल करनी चाहिए. कृषि मंत्री ने बैठक के दौरान कहा कि वर्तमान में ग्रामीण इलाकों के लोग पीएम आवास की तुलना में अबुआ आवास योजना को प्राथमिकता दे रहे हैं. उन्होंने अतिवृष्टि से प्रभावित मकानों के सर्वे पर भी सवाल उठाए और कहा कि पूर्ण क्षति वाले मकानों को आंशिक बताना प्रभावित परिवारों का दर्द बढ़ाता है. उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर फोटोयुक्त रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया गया.

मनरेगा पर चर्चा करते हुए मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की उपेक्षा के कारण सामग्री मद का भुगतान लंबित है, जिससे योजना अपने लक्ष्य पर खरा नहीं उतर पा रही है. उन्होंने जोर देकर कहा कि दिशा की बैठक राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का मंच न बने, बल्कि जन-उपयोगी साबित हो. बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, सांसद कालीचरण मुंडा, समेत कई विधायक और सांसद मौजूद थे.

त्योहारों को ले अलर्ट मोड पर प्रशासन, सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा

# डीजीपी का सख्त निर्देश : संवेदनशील जिलों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए

**शुभम संदेश।रांची**

झारखंड में करमा पूजा, ईद मिलादुन्नबी और गणेश चतुर्थी जैसे त्योहारों को लेकर राज्य पुलिस मुख्यालय में मंगलवार को सुरक्षा समीक्षा बैठक की गई. बैठक की अध्यक्षता पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने की. बैठक का मकसद त्योहारों के दौरान राज्यभर में शांति, सौहार्द और विधि-व्यवस्था बनाए रखना था.

पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने कहा कि त्योहारों के दौरान प्रदेशभर में शांति व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है. उन्होंने सभी जिलों को निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में पूर्व में सांप्रदायिक तनाव की घटनाएं हुई हैं, वहां अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए. उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर त्वरित कार्रवाई हो और जरूरत पड़ने पर सादे लिबास में बल की तैनाती की जाए. सभी जिला नियंत्रण कक्षों को और अधिक सक्रिय और प्रभावी बनाने, साथ ही महिला सुरक्षा पर विशेष निगरानी रखने के भी निर्देश दिए गए.



### डीजीपी के निर्देश

- सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर त्वरित कार्रवाई हो
- जरूरत पड़ने पर सादे लिबास में बल की तैनाती की जाए
- सभी जिला नियंत्रण कक्षों को और अधिक सक्रिय बनाया जाए
- महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विशेष निगरानी रखी जाए

**AFFIDAVIT**

Through an Affidavit No.: 10 Dated 01.09.25 from Jamshedpur court, I, **Pradeep Kumar Singh**, S/o Shri **Murari Singh**, resident of Radhikanagar, Kharangajhar, Telco, Jamshedpur- 831004, District East Singhbhum, Jharkhand, Adhar card no. **576031597596** do hereby declare that my wife's name has been wrongly recorded as **Anita Devi** in my children's school records. Her correct name is **Anita Singh**.
Henceforth, in all school records/documents of my children (**Khushi Singh**, **Muskan Singh** and **Prateek Singh**), my wife's name shall be considered as **Anita Singh** only.



ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने लिया टी20 से संन्यास


# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, बुधवार 03 सितंबर 2025, भाद्रपद शुक्ल पक्ष 11, संवत 2082




पेज 07

# फेसबुक पर डाली गई पोस्ट ने दी गवाह के खिलाफ गवाही

## चश्मदीद ने वारदात के बाद फेसबुक पर की थी पोस्ट, बचाव पक्ष ने उसका किया इस्तेमाल



**रिजवान शम्स**

धनबाद। नीरज सिंह हत्याकांड में अभियोजन की तरफ से चार चश्मदीद गवाहों को कोर्ट में पेश किया गया था. इनमें आदित्य राज के खिलाफ बचाव पक्ष ने मोबाइल टावर लोकेशन और अस्पताल की रिपोर्ट के आधार पर उसकी गवाही को संदिग्ध बना दिया. जिसका सीधा असर अदालत के फैसले पर पड़ा है. न सिर्फ आदत्यि राज बल्कि एक और चश्मदीद गवाह राकेश सिंह उर्फ सोनू की गवाही पर भी बचाव पक्ष ने काफी तेज तर्रारी के साथ वार किया. इस बार बचाव पक्ष ने वारदात के दूसरे दिन राकेश सिंह उर्फ सोनू द्वारा फेसबुक में डाले गए पोस्ट को ही उसके खिलाफ इस्तेमाल कर दिया. उक्त पोस्ट को भी कोर्ट में पेश किया गया था. जिसका असर ये हुआ कि कोर्ट ने राकेश की गवाही पर भरोसा नहीं किया. शुभम संदेश के पाठकों के लिए ये खास सीधे जजमेंट की कापी से रिपोर्ट पेश है. राकेश कुमार सिंह उर्फ सोनू के रूप में जाना जाता है और वह इस घटना के बारे में अपने फेसबुक पोस्ट पर बहुत सक्रिय था. जब 22.03.2017 को रात 10:39 बजे की यह फेसबुक पोस्ट उनके सामने रखी गई, तो उन्होंने स्वीकार किया कि, यह उनके द्वारा पोस्ट किया गया था. जिसे एक्सटेंशन गवाह के रूप में चिह्नित किया गया है. इस पोस्ट के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि, उन्होंने अपने पोस्ट में कहा है कि, धनबाद के लिए सबसे बुरी खबर... आज हमारे अभिभावक और महान व्यक्तित्व नीरज भैया हमें छोड़कर अपनी अंतिम यात्रा पर चले गए हैं. धनबाद के सभी की आंखों में आंसू भरे पड़े हैं. अब हम सब जानना चाहते हैं कि भैया की हत्या से उठे सवालों के जवाब हमें कब मिलेंगे? पुलिस बल क्या कर रहा है? यह हत्या किसके आदेश पर की गई? हत्या के समय स्टील गेट की लाइट क्यों गुल हो गई? उस समय स्टील गेट पर आमतौर पर सुरक्षा बल और कर्मी कहां तैनात होते थे? चार दिन पहले रातोंरात इतना बड़ा ब्रेकर क्यों बनाया गया? क्या यह इस हत्या को सुविधाजनक बनाने के लिए बनाया गया था? इसमें किस विधायक का हाथ था? हम जवाब मांगते हैं और सरकार को उन्हें देना चाहिए. उपरोक्त पोस्ट की जांच से यह भी स्पष्ट है कि यह गवाह स्वर्गीय नीरज सिंह का अनुयायी होने के नाते बहुत दुखी था और अपने पोस्ट में उसने यह नहीं बताया है कि वह घटना का चश्मदीद गवाह था. बचाव पक्ष की दलील में बल है कि इस गवाह द्वारा 22.03.2017 को रात 10:39 बजे पोस्ट किया गया, बयान उसका बयान है और इसे उसका बयान माना जा सकता है. चूंकि इस गवाह ने उस समय घटना स्थल के पास तैनात पुलिस अधिकारियों और जवानों की भूमिका के बारे में सवाल उठाए हैं, जिन्होंने इस घटना पर ध्यान नहीं दिया, इसलिए पुलिस को जांच करनी चाहिए कि इस घटना के पीछे कौन शामिल थे. बयान के इस हिस्से से पता चलता है कि इस गवाह को 22.03.2017 की रात 10:39 बजे तक किसी भी हमलावर के बारे में पता नहीं था, और अगर वह घटना का चश्मदीद गवाह था, तो उसने एफआईआर के तथ्यों का समर्थन करते हुए कुछ अन्य सामग्री पोस्ट की होगी और गवाह आदित्य राज के बयान से सहमति जताई होती.


**चश्मदीद गवाह राकेश की गवाही को उसके फेसबुक पोस्ट ने ही बना दिया संदिग्ध**

### मामा की जय हो, बॉस वापस आ गए

कोर्ट में बचाव पक्ष की तरफ से राकेश उर्फ सोनू की कई तस्वीरों को भी पेश किया गया. जिसमें वे रघुकुल में हैं और उनके परिवार के साथ हैं. इसके साथ ही मामा उर्फ नंदकिशोर सिंह के बारे में भी उसने लिखा था कि मामा की जय हो, बॉस वापस आ गए. इन बातों को अदालत के समक्ष रखकर ये साबित कर दिया गया कि गवाह का रघुकुल के साथ पुराने ताल्लुकात हैं. ये साबित करना बचाव पक्ष के फेवर में चला गया. इस मुकदमे में अधिकांश गवाहों की गवाही आईओ ने रघुकुल में दर्ज की थी. ये बात भी अभियोजन के विरुद्ध गई.

## ब्रीफ खबरें

### गर्ल्स हॉस्टल के खाने में निकले कीड़े छात्राओं का हंगामा



**धनबाद।** धनबाद के सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित एक गर्ल्स हॉस्टल में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया जब हॉस्टल में रहने वाली छात्राओं ने खाने में कीड़े पाए. कीड़ों से भरे खाने को देखकर छात्राएं आक्रोशित हो गईं और उन्होंने हॉस्टल परिसर में जमकर हंगामा किया. छात्राओं का कहना था कि उन्हें जो भोजन परोसा गया, उसमें दाल में साफ-साफ कीड़े रेंगते हुए नजर आए. खाने की स्थिति देख छात्राएं बेहद नाराज हो गईं और उन्होंने हॉस्टल प्रबंधन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी. कुछ छात्राओं ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी साझा किया, प्रबंधन के खिलाफ लापरवाही और घटिया भोजन व्यवस्था को लेकर छात्राओं ने कड़ी कार्रवाई की मांग की है. बताया जाता है कि यह गर्ल्स हॉस्टल पूर्व में भी कई बार विवादों में घिर चुका है. इससे पहले भी खराब व्यवस्था, गंदगी, और सुरक्षा की कमी को लेकर छात्राएं आवाज उठा चुकी हैं. स्थानीय पुलिस और संबंधित विभाग द्वारा पूर्व में भी जांच और कार्रवाई की जा चुकी है, लेकिन हालात अब भी जस के तस हैं. मामले की शिकायत चाइल्ड वेलफेयर कमिटी से की है.

### सुशांतो हत्याकांड : केस रिओपन करने की अर्जी

**धनबाद।** फारवर्ड ब्लॉक के नेता सुशांतो सेन गुप्ता उनके भाई संजय सेन गुप्ता व कार्यकर्ता दुर्योधन पाल की हत्या के चर्चित मामले की सुनवाई सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत में हुई.इस दौरान सीबीआई ने आवेदन दायर कर केस रिओपन करने की प्रार्थना की. सीबीआई ने अर्जी से कहा कि उसे मामले के अनुसंधानकर्ता प्रशांत कुमार श्रीवास्तव की गवाही करानी है, इसलिए रिओपन किया जाए. जिसका बचाव पक्ष ने विरोध किया. अदालत ने बचाव पक्ष को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. गौरतलब है कि सीबीआई इस मामले में 33 गवाहों का परीक्षण करा चुकी है. बात दें कि 5 अक्टूबर 2002 को सुशांतो अपने भाई संजय व कार्यकर्ता दुर्योधन के साथ कार से निरसा जा रहे थे. गोपालगंज के पास कार पर हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग की थी. मौके पर ही तीनों की मौत हो गई थी.

### टीटीई के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस हुआ अनिवार्य

**धनबाद।** भारतीय रेलवे ने टिकट जाँच कर्मचारियों (टीटीई) के लिए बायोमेट्रिक साइन-ऑन/ऑफ प्रणाली शुरू की है, जो रेल संचालन को आधुनिक बनाने और जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. 29 अगस्त 2025 को पूर्व मध्य रेलवे के पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर पहली डिजिटल टीटीई लॉबी शुरू हुई. यह प्रणाली कई जोनों और मंडलों में लागू की गई है. बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण से सटीक उपस्थिति, रीयल-टाइम ट्रैकिंग, बेहतर निगरानी और ड्यूटी रोस्टर के साथ एकीकरण संभव हुआ है. यह प्रणाली कार्यकुशलता, पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाएगी, जिससे यात्रियों का अनुभव बेहतर होगा.

### सरगना सोनू सिन्हा चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार

**झरिया।** तिसरा थाना क्षेत्र में सक्रिय मोटरसाइकिल चोर गिरोह के सरगना और तिसरा थाना कांड संख्या 51/2025 के फरार मुख्य अभियुक्त सोनू सिन्हा को सोमवार को तिसरा पुलिस ने धनबाद से चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया. इसकी जानकारी मंगलवार को सिंदरी एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम ने पत्रकारों को दी. एसडीपीओ ने बताया कि सोनू सिन्हा तिसरा थाना क्षेत्र का निवासी है और सजायाफ्ता अपराधी है. वह झरिया, पुटकी, लोयाबाद और सिंदरी थाना क्षेत्रों में कई बाइक चोरी के मामलों में वांछित था. गिरोह के अन्य अधिकांश सदस्य पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं, लेकिन सोनू गिरफ्तारी से बचता फिर रहा था.

### पाथरडीह वाशरी परिसर में शव रखकर प्रदर्शन

**झरिया।** पाथरडीह स्थित कोल वाशरी (मोनेट कंपनी) परिसर में स्व. शिव शंकर उर्फ जादू महतो के परिजनों और ग्रामीणों द्वारा शव रखकर किए जा रहे विरोध प्रदर्शन किया गया. जानकारी मिलने पर झरिया विधायक रागिनी सिंह वहां पहुंची. उन्होंने कंपनी के एचआर, बीसीसीएल के वरीय अधिकारी, अंचल अधिकारी तथा प्रशासनिक पदाधिकारियों से वार्ता की और स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि दोषियों के विरुद्ध शीघ्र कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, और परिजनों को उनका हक दिया जाए. साथ ही उन्हें उचित मुआवजा अविलंब प्रदान की जाए. विधायक ने कहा कि स्व. जादू महतो का संघर्ष अत्यंत पीड़ादायक रहा. अपनी भूमि देने के बाद भी उन्हें न तो नियोजन मिला, न ही मुआवजा.

## दुमका में डबल मर्डर : दिव्यांग प्रेमी का वहशीपन

# चाकू से गोदकर वृद्ध दंपति की हत्या, दो बेटियां जख्मी

- फेसबुक पर डेढ़ वर्ष पूर्व लोकेश मुर्मू से दोस्ती के बाद हुआ था प्यार
- एक हाथ से दिव्यांग होने के कारण पिता ने मेल-जोल पर लगाई थी रोक
- गुस्से में आकर लोकेश ने घर में घुस कर घटना को दिया अंजाम

**शुभम संदेश। दुमका**

दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के सुंदराफलान गांव में सोमवार की रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई. यहां एक वृद्ध दंपति साहेब हेंब्रम (66) और उनकी पत्नी मंगली किस्कू (62) की चाकू एवं धारदार हथियार से हत्या कर दी गई. इस हमले में उनकी दो बेटियां हीरामुनी हेंब्रम और बेनी हेंब्रम गंभीर रूप से घायल हो गईं. दुमका अस्पताल में इलाजरत हीरामुनी हेंब्रम ने बताया कि लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व उसकी पाकुड़ निवासी लोकेश मुर्मू से फेसबुक पर दोस्ती हुई थी, जो धीरे-धीरे प्रेम संबंध में बदल गई. हाल ही में जब यह पता चला कि लोकेश एक हाथ से दिव्यांग है, तो उसके पिता ने उससे मिलने-जुलने पर रोक लगा दी. इसके बाद हीरामुनी ने उससे दूरी बना ली. इसी रंजिश के चलते बीती रात लोकेश घर में घुस आया और चाकू से पहले उसके पिता व मां की हत्या कर दी. इसके बाद हीरामुनी और उसकी बहन बेनी पर भी हमला किया. दोनों ने किसी तरह घर से बाहर निकलकर पास की भाभी के घर में जाकर जान बचाई. घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया. घायल हीरामुनी ने यह भी बताया कि वह दुमका विश्वविद्यालय से हिंदी में पीजी कर रही है, जबकि उसकी बहन बेनी 12वीं की छात्रा है. वर्ष 2023 में हीरामुनी की शादी हुई थी, लेकिन उसके पति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी. इसके बाद वह अपने मायके में ही रह रही थी और इसी बीच जून 2024 में लोकेश से उसकी फेसबुक पर दोस्ती हुई थी. घटना की सूचना पर शिकारीपाड़ा थाना प्रभारी अमित लकड़ा मौके पर पहुंचे और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी. साथ ही अंचलाधिकारी कपिल देव ठाकुर ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया. इस पूरे मामले पर दुमका एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने फोन पर जानकारी दी कि वृद्ध दंपति की हत्या हुई है और इसमें बड़ी बेटी के प्रेमी का नाम सामने आया है. आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं.



# धनबाद में 500 से ज्यादा तालाबों का होगा निर्माण : उपायुक्त रंजन

## 5 से 10 लाख पौधरोपण का लक्ष्य, धनबाद को है सुंदर बनाना

- अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम





**शुभम संदेश। धनबाद**

जल संरक्षण के लिए इस वर्ष धनबाद में 2 से 3 एकड़ के 500 से अधिक तालाबों का निर्माण किया जाएगा. इसका निर्माण सड़क किनारे किया जाएगा. जिससे जिले की सुंदरता बढ़ेगी. जल मिनार के आसपास भी तालाब का निर्माण किया जाएगा. जिससे अगले वर्ष गर्मी में धनबाद वासियों को पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा. उपरोक्त बातें उपायुक्त आदित्य रंजन ने मंगलवार को धनबाद नगर निगम द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस पर न्यू टाउन हॉल में आयोजित पर्यावरण उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि कही. उन्होंने कहा कि जल व पर्यावरण संरक्षण पर जिला पशासन का ध्यान केंद्रित है. पर्यावरण संरक्षण के लिए 5 से 10 लाख पौधरोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. विस्तारीकरण के दौर में पर्यावरण एवं जल संरक्षण अति महत्वपूर्ण है. अभी से सचेत होकर इस दिशा में कदम उठाएंगे तो आने वाले वर्षों में इस समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा. उपायुक्त ने कहा कि इसमें प्रशासन के साथ-साथ आम जनों का भी सहयोग अपेक्षित है. इसमें प्लास्टिक का कम उपयोग, इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट मैनेजमेंट, भूगर्भ जल व तालाबों का संरक्षण, पौधरोपण जैसे छोटे-छोटे कदम उठाकर स्वच्छ, सुंदर एवं हरा भरा धनबाद का निर्माण कर सकते हैं. इस अवसर पर वन प्रमंडल पदाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एक चुनौती भी है और अवसर भी. इसके लिए सभी लोगों का जागरूक होना आवश्यक है. जन आंदोलन से इसे प्राप्त किया जा सकता है. **शेष खबर पेज 11 पर**

### स्वच्छ वायु सबका अधिकार : रविराज

नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने कहा कि स्वच्छ वायु सब का अधिकार है. पर्यावरण संरक्षण में जिले के हर नागरिक, औद्योगिक घरानों, संस्थाओं को सहयोग करना चाहिए. अपशिष्ट से ऊर्जा की धारणा अपनानी चाहिए. उन्होंने कहा कि नगर निगम के प्रयास से विगत 5 वर्षों में पीएम 10 में 54% की कमी दर्ज हुई है. पीएम2 में 20 माइक्रोग्राम की गिरावट आई है. सुधार में धनबाद देश के 50 शहरों में शामिल है. खनन के बावजूद सबके प्रयास से यहां के लोगों को स्वच्छ वायु मिल रही है. समारोह में आईआईटी आईएसएम के निदेशक, बीबीएमकेयू के वाइस चांसलर ने अपने अपने विचार व्यक्त किए. समारोह के दौरान साथी फाउंडेशन ने स्वच्छता पर जागरुकता नृत्य प्रस्तुत किया.

# झरिया में ब्लैक मंगलवार

## बिजली संकट से व्यवसाय ठप, अस्पतालों में मरीज परेशान

**शुभम संदेश। झरिया**



मंगलवार का दिन झरिया के लिए ब्लैक मंगलवार साबित हुआ. सोमवार देर रात आई तेज आंधी और बारिश के कारण बिजली व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई. मंगलवार को पूरे दिन झरिया शहर, भगतडीह, जामाडोबा, भालगड़ा समेत कई क्षेत्रों में ब्लैकआउट रहा. सुबह करीब 4 बजे से बिजली गुल होने के कारण रात 10:30 बजे तक (खबर लिखे जाने तक) बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी. इससे बाजार, मोहल्लों और घरों में अंधेरा छाया रहा. बिजली की अनुपस्थिति में इनवर्टर और जनरेटर भी जवाब दे गए, जिससे उमस भरी गर्मी में बच्चे, बुजुर्ग और आम लोग परेशान रहे. बिजली संकट के कारण झरिया की ज्यादातर दुकानें समय से पहले बंद हो गईं, जिससे बाजार और आसपास के क्षेत्रों में व्यवसाय पूरी तरह ठप हो गया. अस्पतालों और नर्सिंग होम में मरीजों को परेशानी झरिया और आसपास के क्षेत्रों में करीब आधा दर्जन अस्पताल और नर्सिंग होम संचालित हैं. बिजली की कमी के कारण इन स्वास्थ्य केंद्रों में कई समस्याओं का सामना करना पड़ा, जिससे मरीजों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा.

### केंदुआडीह बस्ती शिव मंदिर में करम महोत्सव

**पुटकी (शुभम संदेश)।** केंदुआडीह बस्ती शिव मंदिर प्रांगण में करम परब महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया.सांस्कृतिक व पारम्परिक महोत्सव का आयोजन करम अखाड़ा समिति द्वारा किया गया था. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी कुम्भनाथ सिंह व विशिष्ट अतिथि झरिया की विधायक रागिनी सिंह की पुत्री सताक्षी सिंह थी. करम महोत्सव के दौरान बालिकाओं ने मनमोहक पसरम्परिक झूमर प्रस्तुत किया. झूमर नृत्यांगना पारंपरिक पोशाक में नृत्य गीत की प्रस्तुति ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया. आयोजन में प्रेम महतो,विवेक महतो, मुकेश महतो, पप्पू महतो, मनोज सिंह, सागर महतो, राहुल महतो, गुड्डू महतो की सराहनीय भूमिका रही.

# मरीज की मौत पर अस्पताल में हंगामा

**शुभम संदेश। धनबाद**



भूली थाना क्षेत्र के सीएमसी अस्पताल में इलाज के दौरान एक युवक की मौत के बाद मंगलवार को परिजनों ने हंगामा किया और अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए. मृतक की पहचान बरोरा थाना क्षेत्र निवासी भारत पंडित के रूप में हुई, जिनकी ससुराल भूली बस्ती में है. जानकारी के अनुसार, पिछले मंगलवार को सड़क हादसे में घायल होने के बाद भारत पंडित को सीएमसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था. परिजनों का दावा है कि उनकी मौत रविवार को हो गई थी, लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने इसकी जानकारी छिपाई. आरोप है कि अस्पताल ने बिल वसूली के लिए मरीज को जीवित बताकर परिजनों को गुमराह किया. सोमवार को मौत की पुष्टि होने पर परिजनों ने शव अस्पताल परिसर में रखकर हंगामा किया. वे अस्पताल प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई और मुआवजे की मांग कर रहे हैं. भूली बस्ती बीजेपी मंडल अध्यक्ष सूरज कुमार पासवान ने भी अस्पताल पर लापरवाही और धोखाधड़ी का आरोप लगाया. उनका कहना है कि मृतक की मौत रविवार को हो चुकी थी, लेकिन अस्पताल ने बिल वसूलने के लिए परिजनों से पैसे की मांग की. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित परिजनों को समझाने का प्रयास किया. अभी तक अस्पताल प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है.

# चिरकुंडा के दास पाड़ा से 4 साइबर अपराधी गिरफ्तार

**शुभम संदेश। चिरकुंडा**



धनबाद के एसएसपी को गुप्त सूचना मिली कि चिरकुंडा में कुछ युवक साइबर अपराध की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं. इस आधार पर डीएसपी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई. टीम ने चिरकुंडा के नीचे बाजार स्थित दास पाड़ा में छापेमारी कर चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार अपराधियों में चार युवक शामिल हैं. पुलिस ने मौके से 8 मोबाइल फोन, 1 टैबलेट और 8 सिम कार्ड बरामद किए. पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे बैंक अधिकारी बनकर खाताधारकों को फोन करते थे और केवाईसी अपडेट न होने का डर दिखाकर ओटीपी प्राप्त करते थे. इसके अलावा कॉल फॉरवर्डिंग और फर्जी लिंक भेजकर ठगी करते थे. जब्त उपकरणों की जांच से पता चला कि उनके खिलाफ ऑनलाइन पोर्टल पर छह शिकायतें दर्ज हैं. पुलिस के अनुसार, इन अपराधियों ने अब तक लगभग डेढ़ लाख रुपये की ठगी की है. गिरफ्तार चार अपराधियों में तीन चिरकुंडा और एक पश्चिम बंगाल का निवासी है. धनबाद पुलिस साइबर अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है और छापेमारी में कई अपराधी पकड़े जा रहे हैं. इसके बावजूद साइबर अपराध का यह धंधा थमने का नाम नहीं ले रहा है.

# उफ्फ... सुबह हो या शाम, दिनभर लगा रहा जाम

- गया पुल के नीचे पेवर्स ब्लॉक बिछाने का काम रह गया अधूरा



**शुभम संदेश। धनबाद**

धनबाद के गया पुल के नीचे पेवर्स ब्लॉक बिछाने का कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने से राहगीरों को सुबह से लेकर रात तक जाम का सामना करना पड़ा. पूरे दिन यहां वाहनों की रफ्तार रेंगने जैसे रही. पूजा टाकिज से बैंकमोड़ पहुंचने में घंटों तक का समय खर्च हुआ. बता दें कि सोमवार की रात शुरू हुए इस कार्य को आधा-अधूरा छोड़ दिया गया. जिसके कारण सड़क की एक ओर कीचड़ और गड्ढों की समस्या और गंभीर हो गई है. इस लापरवाही के चलते मंगलवार को दिनभर जाम की स्थिति बनी रही, जिससे स्थानीय लोगों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर पेवर्स ब्लॉक आधे-अधूरे बिछाए गए हैं. इस कारण सड़क असमान हो गई है. बारिश के मौसम में कीचड़ और गड्ढों की वजह से वाहनों के आवागमन में भी काफी मुश्किलें होने लगी. राहगीरों ने ठेकेदार और प्रशासन की लापरवाही पर नाराजगी जताई है. एक राहगीर ने बताया कि पेवर्स ब्लॉक बिछाने का काम शुरू तो किया गया, लेकिन उसे पूरा किए बिना छोड़ दिया गया. इससे सड़क पहले से भी बदतर हो गई है.

## ब्रीफ खबरें

### डीआरएम से मुलाकात, मिली बधाई

**गोमो।** मानस सत्संग महिला समिति गोमो द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्षय पर आयोजित दस दिवसीय प्रवचन, भजन कीर्तन आदि कार्यक्रम सपापन के उपरांत सोमवार को भाजपा के टुंडी विधानसभा क्षेत्र के नेता विक्रम पांडेय की अगुवाई में समिति के पदाधिकारी मधु प्रसाद, बीसी मंडल, चंद्रशेखर सिंह, ओम प्रकाश मंडल सहित दर्जन भर समिति के सदस्यों ने मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्रा से मुलाकात कर जन्माष्टमी पूजन का प्रतीक चिन्ह, प्रसाद ,अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया. इस मौके पर डीआरएम मिश्रा ने समिति सदस्यों से कहा लगातार बारिश और समय अभाव के कारण श्री जन्माष्टमी के इतने बड़े भव्य आयोजन में नहीं पहुंच पाने का खेद है. कार्यक्रम के सफल आयोजन पर समिति के सदस्यों को बधाई दी.

### प्रखंड प्रमुख का समिति ने किया सम्मान

**तेतुलमारी।** बाघमारा प्रखंड प्रमुख गीता देवी प्रखंड उप प्रमुख विनोद कुमार सिंह तथा बैजनाथ महतो आजाद हिन्द क्लब पहाड़पुर द्वारा करम महोत्सव में जाने के क्रम में शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक समिति के द्वारा शहीद शक्ति नाथ महतो चौक पर बुके एवं फुल माला से स्वागत किया. प्रमुख ने शहीद शक्ति नाथ महतो के आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से स्मारक समिति के सचिव शिव प्रसाद महतो, गोतम कुमार महतो, दिनेश महतो, देवेन्द्र राणा, विमल कुमार महतो, पंसस अमृत रवानी बडा बाबु, बैजनाथ महतो, प्रेम चन्द महतो, किष्टो बाउरी, नयन रवानी सहित अन्य उपस्थित थे.

### नगर आयुक्त से मिली विश्वकर्मा (लोहार) समिति

**कतरास।** विश्वकर्मा (लोहार) समिति, बाघमारा प्रखंड के पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त, धनबाद रवि राज शर्मा से मिलकर पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनन्दन किया और लोहार समाज के विकास से संबंधित एक पत्र दिया. नगर आयुक्त ने इसपर गंभीरता पुर्वक विचार करने का आश्वासन दिया. उन्होंने लोहार समाज के प्रति पदाधिकारियों के कार्यों की जानकारी ली और प्रशंसा किया. इस अवसर पर संयोजक सरोज विश्वकर्मा, अध्यक्ष रमेश विश्वकर्मा, का. अध्यक्ष शिवेश विश्वकर्मा, सचिव अजय विश्वकर्मा एवं उपाध्यक्ष अभिजीत विश्वकर्मा उपस्थित थे.

### सड़क दुघर्टना में घायल से मिले पूर्व सांसद

**टुंडी।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद रवीन्द्र कुमार पाण्डेय मंगलवार को गादी टुंडी गांव निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता बिपिन कुमार मुखर्जी के सड़क दुघर्टना में घायल होने पर उन्हें देखने जेपी हास्पिटल धनबाद पहुंचे. पूर्व सांसद पांडेय ने उन्हें आर्थिक मदद की. इसी तरह टुंडी प्रखंड के चरककला गांव पहुंचे व सड़क दुघर्टना में घायल धनबाद जिला के पूर्व महामंत्री दिनेश सिंह से मिलकर कुशलक्षेम जाना. इसके बाद वे चरकखूर्द गांव पहुंचे व पारा शिक्षक संघ के नेता नवीन चन्द्र सिंह के बीमार पिता श्रीनाथ सिंह से मिलकर कुशलक्षेम जाना. उनके साथ बाबा गोपाल पाण्डेय भी थे.

# बीसीकेयू ने दिया कुमारधुबी कोलियरी में धरना

## प्रबंधक को जगाओ, कोलियरी बचाओ : रामजी यादव

**शुभम संदेश। चिरकुंडा**



बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के बैनर तले मंगलवार को कुमारधुबी कोलियरी एवं बरमुड़ी ओसीपी के मजदूरों ने विभिन्न मांगो को लेकर कुमारधुबी कोलियरी कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया. इस दौरान मजदूरों ने प्रबंधक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. कहा की प्रबंधक सभी कोलियरी को बंद कर निजी कंपनी के हाथ में सौंपना चाहती है. इसलिए कोलियरी में उत्पादन के प्रति प्रबंधक संजीदगी नहीं दिखा रही है. कोलियरियों से कोयला चोरी, डीजल चोरी चरम पर है. इसे रोकने में प्रबंधक नाकाम साबित हुई है. वही बीसीकेयू के सचिव रामजी यादव ने बताया की प्रबंधक के मनमानी के खिलाफ पुरे मुगमा क्षेत्र के सभी कोलियरियों में बीसीकेयू द्वारा एकदिवासीय धरना दिया जा रहा है. इस धरना के दौरान हमलोगों का एक नारा है मुगमा क्षेत्र के प्रबंधक को जगाओ, कोलियरी बचाओ. कहा कि जब से नए महाप्रबंधक आए हैं, मुगमा क्षेत्र बदहाल हो गया है. जिसके कारण चापापुर, मनमन, कापासारा बंद हो गया है. अब कुमारधुबी कोलियरी बंद करने की योजना है.उन्होने कहा कि 20 सूत्री मांगो में एक साल से अधिक कार्यरत कैटगरी-1 के मजदूरों को पदोन्नति के साथ पदनाम दी जाए,कुमारधुबी कोलियरी के जलापूर्ति को समुचित रूप से बनाए रखने के लिए समरसेबल पम्प की व्यवस्था की जाए,कोलियरी कैम्पस व रोड में लाइट की वयवस्था की जाए,मजदूरों को समुचित सुरक्षा सामग्री उपलब्ध कराई जाए,श्रमिकों को बकाया राशि शीघ्र दी जाए आदि मांगे शामिल हैं. धरना स्थल पर दिलीप सिंह,शुभम विश्वकर्मा,कुमार साहेब,रामानंद राजभर, ओमप्रकाश महतो,विनोद यादव,बिल्टू राम, मुन्ना यादव, नागेन्द्र सिंह,तरूण राय सहित मजदूर मौजुद थे.

## सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**निरसा बाजार (शुभम संदेश)।** मंगलबार की सुबह सांकरडीह-कंचनडीह रोड में कोयला लदे एक मोटरसाइकिल ने एक अन्य बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें विकास राय नामक एक युवक बुरी तरह से घायल हो गया. स्थानीय लोगों के द्वारा इसकी सूचना एमपीएल ओपी को दी गई. एमपीएस ओपी पुलिस घटनास्थल पर पहुंच घायल युवक को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया एवं दोनों बाईक सह कोयला जब्त कर थाना ले जाया गया. घटना के संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा युवा नेता रतन तिवारी ने बताया कि मंगलबार की सुबह सांकरडीह - कंचनडीह रोड में एक सड़क हादसा का सूचना मुझे मिला सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर देखे कि कोयला लदा बिना नंबर का एक मोटरसाइल ने एक अन्य बाइक जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर JH 10CX 7150 को जोरदार टक्कर मार दिया.

## न्यूज अपडेट

### एमपीएल कामगार यूनियन ने प्रबंधन को दी आंदोलन की चेतावनी



**निरसा बाजार (शुभम संदेश)।** निरसा गुरुदास भवन, पार्टी कार्यालय में यूनियन की बैठक यूनियन के अध्यक्ष अरूप चटर्जी की अध्यक्षता में आयोजित हुई. बैठक में यूनियन के सचिव महेश मंडल ने कहा कि 02 अगस्त को 10 सूत्री मांगों के समर्थन में किए गए गेट जाम आंदोलन के बाद, एमपीएल प्रबंधन ने तीन सप्ताह के भीतर एमपीएल परिसर में बैठक कर मांगों पर विचार करने का लिखित वादा किया था. लेकिन प्रबंधन ने इस वादे को नजरअंदाज करते हुए लेबर कमिश्नर कार्यालय में बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया, जिसे यूनियन ने समझौते का उल्लंघन करार दिया. यूनियन के अध्यक्ष अरूप चटर्जी ने कहा कि प्रबंधन का यह रवैया कामगारों के हितों के खिलाफ है. हमारी मांगें जायज हैं, और लिखित समझौते के अनुसार बैठक एमपीएल परिसर में ही होनी चाहिए. यूनियन ने स्पष्ट किया कि यदि अगले दो-तीन दिनों में प्रबंधन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो कामगार अनिश्चितकालीन गेट जाम और टूल डाउन जैसे कठोर कदम उठाने को मजबूर होंगे. कामगारों में प्रबंधन के इस रवैये को लेकर भारी आक्रोश है. प्रबंधन की उदासीनता की स्थिति में आंदोलन और तेज होगा, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह प्रबंधन की होगी इस बैठक में मुख्य रूप से सचिव महेश मंडल, मन्नू सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष समीम अथर, उपाध्यक्ष मनोज मंडल बाकि दास, संयुक्त सचिव केशव तिवारी, सह सचिव हराधन बाउरी,संगठन मंत्री प्रभु सिंह सह संगठन मंत्री मुन्ना यादव, आनंद महतो, सह कोषाध्यक्ष दीपक मंडल अतुबुल हुसैन अताउल रहमान, शंभू सिंह इत्यादि उपस्थित थे.

### गोपाल राय बने निरसा के सांसद प्रतिनिधि

**कतरास (शुभम संदेश)।** जिला परिषद मार्केट श्यामडीह परिसर में घटवार/घटवाल आदिवासी महासभा की एक बैठक भोला राय के अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में निरसा निवासी घटवार समाज जिला महामंत्री तथा भाजपा नेता गोपाल राय को निरसा प्रखण्ड के सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किए जाने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामना देते हुए सांसद ढुलू महतो के प्रति आभार प्रकट किया गया. इस दौरान पूर्व जिला परिषद सदस्य सह भाजपा नेता सुभाष राय ने कहा कि सांसद हमेशा हर वर्ग के समाज के लोगों को साथ लेकर चलते हैं. वे गरीब शौषण दबे कुचले लोगों का आवाज़ बनने का काम करते हैं. यही कारण है कि वे जनता के बीच लोकप्रिय है. जनता के आशीर्वाद से वे तीन बार बाघमारा के विधायक रहे. जबकि धनबाद लोक सभा में पहली बार में ही प्रचंड वोट से सांसद बने हैं. मौके पर प्रदेश प्रवक्ता सहदेव प्रसाद सिंह,जिला अध्यक्ष गोपाल राय, रामेश्वर राय,यूथ अध्यक्ष प्रेम राय,प्रखण्ड अध्यक्ष भुगत राय, जागेश्वर राय,राजू राय,दिलीप राय, यमुना राय, चेतू राय,भोला देहाती,अमर राय,सुरेश राय, अर्जुन सिंह, जगदीश राय, बिनोद राय, अबोध राय, आशु राय, हीरालाल राय, सूरज राय, सुदन राय, लक्ष्मण राय, नगेंद्र राय, भोंदू रॉय, छोटा अर्जुन राय, सुरेश राय, दिनेश राय, ढ़िलू राय, रमेश राय, जगदीश राय, विक्की राय, हीरालाल राय, शूकर राय, बासदेव राय, बाबूलाल राय, मुकुंद राय आदि थे.

### आजीविका महिला सहकारी समिति की आमसभा

**गोविंदपुर (शुभम संदेश)।** गोविंदपुर पश्चिमी आजीविका महिला संवर्धन संगठन स्वावलंबी सहकारी समिति की वार्षिक आम सभा मंगलवार को गोविंदपुर पश्चिमी पंचायत भवन में आयोजित की गई. इसमें अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़ने और उन्हें स्वावलंबी बनाने का निर्णय लिया गया. इसमें समिति के सभी शेयर धारकों, निदेशकों व अन्य हितधारकों ने भाग लिया. मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह ने समिति के कार्यों की सराहना की. कहा कि इससे जुड़कर महिलाएं स्वावलंबी हो रही है. विशिष्ट अतिथि बीपीएम, रमेश कुमार मंडल, बीपीओ नवीन कुमार, सिंधु कुमारी, पैक्स के कृष्णा कुमार, मुकेश कुमार रजक एवं पीआरपी दीपक कुमार थे. आम सभा में आगामी वर्ष के लिए योजनाओं पर चर्चा की गई. आमसभा के अंत में सहकारी समिति के सभी शेयर धारकों, निदेशकों , मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अन्य हितधारकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया गया.

### मिलाद उन नबी को ले शांति समिति ने की बैठक

**गोविंदपुर (शुभम संदेश)।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र में मिलाद उन नबी का त्यौहार शांतिपूर्ण एवं भाईचारा के साथ मनाया जाएगा. इसका कोई भी जुलूस किसी मंदिर के आगे से नहीं जाएगा. जीटी रोड कहीं भी जाम नहीं होगा. जीटी रोड के सर्विस लेन से ही जुलूस गुजरेगा. शांति समिति के सभी सदस्य एवं मुखिया अपने-अपने क्षेत्र की जिम्मेदारी संभालेंगे. पुलिस इंस्पेक्टर विष्णु प्रसाद राउत ने इस दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने में समाज के दोनों वर्गों से सहयोग की अपील की. कहा कि संवेदनशील इलाकों में पुलिस की निगरानी रहेगी. बैठक में जिप सदस्य सोहराब अंसारी, 20 सूत्री अध्यक्ष अख्तर हुसैन अंसारी, गुल्लू अंसारी बलराम साव, एजाज अहमद, अमरदीप सिंह , मुखिया गोविंद प्रसाद साव, आसिफ अंसारी, जहीर अंसारी, माथुर अंसारी, टिंकू अंसारी, बेलाल अंसारी, जीतू गुप्ता, सुशील झा, जसीम अख्तर, फुरकान अंसारी, कयूम अंसारी, मुश्ताक अहमद, शत्रुघ्न साव, गुड्डू अंसारी आदि मौजूद थे.

### ब्रह्माकुमारी ने चलाया नशा मुक्त भारत अभियान

**चिरकुंडा (शुभम संदेश)।** नशा मुक्त भारत जागरुकता अभियान के तहत मंगलवार को प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय चिरकुंडा शाखा में नशा मुक्त जीवन जीने के लिए स्कूल व कॉलेज के छात्र-छात्राओं सहित सेन्टर के भाई बहनों को शपथ दिलाई गई. सेन्टर संचालिका अर्चना बहन ने कहा कि संस्था की शिक्षाओं और राज योग ध्यान के माध्यम से मानसिक दृढ़ता और साकारात्मक मानसिक विकसित करने में सहायता की जाती है जिससे व्यक्ति नशे की लत से छुटकारा पा सकते हैं.मौके पर पिंकी बहन, ऊषा बहन , मोनिता बहन, रिम्पा, सुनिता, सरोजनी, जोगेन्द्र भाई, मुकेश पाण्डेय, रघुपति गोराई, ममता अग्रवाल आदि थे.

### मुखिया बदरूद्दीन को सरकार से सम्मान

**महुदा (शुभम संदेश)।** झारखंड सरकार पंचायती राज विभाग की और से महुदा ग्राम पंचायत के मुखिया बदरूद्दीन अंसारी को पंचायत में ग्रामीणों के बीच अच्छे कार्य करने व पंचायत उन्नति सूचकांक में बेहतर अंक लाने पर सम्मानित किया गया. पंचायत में उसके द्वारा किए गए विकास कार्यो में उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर मंगलवार को बाघमारा प्रखंड कार्यालय में बीडीओ लक्ष्मण यादव व डीपीएम तौहीद आलम के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. इस संबंध में मुखिया बदरूद्दीन अंसारी ने कहा कि ग्राम पंचायत महुदा के लिए यह गौरव की बात है. पंचायत के सभी ग्रामीणों का हमेशा सहयोग मिला और आगे भी पंचायत में सभी के सहयोग से विकास कार्य करता रहुंगा.

# बस्ताकोला में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से महिला की मौत

## आक्रोशित लोगों ने झरिया-धनबाद मुख्य मार्ग को करीब एक घंटे तक जाम कर दिया

**शुभम संदेश। झरिया**



झरिया थाना अंतर्गत बस्ताकोला गोशाला मोड़ के पास सोमवार देर शाम तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से 45 वर्षीय महिला चाइना देवी (पत्नी नारू घोष) की मौत हो गई. घटना के बाद मंगलवार को आक्रोशित स्थानीय लोगों ने झरिया-धनबाद मुख्य मार्ग को करीब एक घंटे तक जाम कर दिया. मिली जानकारी के अनुसार, चाइना देवी बस्ताकोला स्थित अपने घर से गोशाला मोड़ पर समान खरीदने गई थीं. उसी दौरान एक अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं. स्थानीय लोगों ने उन्हें तत्काल एसएनएमएमसीएच (शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज) अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. मंगलवार सुबह घटना से नाराज लोगों, जिसमें मृतका के स्वजन भी शामिल थे, ने शव के साथ सड़क पर उतरकर विरोध जताया और बस्ताकोला चौक पर जाम लगा दिया. प्रदर्शन कर रहे लोगों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषी बाइक सवार की गिरफ्तारी, मुआवजा और सड़क सुरक्षा उपायों की मांग की. सूचना मिलते ही झरिया थाना प्रभारी शशीरंजन कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया. वहीं झरिया अंचलाधिकारी के प्रतिनिधि ने भी मौके पर पहुंचकर मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया. प्रतिनिधि ने मृतक परिवार को मानवीय आधार पर आर्थिक सहायता भी दी. पुलिस ने आश्वासन दिया कि अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज किया जा चुका है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की जा रही है. प्रशासन ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सड़क पर सुरक्षा के लिए आवश्यक उपाय जैसे स्पीड ब्रेकर और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे. चाइना देवी घरों में चौका-बर्तन का काम कर परिवार का भरण-पोषण करती थीं. उनके परिवार में पति नारू घोष और तीन बेटे — मनोज घोष, विशाल और भीष्म हैं. इस दुर्घटना ने क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन की स्थिति पर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं.

## विहिप के स्थापना दिवस पर महाआरती का आयोजन



**शुभम संदेश। झरिया**

विश्व हिंदू परिषद के 61वें स्थापना दिवस पर झरिया नगर इकाई की ओर से सोमवार को हनुमानगढ़ी बजरंगबली मंदिर, झरिया में भव्य महा-आरती का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालु, माताएं, बहनें और सैकड़ों कार्यकर्ता बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ शामिल हुए. स्थानीय स्तर पर आयोजित यह धार्मिक आयोजन भगवान श्रीराम और हनुमान जी की आराधना के साथ-साथ हिंदू समाज को संगठित और जागरूक करने का संदेश लेकर आया. आरती के दौरान मंदिर परिसर में शंख, घंटी, और जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया. कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से महा-आरती में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया. आयोजन स्थल को भव्य रूप से सजाया गया था और आरती के दौरान उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद वितरण भी किया गया. कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष मधुसुदन अग्रवाल, उमाशंकर तिवारी, लल्लू झा, धर्मेंद्र सरोज, नन्हे सिंह, बिष्णु त्रिपाठी, राज कुमार अग्रवाल, अरविंदम बनर्जी, अवधेश साव, अजय वर्मा, सोनू गिरी, आनंद महतो, सोनू सिंह, अभिषेक, विजय सिंह सिन्हा, विजय विश्वकर्मा, सुभाष चौहान, सोहन पांडेय, राहुल, अजय, विज्ञापन मिश्रा, दिनेश, धर्मेंद्र मिस्त्री, विजय शर्मा, शक्ति पासवान समेत भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे.

## विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास

**शुभम संदेश। मधुबन**



बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने दुर्गा पूजा के पूर्व खरखरी वासियों को खरखरी कोलियरी ऑफिस से दुर्गा मंदिर प्रांगण होते हुए नारायण धौडा तक पीसीसी सड़क की मिली है. बाघमारा विधायक के अथक प्रयास से जर्जर हुई सड़क का नए सिरे से निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा. मंगलवार को खरखरी कोलियरी अन्तर्गत दुर्गा मंदिर के समीप बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो के द्वारा डब्लूवीएम पथ निर्माण का कार्य नारियल फोड़ कर शुभारंभ किया. इसके पूर्व विधायक को भाजपा युवा मोर्चा सिनिडीह मंडल अध्यक्ष बंटी बाउरी ने भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों के साथ बाघमारा विधायक को गुलदस्ता भेट कर भव्य स्वागत किया. बाघमारा विधायक के अनुशंसा पर बीसीसीएल द्वारा डब्लूवीएम पथ निर्माण का कार्य खरखरी ऑफिस से दुर्गा मंदिर होते हुए खरखरी कोलियरी के कोलडम्प बाउंड्री के समीप तक किया जाएगा. इस दौरान विधायक ने बताया कि उक्त मार्ग की स्थिति काफी खराब होने से ग्रामीणों के आने जाने में काफी समस्या हो रही थी एवं खरखरी में दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन होता है जिसको लेकर ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए डब्लूवीएम पथ निर्माण का कार्य किया जा रहा है. पूजा उपरांत पिच पथ का निर्माण किया जाएगा. मौके पर भाजपा युवा मोर्चा सिनीडीह मंडल अध्यक्ष बंटी बाउरी ,बीरु घोषाल,डब्लु तिवारी,गोपाल बाउरी, मुकेश्वर पासवान,अमित सिंह, अनुज भारती, बॉबी पासवान, फुलेन्दर पासवान, बाल्मीकि पासवान,दुर्गा शर्मा, राहुल, सिंह, रुपलाल बाउरी,नरेश गोप, नारायण बाउरी, संतोष पासवान, विक्की पासवान, राहुल पासवान, निरामल बाउरी,काली शर्मा,शंकर मोदक, दिनेश भुईया,विनी पासवान, शावन भुइया, आदित्य शर्मा,राजेश कुमार, आदि उपस्थित थे.

# दिव्यांगता कोई बाधा नहीं : हारून राशिद

## झरिया के शिविर में 154 की जांच, 53 दिव्यांग बच्चे सहायक सामग्री के लिए चयनित

- 17 बच्चों को मिली सहायक सामग्री

**शुभम संदेश। झरिया**



झारखंड शिक्षा परियोजना के समावेशी शिक्षा कार्यक्रम के तहत मंगलवार को झरिया बीआरसी परिसर में दिव्यांगता जांच शिविर सह सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन झरिया की विधायक रागिनी सिंह ने किया. मुख्य अतिथि एवं अन्य मंचासीन अतिथियों का स्वागत रुद्राक्ष और चंदन के पौधे भेंट कर किया गया. शिविर में एएलआईएमसीओ, कानपुर की टीम द्वारा 3 से 18 वर्ष के 154 दिव्यांग बच्चों की जांच की गई. इनमें से 53 बच्चों को सहायक उपकरणों के लिए चयनित किया गया. इस दौरान पूर्व में चयनित 17 बच्चों को व्हीलचेयर, कैलीपर्स, मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल, क्रच, रोलेटर, श्रवण यंत्र, टीएलएम किट, सीपी चेयर विद कंबोर्ड सहित कई सहायक सामग्री विधायक रागिनी सिंह के हाथों प्रदान की गई. विधायक रागिनी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि दिव्यांग बच्चे ईश्वर के स्वरूप हैं. उनकी सेवा करना ईश्वर की आराधना के समान है. उन्होंने कहा कि पुनर्वास की दिशा में पहला कदम है कि दिव्यांग बच्चों का स्थानीय विद्यालयों में नामांकन हो. विशिष्ट अतिथि झारखंड निशक्तता आयोग के सदस्य हारून राशिद ने कहा कि दिव्यांगता कोई बाधा नहीं है. यदि हौसला हो तो हर चुनौती पार की जा सकती है. उन्होंने हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया. शिविर में बीपीओ सुनील सिंह, स्वास्थ्य विभाग से डॉ संध्या कुमारी, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ मनोज सिंह, स्पेशल एजुकेटर अखलाक अहमद, एलिमको कानपुर के टीम में डॉ दीपक मंडल, डॉ अमर बहादुर, डॉ शैलेन्द्र सिंह, डाटा ऑपरेट ऋषि वर्मा, सीमा देवी, राजन श्रीवास्तव, विजय तिर्की ब्रजेश पाण्डे विष्णु त्रिपाठी, दिलीप भारती, स्वरूप भट्टाचार्य, रघुराम, सत्यदेव सिंह, सहित सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया.

# मायुमं ने की जीव दया–गो सेवा महाअभियान की शुरुआत

## सड़क पर घुम रहे गो वंश को पहनाया रेडियम बेल्ट

**शुभम संदेश। झरिया**



मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा ने जीव दया – गो सेवा महाअभियान की शुरुआत की. यह अभियान 1 सितम्बर से 31 अक्टूबर 2025 तक संचालित होगा. इसके अंतर्गत गो वंश को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने के लिए उन्हें रेडियम बेल्ट पहनाए जाएंगे. मंच का मानना है कि यह छोटा-सा प्रयास न केवल गौमाता की रक्षा करेगा, बल्कि अनेक मानव जीवन भी सुरक्षित करेगा. सोमवार देर रात दालपट्टी और लक्ष्मीनिया मोड़ पर शाखा सदस्यों ने अभियान की औपचारिक शुरुआत की. इस अवसर पर गौ सेवा करते हुए गौमाता को गुड़ और चोकर खिलाया गया तथा उन्हें रेडियम बेल्ट पहनाए गए. इस मौके पर शाखा अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा, कार्यक्रम संयोजक मयंक केजरीवाल, संयुक्त सचिव सनी अग्रवाल एवं गौतम अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष विवेक लिल्हा, कार्यकारिणी सदस्य विवेक जलूका, वरिष्ठ सदस्य संजय झुनझुनवाला, हितेन शर्मा तथा गौ सेवक अनिल खेमका उपस्थित थे. अभियान के प्रथम चरण में 351 रेडियम बेल्ट पहनाए जाएंगे. इस कार्य में सहयोग पूर्व अध्यक्ष रामकुमार अग्रवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष नरेश केजरीवाल, शाखा कोषाध्यक्ष किरण शर्मा, पूर्व अध्यक्ष राजीव सावंतिया, दुर्गा सेफ्टी सॉल्यूशंस, संकल्प अग्रवाल एवं भूमि अग्रवाल द्वारा प्रदान किया गया है. मंगलवार को धोवाटांड़, धनबाद क्षेत्र में गो वंश को रेडियम बेल्ट पहनाया गया.

# गिरिडीह और गोड्डा पुलिस की कार्रवाई, अंग्रेजी शराब की 1512 बोतलें जब्त

## दो वाहनों में लदी 829 बोतल अवैध शराब बरामद, दो चालक गिरफ्तार

शुभम संदेश। तिसरी (गिरिडीह)



अवैध शराब कारोबार के खिलाफ गिरिडीह पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने दो वाहनों में लदी 829 बोतल अवैध शराब जब्त की और दोनों चालकों को गिरफ्तार कर लिया. यह कार्रवाई तिसरी प्रखंड के लोकाय थाना पुलिस द्वारा की गई. खोरीमहुआ के एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने लोकाय नयनपुर थाना में प्रेस वार्ता कर जानकारी दी कि पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि दो कारों में शराब लोड कर लोकाय मार्ग से बिहार भेजी जा रही है. निर्देश पर इंस्पेक्टर रोहित कुमार और लोकाय थाना प्रभारी अमित कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया. 1 सितंबर की शाम चेकिंग के दौरान एक स्कॉर्पियो और हुंडई एक्सेंट कार को पकड़ा गया और चालकों को दबोच लिया गया. गिरफ्तार चालकों की पहचान बोकारो जिले के हरला थाना क्षेत्र सेक्टर-9 निवासी 25 वर्षीय रोहन कुमार (पिता द्वारिका साव) और गिरिडीह जिले के जमुआ थाना क्षेत्र बरबटिया निवासी 22 वर्षीय मो. फैजान (पिता मो. कुदूस) के रूप में हुई है. पूछताछ में उन्होंने बताया कि शराब जमुआ बाईपास से लोड की गई थी और उन्हें 2-2 हजार रुपये में गाड़ियां झारखंड बॉर्डर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई थी. बॉर्डर पर शराब दूसरे गिरोह के लोगों को सौंप दी जाती. एसडीपीओ ने कहा कि यह एक संगठित अपराध (ऑर्गनाइज्ड क्राइम) के तहत बिहार में शराब तस्करी का प्रयास था, जिसे पुलिस ने विफल कर दिया. छापेमारी टीम में इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी के अलावा मनसाडीह ओपी प्रभारी अंकित कुमार, एसआई सतीश कुमार, सशस्त्र बल एवं चौकीदार मुनिल, अनिल, गुफरान, प्रदीप, राकेश और उदय शामिल थे.

## सुप्रीम कोर्ट के गाइडलाइन के विरुद्ध खुल रही है खुदरा शराब दुकानें : जायसवाल

### उत्पाद अधीक्षक से स्थान परिवर्तन करने की मांग

**डुमरी (गिरिडीह)।** इसरी बाजार उत्तरी के पंसस रिक्की जायसवाल ने उत्पाद अधीक्षक, गिरिडीह को पत्र लिखकर इसरी बाजार में खुलने वाली खुदरा शराब दुकान का स्थान परिवर्तन करने की मांग की है. पत्र में उल्लेख किया गया है कि इसरी बाजार में प्रस्तावित शराब की दुकान सुप्रीम कोर्ट के गाइडलाइन के विरुद्ध है. यह दुकान स्टेशन रोड इसरी बाजार स्थित पारसनाथ उच्च विद्यालय एवं पारसनाथ मध्य विद्यालय से 100 मीटर की परिधि में है, जिससे छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित होगी. साथ ही, इसरी बाजारवासियों का आस्था केंद्र राधाकृष्ण ठाकुरबाड़ी और शिव मंदिर भी इसी परिसर में स्थित है, जहां प्रतिदिन श्रद्धालु संध्या आरती और पूजन करते हैं. ऐसे वातावरण में शराब की दुकान खुलने से ठाकुरबाड़ी परिसर में पूजा-पाठ के लिए आने वाली महिलाओं को असहजता होगी तथा आम जनजीवन भी प्रभावित होगा. इसके अतिरिक्त, इसरी बाजार स्टेशन रोड जैन धर्म के महातीर्थ स्थल शिखरजी जाने वाले तीर्थयात्रियों का एकमात्र मुख्य मार्ग है. इस मार्ग पर कई धार्मिक स्थल एवं भवन भी स्थित हैं. इसलिए जनभावनाओं का सम्मान करते हुए पंसस ने मांग की है कि इसरी बाजार में प्रस्तावित शराब की दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए.

## बोलेरो पिकअप से 683 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद




**गोड्डा।** हनवारा पुलिस ने सफेद बोलेरो पिकअप वाहन से शराब की बड़ी खेप बरामद की है. पुलिस अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार सुबह करीब 10 बजे पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार हनवारा थाना प्रभारी राजन कुमार द्वारा चलाए गए एंटी-क्राइम वाहन जांच अभियान के दौरान गुप्त सूचना मिली कि सफेद रंग के पिकअप वाहन पर शराब की खेप लेकर बिहार की ओर भेजी जा रही है. सूचना के आधार पर हनवारा चेकपोस्ट के पास वाहन को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक ने गाड़ी भगाने की कोशिश की. मौके पर तैनात जवानों ने गाड़ी को पकड़ लिया और चालक को हिरासत में ले लिया. जांच के क्रम में वाहन संख्या बीआर 10 जीए 4204 से कुल 12 प्लास्टिक बोरे बरामद हुए, जिनमें 683 अंग्रेजी शराब की बोतलें थीं. बरामद बोतलों पर इंपीरियल ब्लू, ब्लेंडर्स प्राइड और रॉयल स्टैग जैसे लेबल लगे हुए थे. बरामद शराब की कीमत लाखों रुपये आँकी गई है. गिरफ्तार चालक मनीष कुमार (पिता- लालकुन यादव, ग्राम- कमलाकुंड, थाना- इस्माइलपुर, जिला- भागलपुर) ने पुलिस को बताया कि यह शराब बंगाल से लाकर झारखंड के रास्ते बिहार ले जाई जा रही थी. पुलिस ने सभी बोतलों को जब्त कर आरोपी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया. छापामारी दल में थाना प्रभारी राजन कुमार के अलावा पुलिस अवर निरीक्षक उपेन्द्र कुमार महतो, सहायक अवर निरीक्षक विजय कुमार राम सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे.

## ब्रीफ खबरें

### अवैध गांजा के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**साहिबगंज।** मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेववरन मिर्जाचौकी बाजार से पुलिस ने अवैध गांजा के साथ जयप्रकाश यादव (45 वर्ष), पिता दिलमोहन यादव को गिरफ्तार किया है. मिर्जाचौकी पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त व्यक्ति अवैध गांजा कारोबार में संलिप्त है. इसी आधार पर की गई कार्रवाई में पुलिस को सफलता मिली. पुलिस ने उसके पास से लगभग 410 ग्राम गांजा बरामद किया. मामले में मिर्जाचौकी थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया है. आरोपी पर धारा 20 एनडीपीएस एक्ट एवं 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया. मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव ने कहा कि अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. पुलिस पूरी तरह सतर्क और सक्रिय है. मौके पर एसआई महेंद्र सिंह, बबलू यादव, मनोज महतो समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे.

### कोयला लदे ट्रक में लगी आग

**गिरिडीह।** जिले के बगोदर थाना क्षेत्र अंतर्गत संतरूपी गांव के पास एनएच-2 पर मंगलवार की सुबह एक कोयला लदी चलती ट्रक में अचानक आग लग गई. देखते ही देखते पूरा ट्रक आग की चपेट में आ गया और आसपास अफरा-तफरी मच गई. इस दौरान चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए चलती ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई. जानकारी के अनुसार, कोयला लदा यह ट्रक धनबाद से बिहार जा रहा था. घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने बगोदर थाना पुलिस को दी. सूचना पाकर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया. तब तक ट्रक पूरी तरह जलकर राख हो चुका था.

### चाउमिन दुकान से अंग्रेजी शराब की 45 बोतलें जब्त

**महगामा।** चाउमिन दुकान की आड़ में शराब बेचने की सूचना पर मेहरमा थाना पुलिस ने मानिकपुर भगैया स्थित अजय राम की दुकान में छापेमारी की. छापेमारी के दौरान अंग्रेजी शराब की अवैध बिक्री के लिए रखी गई कुल 45 बोतलें बरामद की गईं. पुलिस के अनुसार हाल के दिनों में अवैध शराब की धड़ल्ले से बिक्री किए जाने की लगातार सूचना मिल रही थी, जिसके मद्देनजर थाना क्षेत्र में जगह-जगह छापेमारी की जा रही है. पुलिस ने दुकान से मिली अवैध शराब को जब्त कर दुकानदार अजय राम (पिता- मिट्ठू राम) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. छापेमारी दल में थानेदार सौरभ कुमार ठाकुर, पुअनि सत्यदीप, सअनि सहदेव प्रसाद, बीरेंद्र मंडल, आरक्षी लक्ष्मण दास, असरार अली सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे.

### डीपीएस ओवरऑल चैंपियन

**बोकारो।** भारत विकास परिषद, बोकारो स्टील सिटी (उत्तर शाखा) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में डीपीएस बोकारो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप जीती. विद्यालय ने देशभक्ति, संस्कृत और लोकगीत, तीनों श्रेणियों में प्रथम स्थान प्राप्त किया. प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार के मार्ग दर्शन में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रस्तुति दी. विजेता टीम को ट्रॉफी, स्मृति-चिह्न और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया. प्राचार्य ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि डीपीएस बोकारो विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने के लिए निरंतर अवसर प्रदान करता है.

# मरीज की मौत पर परिजनों का हंगामा

## वृंदावन नर्सिंग होम पर डॉक्टर की लापरवाही का लगा आरोप

**खास बातें**

- 19 अगस्त को आयोजित जनता दरबार में मृतक की पत्नी ने की थी शिकायत
- डीसी के निर्देश पर सिविल सर्जन ने नर्सिंग होम का किया था निरीक्षण

शुभम संदेश। बोकारो



सेक्टर-4 सिटी सेंटर स्थित वृंदावन नर्सिंग होम में ऑपरेशन के बाद मरीज मुटूक रजवार की मौत हो गई. परिजनों ने डॉक्टर पर गंभीर लापरवाही बरतने और हत्या तक का आरोप लगाया है. घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने हंगामा किया और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की. परिजनों के अनुसार, मृतक को पित्ताशय में पथरी की समस्या थी. वह स्वयं साइकिल से अस्पताल आया था और पूरी तरह स्वस्थ था. डॉक्टर ने आश्वासन दिया था कि ऑपरेशन आसान होगा और दो दिनों में डिस्चार्ज कर दिया जाएगा. लेकिन ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति लगातार बिगड़ती गई. अस्पताल प्रबंधन ने उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया, यह कहते हुए कि खर्च अस्पताल वहन करेगा. हालांकि रिम्स में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. परिजनों का कहना है कि रिम्स के डॉक्टरों ने ऑपरेशन को बेहद लापरवाह और गैर-विशेषज्ञ तरीके से किया गया बताया. उनका आरोप है कि बार-बार बेहतर इलाज और अन्य डॉक्टर की राय लेने की अपील करने के बावजूद उनकी बातों को नजरअंदाज कर दिया गया. परिजनों ने दोषी डॉक्टर को जेल भेजने और नर्सिंग होम को तत्काल बंद करने की मांग की है. वहीं अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि मरीज का केस जटिल था और जन्मजात समस्या से जुड़ा हुआ था. डॉक्टरों ने दस दिनों तक लगातार प्रयास किया, लेकिन स्थिति बिगड़ने पर रिम्स रेफर करना पड़ा. इस मामले को लेकर परिजन और स्थानीय संगठनों ने न्यायिक जांच और मृतक का पोस्टमार्टम कराने की मांग की है, ताकि सच्चाई सामने आ सके. गौरतलब है कि 19 अगस्त को आयोजित जनता दरबार में भी मृतक की पत्नी तिलका देवी ने उपायुक्त अजय नाथ झा से शिकायत की थी कि उनके पति का ऑपरेशन गलत तरीके से किया गया है. डीसी के निर्देश पर सिविल सर्जन डॉ. अभय भूषण प्रसाद ने जांच टीम गठित कर नर्सिंग होम का निरीक्षण किया था. टीम ने मरीज और परिजनों से मुलाकात की थी तथा अस्पताल प्रबंधन से पूछताछ की थी. उस समय मरीज को रिम्स भेजने और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था.

## चाकू से युवक की हत्या के आरोप में एक गिरफ्तार



**गिरिडीह।** बेंगाबाद प्रखंड के मुंडराडीह में 31 अगस्त की रात हुई युवक की चाकू गोदकर हत्या का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है. एसडीपीओ जितवाहन उरांव ने प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी दी. उन्होंने बताया कि महज 200 रुपये के लेन-देन को लेकर अनाउल अंसारी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी. पुलिस ने हत्या के आरोपी मकसूद अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. उसके पास से एक मोबाइल फोन, घटना के समय पहना हुआ कपड़ा और खून से सना धारदार चाकू बरामद किया गया है. एसडीपीओ ने बताया कि 31 अगस्त की रात मृतक अनाउल अंसारी खाना खाने के बाद अपनी पत्नी के साथ पुराने घर से नए घर सोने जा रहा था. इसी दौरान मस्जिद के पास पहले से घात लगाए बैठे मकसूद अंसारी ने उस पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल अवस्था में उसे सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही एसपी डॉ. विमल कुमार ने सदर एसडीपीओ जितवाहन उरांव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया. टीम ने 24 घंटे के अंदर हत्याकांड का खुलासा कर दिया. एसडीपीओ ने बताया कि इस घटना में और कौन-कौन शामिल थे, इसकी गहन जांच की जा रही है. गठित टीम में एसडीपीओ जितवाहन उरांव के अलावा इंस्पेक्टर ममता कुमारी, थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह, विजय मंडल, रविन्द्र कुमार सिंह, विभूति देव, बुधेश्वर सरदार, प्रमोद दास और अजीत कुमार शामिल थे.

**दो सौ रुपये के लेन-देन में हुई थी हत्या : एसडीपीओ**

## न्यूज अपडेट

### नहर में डूबने से बालक की मौत

**साहिबगंज (शुभम संदेश)।** बरहेट प्रखंड में मंगलवार को जावा डाली विसर्जन के दौरान नहर में नहाने गए एक 8 वर्षीय बालक की डूबकर मौत हो गई. घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और आसपास के गांव में मातम छा गया. करमा की खुशी पलभर में गम में बदल गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार, लाडाघुट्टू निवासी ऋतिक तुरी (पिता - हिरदा तुरी) अपनी बहनों और गांव के अन्य बच्चों के साथ जावा डाली विसर्जन के लिए गया था. इसी दौरान पास के नहर में नहाने के क्रम में गहराई और दलदल में फंसने के कारण मासूम डूब गया. उसके साथ मौजूद अन्य बच्चों ने शोर मचाना शुरू किया. शोर सुनकर राहगीरों ने नहर में छलांग लगाई और बच्चे को बाहर निकाला. तुरंत उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बरहेट ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई. मृतक के घर पर परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है.

### बच्चों को घर भेजकर ऑफिस में गाना सुनते हैं शिक्षक

**तिसरी (शुभम संदेश)।** मानसून के मौसम में शिक्षकों का भी मिजाज बदलता नजर आया. पढ़ाने के बजाय बच्चों को घर भेजकर शिक्षक कार्यालय में होम थिएटर पर गाने सुनते पाए गए. यह मामला गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड अंतर्गत पीएम श्री उच्च विद्यालय लोकायनयनपुर का है. प्रधानाचार्य को छोड़कर सभी शिक्षक दफ्तर में बैठकर गाने का आनंद ले रहे थे. हाय हाय ये मजबूरी – ये मौसम और ये दूरी की धुन पर कुछ शिक्षक झूमते भी दिखे. इसी दौरान जब कुछ मीडियाकर्मी कार्यालय में पहुंचे, तो सहायक शिक्षक गौतम कुमार गुप्ता नाराज हो गए और उनसे विद्यालय में प्रवेश का परमिट मांगा. सवाल-जवाब के बाद अंततः वे चुप हो गए. जब मीडियाकर्मी कक्षाओं में पहुंचे तो सभी क्लासरूम बंद मिले और एक भी बच्चा मौजूद नहीं था. पूछे जाने पर प्रधान शिक्षक खूबलाल रविदास ने बताया कि करमा पर्व के कारण कम बच्चे आए थे और उन्हें घर भेज दिया गया. मध्याह्न भोजन के बजाय सूखा खाद्यान्न बच्चों को दे दिया गया. अब सवाल यह उठता है कि छुट्टी होने से पहले बच्चों को घर क्यों भेजा गया. इस बाबत पूछे जाने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि मामले की जांच करवाई जाएगी और दोषी पाए जाने पर संबंधित शिक्षकों पर शोकॉज व कठोर कार्रवाई की जाएगी.

**तिसरी के पीएम श्री उच्च विद्यालय लोकायनयनपुर का है मामला**

### अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का सम्मान समारोह

**बेंगाबाद (शुभम संदेश)।** बेंगाबाद प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में मंगलवार को झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में महासंघ के राज्य महामंत्री डॉ. मनोज कुमार सिन्हा का स्वागत एवं सम्मान राज्याध्यक्ष अमर किशोर प्रसाद सिन्हा की उपस्थिति में किया गया. समारोह की अध्यक्षता राज्याध्यक्ष अमर किशोर प्रसाद सिन्हा ने की. अपने संबोधन में महामंत्री डॉ. मनोज कुमार सिन्हा ने कहा कि संगठन की मजबूती कर्मचारियों की एकजुटता पर निर्भर करती है. उन्होंने आठवें वेतनमान लागू करने, वेतन विसंगति दूर करने और 2400 ग्रेड पे बहाल करने की मांग को दोहराते हुए कहा कि महासंघ हमेशा कर्मचारियों के हितों की लड़ाई लड़ता रहेगा. राज्याध्यक्ष अमर किशोर प्रसाद सिन्हा ने कहा कि संगठन कर्मचारियों की आवाज सरकार तक पहुंचाने का कार्य पूरी मजबूती से कर रहा है और समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर संघर्षरत है. इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार मुर्मू एवं अंचलाधिकारी अमीर हमजा ने भी समारोह को संबोधित किया. उन्होंने संगठन की एकजुटता की सराहना की और कर्मचारियों से निष्ठापूर्वक कार्य करने का आह्वान किया. समारोह में बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे. अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ.

### शिक्षक के स्थानांतरण पर सुरजुडीह में विदाई समारोह

**कसमार (शुभम संदेश)।** कसमार प्रखंड मुख्यालय से सटे सुरजुडीह स्थित उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय में सहायक शिक्षक बिनोद कुमार सोनी के स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक वहाब अंसारी समेत अन्य शिक्षकों ने बिनोद कुमार सोनी के छह वर्षों की सेवा को याद किया और उन्हें उपहार तथा फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया. बताया गया कि उनका स्थानांतरण गिरिडीह जिले में हुआ है. विदाई समारोह के दौरान विद्यालय के अन्य शिक्षक और बच्चे भावुक होकर रो पड़े और पूरा माहौल गमगीन हो गया. इस मौके पर प्रधानाध्यापक वहाब अंसारी, शिक्षिका मालती कुमारी, सलमा खातून, शिक्षक कफील अहमद, सनाउल्लाह अंसारी, नूरुल अंसारी, शीन अख्तर, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शाकिर अनवर, विद्यालय की संयोजिका, माता समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित थे.

### खैराचातर में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत पौधरोपण

**कसमार (शुभम संदेश)।** कसमार प्रखंड के खैराचातर पंचायत में मंगलवार को बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत 12 एकड़ जमीन पर गड्ढा खोदो अभियान की शुरुआत कर पौधरोपण किया गया. इस दौरान स्थानीय मुखिया विजय कुमार जायसवाल और पंचायत सचिव भुवनेश्वर तुरी ने पौधरोपण की शुरुआत करते हुए अभियान में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया. मुखिया विजय जायसवाल ने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना मनरेगा की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके तहत धरती को हरा-भरा करने के साथ-साथ बागवानी फसलों के उत्पादन से किसान और लाभुक आत्मनिर्भर बनेंगे. मौके पर उपमुखिया अनिल कपरदार, मेघनाथ महतो, सुजीत कुमार राय, लखी देवी, गंगा देवी, चारुबाला देवी, मनीषा कुमारी सिंह, इंदु देवी, सोनाराम मांझी, विवेक शर्मा, सपन राय सहित कई लोग उपस्थित थे.

### प्रतिमा विसर्जन के साथ गणेश महोत्सव का समापन

**कसमार (शुभम संदेश)।** कसमार में आयोजित पांच दिवसीय गणेश महोत्सव का समापन सोमवार देर रात प्रतिमा विसर्जन के साथ हुआ. इस दौरान कसमार महावीर मंदिर परिसर स्थित पंडाल से गाजे-बाजे के साथ भव्य जुलूस निकाला गया, जो कसमार मुख्य सड़क, तेलमुंगा, गर्री, बाजार टांड़, धधकिया मोड़, सपाहीटांड़ होते हुए शिवराम बांध पहुंचा, जहां प्रतिमा का विसर्जन किया गया. विसर्जन यात्रा के दौरान श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ, जय गजानन जय गणेश जैसे जयकारे लगाते रहे और जमकर आतिशबाजी भी की. श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी. इस अवसर पर पंडित अविनाश चौबे, कृष्ण मोहन चौबे, हर्षित चौबे, गणेश महोत्सव पूजा समिति के अध्यक्ष सूरज साव तोगड़िया, उपाध्यक्ष राकेश रंजन, प्रीतम मिश्रा, सचिव विष्णु जायसवाल, उप सचिव मेघनाथ गोस्वामी, कोषाध्यक्ष कुशल जायसवाल, संरक्षक रजत मिश्रा सहित समिति के सदस्य मंजीत जायसवाल, उमाशंकर समेत कई लोग मौजूद थे. प्रतिमा विसर्जन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कसमार थाना प्रभारी भजन लाल महतो के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा.

# नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी पहुंचे गावां प्रखंड मुख्यालय



शुभम संदेश। गावां (गिरिडीह)

धनवार विधायक सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी मंगलवार को गावां प्रखंड मुख्यालय पहुंचे. इस दौरान उन्होंने प्रखंड कार्यालय और अस्पताल का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने आमलोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को निष्पादन का निर्देश दिया. मौके पर उन्होंने बीडीओ और सीओ से योजनाओं के संबंध में जानकारी ली. निरीक्षण के क्रम में उन्होंने गावां पुल के पास जमीन विवाद में फंसे सड़क निर्माण कार्य पर डीसी से बात कर जल्द समाधान की मांग की. वहीं, गावां खेल मैदान में आयोजित दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में भी शामिल हुए और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया. साथ ही सफल छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. अस्पताल निरीक्षण के दौरान टाइफाइड जांच किट की अनुपलब्धता पर उन्होंने गंभीर चिंता जताई और सिविल सर्जन से बात कर इसे अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. इसके बाद विधायक मरांडी गावां बाजार स्थित काली मंडा मंदिर परिसर पहुंचे, जहां स्थानीय लोगों ने उन्हें विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया. इस पर उन्होंने सभी मुद्दों के समाधान का भरोसा दिलाया.

# अंतरराज्यीय बाइक चोर गैंग का उद्भेदन, चार अपराधी गिरफ्तार

- चोरी की सात बाइक बरामद

शुभम संदेश। ललमटिया



ललमटिया थाना पुलिस ने एंटी क्राइम अभियान के तहत वाहन चेकिंग के दौरान एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जो अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का सरगना निकला. गिरफ्तार आरोपी का नाम मोहम्मद तालिबान है, जो बिहार के पीरपैंती थाना अंतर्गत ग्राम सुंदरपुर का निवासी है. सोमवार को ललमटिया पुलिस डकैता चौक पर सघन वाहन चेकिंग कर रही थी. इसी दौरान जेएच-17 केयू-9459 नंबर की बाइक पर सवार मोहम्मद तालिबान को रोका गया और बाइक के वैध कागजात मांगे गए. पूछताछ में उसके जवाब से पुलिस हैरान रह गई, क्योंकि उसने स्वीकार किया कि जिस बाइक पर वह सवार है, वह चोरी की है. तत्पश्चात पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर थाना ले आई. आरोपी के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर पुलिस अधीक्षक ने एक विशेष छापामारी दल का गठन किया. इस दल ने बिहार के पीरपैंती थाना क्षेत्र में तीन अलग-अलग टीम बनाकर छापेमारी की. छापेमारी के दौरान सात चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गईं. साथ ही गुफरान खान (पिता- मोहम्मद कासिम, ग्राम- पीरपैंती), मोहम्मद जाहिद उर्फ मांगन (पिता- शेख मुस्लिम), मोहम्मद बुधु (ग्राम-पीरपैंती) और पप्पू पासवान (पिता- उदय पासवान, ग्राम- मलिकपुर) को गिरफ्तार किया गया. महगामा एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद ने बताया कि गिरफ्तार सभी अभियुक्तों ने महगामा, ललमटिया, मेहरमा, बोआरीजोर सहित अन्य थानों में दर्ज कुल 17 कांडों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है. सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है. छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक वीरेंद्र पासवान, ललमटिया थाना प्रभारी रौशन कुमार सिंह, मेहरमा थाना प्रभारी सौरभ ठाकुर, बोआरीजोर थाना प्रभारी ध्रुव कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक प्रभास दास, अश्विनी कुमार, सत्यदीप, सहायक अवर निरीक्षक धनंजय शाही, सुरेंद्र यादव, महेश टोप्पो सहित थाना के सशस्त्र बल और सैप के जवान शामिल थे.

# परिसदन का डीसी, डीडीसी ने किया निरीक्षण

## निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्यों का लिया जायजा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



शुभम संदेश। बोकारो

उपायुक्त अजय नाथ झा और उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने बोकारो परिसदन का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने संचालित निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का जायजा लिया. डीसी, डीडीसी ने क्रमवार परिसदन के कार्यालय, सभागार, शौचालय, विभिन्न कमरे और रसोई घर का निरीक्षण किया. प्रगति पर संतोष जताते हुए उन्होंने कार्यरत एजेंसी के प्रतिनिधियों एवं नजारत उप समाहर्ता (एनडीसी) प्रभाष दत्ता को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूरे हों, ताकि यहां आने वाले अतिथियों को बेहतर सुविधा और वातावरण मिल सके. निरीक्षण के दौरान परिसर और कमरों की नियमित साफ-सफाई तथा हरियाली को और सुदृढ़ बनाने पर भी चर्चा की गई. डीसी, डीडीसी ने निर्देश दिया कि सभी चल रहे कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और निर्धारित समय में उन्हें पूरा किया जाए. मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी (चास) प्रांजल ढांडा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी और कर्मी मौजूद थे.

## आत्महत्या की अनुमति लेने पहुंचे थे श्याम सुंदर, पेंशन स्वीकृति से लौटी उम्मीद

**बोकारो।** समाहरणालय में मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में वर्षों से लंबित कई मामलों का समाधान तत्काल किया गया. सबसे भावुक क्षण तब आया जब सेक्टर-8 निवासी श्याम सुंदर कुमार ने आत्महत्या की अनुमति का आवेदन उपायुक्त अजय नाथ झा को सौंपा. उन्होंने बताया कि दुर्घटना में हाथ क्षतिग्रस्त होने और कंपनी द्वारा वादे पूरे न किए जाने से वे आर्थिक संकट में थे. डीसी ने उन्हें आत्महत्या जैसे कदम से रोकते हुए जीवन के महत्व को समझाया और तत्काल उनका दिव्यांग पेंशन स्वीकृत कराया. यह सुनकर श्याम सुंदर भावुक हो उठे. इसी दौरान बसंत बिहार निवासी राकेश कुमार को भी वर्षों से लंबित भूमि का रसीद मिला. डीसी ने कहा कि जनता दरबार आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान का सशक्त माध्यम है. मंगलवार को आयोजित दरबार में 40 से अधिक आवेदन आए, जिनमें कई का निपटारा मौके पर ही किया गया.

## डीपीएस चास में 222 विद्यार्थियों को मिला सम्मान

**बोकारो।** दिल्ली पब्लिक स्कूल चास में सर्वांगीण उपलब्धि पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया. शैक्षणिक सत्र 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा 2 से 5 तक के 222 विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र और बैज देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज, चास थाना प्रभारी प्रकाश मंडल और महिला थाना प्रभारी सुनीला लिंडा मौजूद रहे. एसडीपीओ ने कहा कि कड़ी मेहनत सफलता की कुंजी है. विशेष सम्मान रिया कुमारी, रायना ठाकुर, अर्क सरकार और मनीषा कुमारी को मिला. विद्यालय की प्राचार्या डॉ. मनीषा तिवारी ने शिक्षा में अनुशासन और नियमितता पर बल दिया.

### जिला परिषद की दुकान से अवैध कब्जा हटाकर किया सील

# अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध आगे भी चलेगा अभियान : डीडीसी



**शुभम संदेश। धनबाद**

बरटांड़ स्थित जिला परिषद की दुकान संख्या- आर(1)9 को दंडाधिकारी, पुलिस फोर्स, नाजिर, अमिन व अन्य कर्मियों तथा अवैध कब्जाधारी की उपस्थिति में कब्जा मुक्त कर दुकान को सील कर दिया गया. उपविकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, सादात अनवर ने बताया कि बरटांड स्थित जिला परिषद की दुकान संख्या - आर(1)9 शोभा देवी / शोभा कुमारी, पिता - स्व रामचन्द्र बाउरी, ग्राम - सांगामहुल, पो मुगमा, थाना - निरसा, जिला - धनबाद को आवंटित किया गया था. शोभा देवी ने एक आवेदन देकर सूचित किया कि वर्तमान में उक्त दुकान को गैर कानूनी रूप से अर्जुन कुमार पिता - लक्ष्मण प्रसाद, पता - हाउसिंग कॉलोनी, धनबाद द्वारा अवैध कब्जा कर दुकान का संचालन किया जा रहा है. उन्होंने उक्त दुकान को अवैध कब्जा मुक्त करने के लिए अनुरोध किया. इसके बाद दोनों पक्षों को नोटिस निर्गत कर अपना पक्ष रखने के लिए निर्देशित किया गया. इस क्रम में विभिन्न तिथियों को मामले की सुनवाई की गई. सुनवाई के दरम्यान शोभा देवी द्वारा निर्धारित तिथि को उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करते हुए कागजात समर्पित किया गया, परन्तु अर्जुन कुमार न तो सुनवाई की निर्धारित तिथि में उपस्थित हुए और न ही उनके द्वारा उक्त दुकान आवंटन से संबंधित जिला परिषद कार्यालय द्वारा उनके नाम से निर्गत दुकान आवंटन संबंधित कोई वैद्य कागजात प्रस्तुत किया गया. उप विकास आयुक्त ने बताया कि 15 अक्तूबर 2024 को थानेश्वर प्रसाद गुप्ता ने एक आवेदन देकर सूचित किया कि जिला परिषद की दुकान संख्या - आर(1)9 उन्होंने अर्जुन कुमार से पावर ऑफ एर्टीनी के माध्यम से प्राप्त किया है. बिना जिला परिषद कार्यालय की अनुमति से जिला परिषद स्वामित्व के अधीन कोई भी दुकान पावर ऑफ एर्टोनी के माध्यम से प्राप्त किया जाना नियम विरूद्ध तथा विधि विपरीत है. जिला परिषद के स्वामित्व वाली बरटांड तथा जिले के अन्य स्थानों पर स्थित दुकान को किसी अनाधिकृत व्यक्ति द्वारा कब्जा कर संचालन करने से जिला परिषद को राजस्व की क्षति हो रही है. उन्होंने कहा कि दुकान पर अवैध कब्जा धारी को अपना पक्ष रखने का पर्याप्त समय दिया गया, परंतु वे दुकान आवंटन संबंधित कोई वैद्य कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके. फलस्वरूप दुकान को कब्जा मुक्त कर सील कर दुकान की चाभी जिला परिषद कार्यालय को सौंपी गई. आगे भी अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी. मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी रवींद्रनाथ ठाकुर, नाजीर शंकर महतो, जिला परिषद के सहायक अभियंता रोबिन कुमार मंडल, कनीय अभियंता रामाकांत कुमार, अमीन सतीश चंद्र महतो, सहायक शिवराज निकुम तथा पुलिस बल के जवान मौजूद थे.

# डीसी ने किया सदर अस्पताल का निरीक्षण

### आधारभूत संरचना, नए भवन निर्माण, मरम्मत समेत पुराने भवन को तोड़ने का निर्देश



**शुभम संदेश। धनबाद**

उपायुक्त आदित्य रंजन ने सदर अस्पताल के पूरे परिसर का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने प्रस्तावित प्लान के अनुसार नए भवन निर्माण के लिए चिन्हित स्थानों का भौतिक निरीक्षण किया. प्रस्तावित प्लान के अनुसार ओपीडी के लिए भवन निर्माण, बाउंड्री निर्माण, इमरजेंसी एरिया, वेटिंग एरिया निर्माण, शेड निर्माण, ओपीडी के लिए पार्किंग निर्माण, शौचालय निर्माण, अप्रोच रोड निर्माण, पाथवे निर्माण समेत बिना प्रयोग वाले पुराने भवन के अतिक्रमण को खाली कराकर तोड़ने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए. इसके अलावा उन्होंने अस्पताल में रजिस्ट्रेशन काउंटर निर्माण, दो पहिया वाहन तथा चार पहिया वाहन पार्किंग निर्माण, सदर अस्पताल में एक तल बढ़ाने, प्रतीक्षालय निर्माण, पेयजल की व्यवस्था करने, एमटिसी वार्ड का निर्माण करने, डायलिसिस केंद्र में एक तल और बढ़ाने, किचन निर्माण करने, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड तथा जांच घर का निर्माण करने, प्रशिक्षण केंद्र निर्माण समेत सभी आधारभूत संरचना का निर्देश दिया. उपायुक्त ने स्टाफ क्वार्टर एरिया, पीसी एंड पीएनडीटी कार्यालय, एनसीडी कार्यालय, फूड एंड ड्रग कंट्रोल कार्यालय, पैथोलॉजी लैब, पंचकर्मा के नए भवन का भी निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने प्रस्तावित प्लान के अनुसार भवन निर्माण, मरम्मती, पुराने भवन को तोड़ने, तथा आम जनों के सहूलियत को ध्यान में रखते हुए कार्य करने की ाबत कही. मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर आलोक विश्वकर्मा, सदर उपाधीक्षक डॉक्टर संजीव प्रसाद, भवन प्रमंडल से सहायक अभियंता, डीएमएफटी की टीम समेत अन्य मौजूद रहे.

# गोंदुडीह ग्वाला बस्ती को अंयत्र बसाने की मांग



**शुभम संदेश। धनबाद**

प्रभारी सामाजिक सुरक्षा कोषांग नियाज अहमद ने मंगलवार को जनता दरबार में विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं सुनी. इसमें कुसुण्डा स्थित गोन्दुडीह ग्वाला बस्ती के ग्रामीणों ने बताया कि वह स्थान अग्नि प्रभावित क्षेत्र है. आने-जाने वाले मुख्य सड़क मार्ग में जमीन फटकर गोफ बन गया है. ज्वलनशील गैस निकल रही है. बस्ती में कई धार्मिक स्थल हैं जो क्षतिग्रस्त हो गए हैं. बस्ती में 35 से 40 घर है. भूमिगत गैस के कारण यहाँ के लोगों को अनेक प्रकार की बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है. ग्रामीणों ने बस्ती को दूसरे स्थान पर विस्थापित करने की गुहार लगाई. इसके अलावा जनता दरबार में पैरालिसिस होने के बावजूद नियोजक द्वारा सहायता प्रदान नहीं करने, प्रोजेक्ट अफेक्टेड होने के बावजूद कोई सहायता नहीं मिलने सहित अन्य मामले आए. प्रभारी जन शिकायत कोषांग ने सभी मामलों के निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को आवेदन अग्रसारित किए.

# डीवाईएफआई ने की कुजामा में हैंड लोडिंग की मांग




**शुभम संदेश। झरिया**

डीवाईएफआई के लोदना क्षेत्रीय कमिटी के द्वारा कुजामा लोडिंग पॉइंट में हैंड लोडिंग की मांग को लेकर जुलूस व प्रदर्शन किया साथ ही परियोजना पदाधिकारी एनटी /एसटी को 6 सूत्री मांग पत्र भी सौंपा गया. सभा को संबोधित करते हुए जिला सचिव नौशाद अंसारी ने कहा कि कुजामा लोडिंग पॉइंट में वर्चस्व को लेकर जो लड़ाई का वातावरण बन रहा है. इसका मुख्य कारण ट्रक मशीन के द्वारा लोड करना है. लोदना क्षेत्र 10 को बाघमारा बनाने की साजिश हो रही है. भारत की जनवादी नौजवान सभा लोकतंत्र व संविधान के अधिकारों पर विश्वास करते हुए प्रशासन व बीसीसीएल प्रबंधन से लोदना क्षेत्र के अंदर बेरोजगार, विस्थापित युवाओं को राज्य सरकार की योजना के तहत 75% लोगों को प्राथमिकता के अनुसार रोजगार सृजन करे योजना लागू करने की मांग किया है. कार्यक्रम में प्रजा पासवान, संतोष पासवान, नीरज पासवान, मनोज प्रजापति, बिनोद पासवान, रामबृक्ष धारी, अर्जून पासवान, संजय पासवान, भोला माली, हेमंत बाउरी, मनोज पासवान,सियाम भुइंया, कन्हैया पासवान,अमर पासवान,राजु भुइंया आदि लोग उपस्थित थे.

### ट्रांसफार्मर में लगी आग क्षेत्र में पसरा अंधेरा

**निरसा बाजार (शुभम संदेश)।** निरसा हडीयाजाम कोलियरी के अंतर्गत मोदीधौडा बस्ती के समीप ट्रांसफार्मर रूम में अचानक शार्ट सर्किट से आग लग जाने के कारण अफरा तफरी मच गई. घटना स्थल के समीप ही बस्ती होने के कारण लोग हल्ला करके घर से बाहर निकले. इसकी सूचना कोलियरी प्रबंधक को दी. बोलकर लाइन कटवाई गई. प्रबंधक द्वारा इसकी सूचना झारखंड विद्युत निगम एवं एमपीएल को दी गई. सूचना मिलते ही एमपीएल का दमकल पहुंचा और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. झारखंड विद्युत बोर्ड के कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे. इधर ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण सभी घरों में अंधेरा छा गया है. कोलियरी के रास्ते भी अंधकारमय हो गए. इस संबंध में सूत्रों द्वारा बताया जाता है कि 500 केबी का पुराना जर्जर ट्रांसफार्मर था. अत्यधिक लोड होने के कारण जल गया. आसपास के घरों में लोग हीटर से खाना बनाते हैं एवं एसी चलते हैं यह भी बिजली लोड का एक प्रमुख कारण बना. लोगों का कहना है कि अधिकारी जल्द से जल्द इसे ठीक नहीं किया तो महीनों अंधेरा में रहना होगा, जिससे चोरी चमारी घरों में बढ़ेगी.

# आरपीएफ ने मोबाइल चोर को किया गिरफ्तार



**शुभम संदेश। धनबाद**

सोमवार मंगलवार की रात धनबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 8 पर वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देश पर आरपीएफ और सीआईबी की संयुक्त टास्क टीम ने करीब 2:50 बजे एक चोर, दानिश कुरैशी उर्फ अरमान कुरैशी (30 वर्ष, पताः नया बाजार, ईदगाह मस्जिद के पास, थाना-बैंक मोड़, धनबाद) को पकड़ा. उसने मौर्या एक्सप्रेस के सामान्य कोच से यात्री विक्रम सहनी (30 वर्ष, पताः मलाई डीह, बिहपुर, बेगूसराय, बिहार) का मोबाइल और नकदी चुराने की बात कबूली. टीम ने एक नेवी ब्लू वीवो स्मार्टफोन और 3,300 रुपये नकद (कुल मूल्य करीब 21,300 रुपये) बरामद किए. बरामद सामान जब्त कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया. एएसआई जीबलाल राम की शिकायत पर जीआरपी में कांड संख्या 83/25, धारा 303(2)/317(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज हुआ, जिसकी जांच एएसआई रामनंदन सिंह कर रहे हैं. जांच में अभियुक्त का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड सामने आया, जिसमें 2011 से 2024 तक जीआरपी में 8 मामले (धारा 379, 411, 414 आईपीसी और 317(5), 03(5) बीएनएस) और आरपीएफ में 2012 का एक मामला शामिल हैं. गश्ती दल में जीबलाल राम (एएसआई), बबुलेश कुमार, विवेक कुमार, प्रमोद कुमार, शशिकांत तिवारी, और फूलचंद महतो शामिल थे.

## आसनसोल

### मंच गिराने के विरोध में तृणमूल कांग्रेस की रैली

**बर्नपुर (शुभम संदेश)।** कोलकाता के मेयो रोड पर गांधी प्रतिमा के समक्ष तृणमूल कांग्रेस द्वारा लगाए गए विरोध मंच को कथित रूप से भारतीय सेना के जवानों द्वारा गिराए जाने की घटना के खिलाफ मंगलवार शाम आसनसोल दक्षिण टाउन ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस ने जोरदार रैली निकाली. रैली त्रिवेणी मोड़ से शुरू होकर बर्नपुर बस स्टैंड तक पहुंची, जहां एक पथ सभा का आयोजन किया गया. सभा को संबोधित करते हुए तृणमूल नेताओं ने भाजपा पर सेना को राजनीतिक उद्देश्य के लिए इस्तेमाल करने का आरोप लगाया. तृणमूल युवा नेता अमित सेन ने कहा कि भाजपा धर्म, भाषा और जाति के आधार पर देश को बांटने की कोशिश कर रही है. उन्होंने कहा कि देशभर में बांग्ला भाषियों पर हो रहे अत्याचार को तृणमूल कांग्रेस कभी बर्दाश्त नहीं करेगी. सभा में पार्षद मोहम्मद हर्षतुल्ला, अक्षय घोष, पूर्णेंदु चौधरी, सोना गुप्ता, राकेश शर्मा समेत बड़ी संख्या में तृणमूल कार्यकर्ता मौजूद थे.

# जावेद हत्याकांड में मास्टरमाइंड चचेरी बहन और ड्राइवर गिरफ्तार

**शुभम संदेश। कुल्टी**



नियामतपुर फाड़ी अंतर्गत रहमानपाड़ा में बीते शुक्रवार रात हुए जावेद बारिक हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. इस सनसनीखेज मामले में मृतक की चचेरी बहन फराह नाज़ और उसके ड्राइवर व रिश्ते में भाई साजिद उर्फ फैजल को जलपाईगुड़ी से गिरफ्तार कर लिया गया है. दोनों को मंगलवार को आसनसोल जिला न्यायालय में पेश किया गया, जहां पुलिस ने 7 दिन की रिमांड की मांग की. घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि शुक्रवार रात दो अज्ञात शूटर बाइक पर सवार होकर जावेद बारिक की गोली मारकर हत्या कर फरार हो गए थे. हत्या की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी. फुटेज के आधार पर मृतक की पत्नी ने जावेद के चचेरे भाई इंतिकाम आलम को आरोपी बनाया था. पुलिस ने शनिवार को ही इंतिकाम आलम को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया और रिमांड पर लिया. पूछताछ के दौरान इस हत्या की गुत्थी सुलझती चली गई और जांच में फराह नाज़ का मास्टरमाइंड के रूप में नाम सामने आया. नियामतपुर फाड़ी पुलिस, जलपाईगुड़ी कोतवाली थाना के सहयोग से सोमवार को बेरूबाड़ी गांव से फराह नाज़ और उसके ड्राइवर साजिद उर्फ फैजल को गिरफ्तार कर लाई. फराह, मृतक जावेद की चचेरी बहन है और फैजल, फराह का चाचा का लड़का बताया जा रहा है. अब तक इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि दोनो शूटरों की तलाश जारी है. मंगलवार को आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत आने वाली फॉरेंसिक जांच टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया. रहमानपाड़ा स्थित जिस जगह पर जावेद की हत्या की गई थी, वहां इलाके को पूरी तरह सील कर दिया गया था. टीम ने घटनास्थल से नमूने एकत्र किए और फोटोग्राफी कर जांच के लिए सुरक्षित किया. नियामतपुर पुलिस पूरे हत्याकांड की हर एंगल से जांच में जुटी हुई है. पुलिस का मानना है कि जल्द ही शूटरों की पहचान कर उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा. यह मामला पारिवारिक रंजिश से जुड़ा हुआ माना जा रहा है.

## न्यूज अपडेट

### जंगल से मानव कंकाल बरामद, दहशत

**पुरुलिया (शुभम संदेश)।** पुरुलिया जिले के संतालडीह थाना क्षेत्र में घने जंगल से मंगलवार को एक मानव कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया है. संतालडीह के पोराडी गांव के पास को-बागान नामक जंगल में यह मानव कंकाल मिला है. स्थानीय निवासी संजय कुमार ने बताया कि पोराडी गांव के कई लोग जंगल से होकर जा रहे थे, तभी उन्होंने मानव कंकाल देखा. मानव कंकाल देखकर स्थानीय लोगों में दहशत में है. कुछ ही देर में, उत्सुक स्थानीय लोग घटनास्थल पर जमा होने लगे. संतालडीह पुलिस थाने को इसकी सूचना दी गई. सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुँची और जंगल से कंकाल बरामद किया. बाद में, उसे पोस्टमार्टम के लिए पुरुलिया सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया गया. उधर, पुलिस ने जंगल में भी तलाशी अभियान चलाया. पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस घटना में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया गया है. हालाँकि, अभी तक कंकाल की पहचान के बारे में कुछ पता नहीं चल पाया है. पुलिस का मानना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण और समय के बारे में विस्तृत जानकारी मिल पाएगी. उधर, संथालडीह थाना पुलिस ने पूरे मामले की गहन जांच शुरू कर दी है. पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि शव को जंगल में किसने फेंका.

### पुरुलिया जिले में 469 सीसीटीवी कैमरे लगेंगे

**पुरुलिया (शुभम संदेश)।** जिले में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुरुलिया जिले के 23 थाना क्षेत्रों में 469 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे. इन कैमरों की मदद से जिले के महत्वपूर्ण मार्गों, गाँवों, शहरों और सीमावर्ती क्षेत्रों की 24 घंटे निगरानी की जाएगी. इस पूरी प्रणाली को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में बने अत्याधुनिक नियंत्रण कक्ष से संचालित किया जाएगा. नियंत्रण कक्ष का उद्घाटन पुलिस दिवस के अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक अभिजीत बनर्जी ने किया. इस अवसर पर जिले के अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी उपस्थित थे. उद्घाटन अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिजीत बनर्जी ने कहा कि यह विशेष नियंत्रण कक्ष अपराध की रोकथाम, अपराध के मार्ग की पहचान, और यातायात नियंत्रण में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा. उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति संदिग्ध रूप से घूमता दिखाई देता है, तो कैमरों की मदद से उसकी गतिविधियों पर नज़र रखी जाएगी और आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाई की जा सकेगी.सके साथ ही, यदि कहीं से ट्रैफिक जाम की जानकारी मिलती है, तो अतिरिक्त पुलिस बल भेजकर यातायात को सुचारु किया जा सकेगा. जिले में यह कदम न केवल कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाएगा, बल्कि सुरक्षा के डिजिटल निगरानी युग की ओर एक बड़ा कदम माना जा रहा है. प्रशासन का मानना है कि इससे अपराधियों पर नकेल कसने में मदद मिलेगी और आम नागरिकों को सुरक्षित माहौल मिलेगा.

### गोफ की भराई में अनियमितता, लोगों ने जताया विरोध

**नियामतपुर (शुभम संदेश)।** आसनसोल-बराकर मुख्य मार्ग जीटी रोड पर नबी नगर के समीप बीते शनिवार की शाम एक बड़ा गौफ (धंसान/गड्ढा) बन जाने से इलाके में दहशत का माहौल बन गया था. घटना के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सर्वे किया और बताया कि करीब 85 फीट गहरा धंसान हुआ है, जिसके भीतर पानी का बहाव भी देखा गया. मंगलवार को राज्य लोक निर्माण विभाग द्वारा गोफ की भराई का कार्य शुरू किया गया, जहां छाई और बालू मिलाकर उसे भरने का प्रयास किया गया. लेकिन स्थानीय लोगों ने भराई की गुणवत्ता और प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए विरोध प्रदर्शन किया. स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि इतने बड़े पैमाने की धंसान के बावजूद प्रशासन सही तकनीकी उपायों को नजरअंदाज कर रहा है.

### रानीगंज में निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन

**रानीगंज (शुभम संदेश)।** मंगलवार को रानीगंज थाना परिसर में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), रानीगंज शाखा की ओर से एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया. कैंप में ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. अरूपानंद पाल, डॉ. एस. माझी सहित कई चिकित्सकों ने सैकड़ों लोगों की जांच की. आईएमए रानीगंज शाखा की अध्यक्ष डॉ. चैताली बसु ने कहा कि संस्था का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लोगों तक निःशुल्क चिकित्सा सेवा पहुँचाना है. उन्होंने रानीगंज पुलिस का सहयोग के लिए आभार जताया.रानीगंज थाना प्रभारी विकास दत्त ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का उद्देश्य जनता को स्वस्थ जीवन और जागरूकता के प्रति प्रेरित करना है.

## प्रतियोगिताओं के साथ सांकतोड़िया में राजभाषा हिंदी माह का शुभारंभ



**शुभम संदेश। सांकतोड़िया**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ईसीएल मुख्यालय सहित सभी खनन क्षेत्रों में सितंबर माह को राजभाषा (हिंदी) माह के रूप में उल्लास और उत्साह से मनाया जा रहा है. मंगलवार को मानव संसाधन विभाग के सभा कक्ष में इस माह का शुभारंभ समारोह आयोजित हुआ, जिसमें निदेशक (मानव संसाधन) गुंजन कुमार सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. शुभारंभ समारोह में बांग्ला-हिंदी काव्य पाठ एवं हिंदी टंकण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया. सभा को संबोधित करते हुए निदेशक सिन्हा ने कहा कि हमारे देश में अंग्रेजी को अधिक महत्व दिया जाता है, लेकिन हमें अपनी मातृभाषा और राजभाषा हिंदी को सम्मान देना चाहिए. हमें अंग्रेजियत से मुक्त होकर अपनी भाषायी जड़ों से जुड़ना होगा. हिंदी का इतना व्यापक प्रयोग होना चाहिए कि भविष्य में राजभाषा माह मनाने की जरूरत ही न पड़े. कार्यक्रम के अगले चरण में, भारत सरकार की हिंदी शिक्षण योजना के तहत प्रबोध, प्रवीण, प्राज्ञ और पारंगत पाठ्यक्रमों की परीक्षा में सफल हुए कर्मियों को गृह मंत्रालय द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र निदेशक (मानव संसाधन) द्वारा प्रदान किए गए.बांग्ला-हिंदी काव्य पाठ में ईसीएल कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. हिंदी काव्य पाठ के समीक्षक के रूप में श्री अजय राय, वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त) तथा बांग्ला काव्य पाठ के समीक्षक के रूप में वरिष्ठ बांग्ला कवि श्री वैद्यनाथ कर्मकार उपस्थित रहे. इसी अवसर पर आयोजित हिंदी टंकण प्रतियोगिता में 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया. सफल प्रतिभागियों को 26 सितंबर को होने वाले पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया जाएगा.

# ईसीएल मुख्यालय पर सीएमएसआई ने निजीकरण के खिलाफ उठाई आवाज

**शुभम संदेश। सांकतोड़िया**

सीटू से संबद्ध सीएमएसआई यूनियन के बैनर तले मंगलवार को ईसीएल मुख्यालय पर एमडीओ मोड रेवेन्यू शेयरिंग योजना समेत दस सूत्री मांगों को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया. प्रदर्शन में बड़ी संख्या में मजदूर और यूनियन प्रतिनिधि शामिल हुए.मौके पर उपस्थित यूनियन नेताओं में मीनाक्षी मुखर्जी, आभाष राय चौधरी, सुजीत मुखर्जी, गौरांग चटर्जी, गणेश झा, प्रमोद हेम्ब्रम, बिरजू यादव सहित कई अन्य वक्ताओं ने अपने विचार रखे.प्रदर्शन की मुख्य वक्ता मीनाक्षी मुखर्जी ने केंद्र सरकार और कोल इंडिया के कामकाज पर सवाल उठाते हुए कहा कि केंद्र सरकार कोल इंडिया के शेयर बेचकर इसे निजी हाथों में सौंपना चाहती है. उन्होंने श्रम कोड को रद्द करने की मांग की और कहा:दिल्ली सरकार देश का बेसरकारीकरण (निजीकरण) करना चाहती है. सवाल उठता है कि फिर देश को चलाएगा कौन? संविधान की बात की जाती है, लेकिन आज ऐसा लगता है कि मोदी जी और अमित शाह संविधान से भी ऊपर हो गए हैं.उन्होंने कहा कि भारत कोयले के उत्पादन में अग्रणी है और ईसीएल देश की संपत्ति है, इसलिए इसका संरक्षण आवश्यक है. उन्होंने चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि यहां लूट मची हुई है, जिसे अब और नहीं सहा जाएगा. लातों के भूत बातों से नहीं मानते, हमें अब लड़ाई लड़नी होगी. कोलियरी किसी की पुश्तैनी नहीं, यह देश की संपत्ति है और हम इसका निजीकरण नहीं होने देंगे.गौरांग चटर्जी ने कहा कि ईसीएल में एमडीओ रेवेन्यू शेयरिंग के नाम पर निजीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि कोयला चोरी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं. उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की इस नीति के खिलाफ मजदूर एकजुट हो रहे हैं.उन्होंने यह भी कहा कि ठेका मजदूरों को हाई पावर कमिटी द्वारा अनुमोदित वेतन नहीं दिया जा रहा है. उन्हें कम वेतन देकर निपटा दिया जा रहा है, जबकि जेबीसीसीआई में जो दरें तय की गई हैं, उनके अनुसार भुगतान होना चाहिए. चटर्जी ने कहा कि हरीशपुर, पांडवेश्वर (बंगाल पाड़ा), हरिपुर और जामुरिया के कुछ क्षेत्रों में धसान प्रभावित परिवारों को अब तक पुनर्वासन नहीं मिला है. उन्होंने जानकारी दी कि इस मुद्दे को केंद्र में रखकर यूनियन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी, जिसके तहत कोल इंडिया और केंद्र सरकार को 2261 करोड़ रुपये देने का आदेश दिया गया है.यूनियन ने कोलियरियों में सुरक्षा उपायों को बेहतर बनाने, मुख्यालय से लेकर कोलियरी स्तर तक मजदूरों की लंबित मांगों का जल्द निपटारा करने और श्रमिक हितों की अनदेखी न करने की मांग की.यूनियन ने प्रदर्शन के दौरान ईसीएल के सीएमडी द्वारा मांग पत्र स्वीकार किए जाने पर धन्यवाद ज्ञापित किया. साथ ही जानकारी दी कि आगामी 13 सितंबर को मांगों को लेकर सीएमडी के साथ विस्तृत चर्चा की जाएगी.





# रिश्ते में फिर से नए रंग भरना चाहती हैं तो आजमाइए ये टिप्स

जीवन में मध्य काल को पार करने के बाद बहुत से दंपती की रोमांस में दिलचस्पी का कम होते जाना स्वाभाविक है। बहुत से दंपती यह सोचते हैं कि कब उनके साथ प्यारभरी बातें की थीं। शायद महीनों हो गए। नतीजा रिश्तों में कड़वाहट के रूप में सामने आता है। यदि आप अपने बेजान होते रिश्ते में फिर से प्यार के नए रंग भरना चाहती हैं तो ये टिप्स आजमाइए।

वैवाहिक जिंदगी में अगर दूरियां जगह बनाने लगें तो समझिए आप दोनों का रिश्ता लंबा नहीं चल पाएगा। रिश्ते में फिर से गर्माहट लाने के लिए अपने पार्टनर के साथ नियमित रूप से प्यारभरी बातें करें। प्यार से जहां आपको संतुष्टि मिलेगी, वहीं पार्टनर भी आपके करीब आएंगे। शादी के बाद वाला रोमांटिक मूड बनाए रखने के लिए पत्नी हमेशा पति से खूब लाड लड़ाए, पति की हर मांग और इच्छा को पूरा करने के लिए खुशीखुशी तैयार रहे। पति उसके लिए कुछ अच्छा काम करें, तो पत्नी उन्हें दिल से धन्यवाद देना न भूले। इस रोमांटिक मौसम में एक खूबसूरत सी डेट प्लान करें, रिश्ते की रूमानियत बनाए रखने की जिम्मेदारी भी तो आपकी ही है। ऐसे में एक-दूसरे के साथ टाइम बिताने के लिए डिनर डेट प्लान करें इतना बेस्ट मौका मिला है टीवी देखते समय, कार में बैठे हुए या साथ चलते हुए, एक-दूसरे का हाथ थामना न भूलें। पार्टनर का ये स्पर्श आपको उन दिनों की याद ताजा करा देगा जब एक-दूसरे का हाथ थामते ही आपके दिल की धड़कनें तेज हो जाती थीं। रोमांस करने से आत्मसम्मान में बढ़ोतरी होती है। पार्टनर को अगर ऑफिस के काम का बोझ सता रहा है, तो उसकी इस परेशानी को आप बहुत हद तक सेक्स के जरिए दूर कर सकते हैं। प्यार आपको साथी के करीब तो लाता ही है, साथ ही आपका तनाव भी दूर करता है। हफ्ते में दो से तीन बार रोमांस करने से ब्लड प्रेशर बराबर रहता है, जिससे स्ट्रेस लेवल कम होता है और ज्यादा खुश रहते हैं।



# सीमित आय के साथ खरीदें अपने सपनों का घर

घर ख़रीदना एक बहुत बड़ा निवेश है। ख़ासतौर पर उनके लिए जिनकी आय सीमित है। अधिकांश युवाओं का मासिक वेतन 15 हज़ार रुपये प्रति माह से शुरू होकर लगभग 3 वर्षों में 25 से 30 हज़ार रुपये प्रति माह तक पहुंचता है। इसी में कई ख़र्चे पूरे करने होते हैं जिसके बाद घर का सपना पूरा कर पाना लगभग नामुमकिन लगने लगता है। इसी वर्ग को ध्यान में रखकर हम एक ऐसी रणनीति तैयार करेंगे ताकि हर कोई अपने घर का सपना साकार कर सके।

## बजट से शुरुआत

सबसे पहले अपना बजट बनाएं। इस बात का प्रयास करें कि प्रारंभ में आप ऐसा घर ख़रीदें, जो आपके बजट में आता हो। बाद में उसे बेचकर प्राप्त राशि को डाउन पेमेंट की तरह प्रयोग करते हुए बड़े घर के लिए बड़ा लोन लेने पर विचार कर सकते हैं।

## क्षेत्र का चयन

आमतौर पर शहर के व्यस्त या विकसित इलाक़ों में घरों की क़ीमतें अधिक होती हैं। इसलिए ऐसे इलाक़ों की खोज करें जहां अभी क़ीमतें कम हैं, लेकिन अगले 5 वर्षों में बढ़ने की संभावनाएं हैं।

## ऋण की पात्रता जांच लें

कोई भी बैंक घर या फ्लैट की क़ीमत का शत-प्रतिशत लोन नहीं देता है। लोन की राशि घर की क़ीमत के 80 से 90 फ़ीसदी तक हो सकती है। आपके वेतन से होने वाली कटौतियों को भी ध्यान में रखा जाता है। कुल कटौतियां 60 फ़ीसदी से अधिक न हों, कुछ मामलों में यह 70 फ़ीसदी तक स्वीकार की जा सकती है।

## डाउन पेमेंट

अब प्रश्न यह है कि घर की क़ीमत और बैंक लोन के अंतर को कैसे पाटा जाए। इस उद्देश्य से इन विकल्पों पर विचार करें-

- यदि आपके पास स्वर्ण आभूषण हैं और वो लॉकर में रखे हैं, तो उन्हें काम पर लगाएं। गोल्ड लोन आसानी से और कम ब्याज पर मिल जाता है, जिससे प्राप्त धनराशि का उपयोग आप डाउनपेमेंट अथवा मार्जिन भरने के लिए कर सकते हैं।
- पोस्ट ऑफिस के एनएससी, बीमा पॉलिसी, बैंक का फिक्स्ड डिपॉज़िट, शेयर और म्यूचुअल फंड के आधार पर भी लोन लेकर आप धन जुटा सकते हैं।

## ईएमआई से पहले सिप

यदि लोन लेने के लिए आपके पास कुछ भी उपलब्ध नहीं है, तो कुछ वर्षों के लिए लोन लेने के विचार को स्थगित करें। ईएमआई का तनाव लेने से अच्छा है कि आप हर महीने किसी अच्छे इक्विटी म्यूचुअल फंड में एसआईपी यानी सिस्टमैटिक इंवेस्टमेंट की योजना बनाएं।

## आवास योजना भी एक विकल्प है

यह पता लगाएं कि आपके शहर में विकास प्राधिकरण की एलआईजी और एमआईजी आय वर्ग के लिए क्या कोई आवास योजना है। प्रायः सभी बड़े शहरों में निम्न और मध्यम आय वर्ग के परिवारों के लिए आवास योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिन शहरों और क़स्बों में प्राधिकरण नहीं है, वहां हमें प्रधानमंत्री आवास योजना के विषय में पता करना चाहिए। अफोर्डेबल हाउसिंग स्कीम के अंतर्गत भी सस्ते घर बनाए जा रहे हैं। इन योजनाओं के अंतर्गत बनाए जा रहे घरों की क़ीमतें काफ़ी किफ़ायती होती हैं।





# ड्रेस सलेक्ट करते समय रखें कलर का खास ख्याल

करते समय सिर्फ उस आउटफिट के वर्क और स्टाइल पर ही ध्यान नहीं दिया जाता बल्कि उसके कलर का भी खास ख्याल रखा जाता है, क्योंकि हर कलर हर महिला पर सूट करे ये जरूरी नहीं। इसलिए आउटफिट सेलेक्ट करते समय कलर का ख्याल रखना बहुत जरूरी है। वैसे कलर सिर्फ आपके कॉम्पलेक्शन को ही नहीं, बल्कि फिगर को भी कॉम्प्लीमेंट करता है। जी हां अगर आप स्लिम लुक चाहती हैं, तो आपको ड्रेस सलेक्ट करते समय उसके कलर का भी खास ख्याल रखना चाहिए। यदि आप कलर पर ध्यान नहीं देती हैं, तो ये आपके पूरे लुक को बिगाड़ सकता है। अगर आपकी बॉडी थोड़ी हैवी है, और आप स्लिम दिखना चाहती हैं, तो आपको आउटफिट के स्टाइल के साथ ही उसके कलर का खास ध्यान रखने की जरूरत है। आइए जानते हैं कुछ ऐसे कलर के बारे में जो आपको स्लिम लुक दे सकते हैं। अगर आप स्लिम लुक चाहती हैं, तो अपने वार्डरोब में डार्क कलर को जगह दें। आप डार्क कलर में स्लिम नजर आती हैं। आप डार्क कलर में ब्लैक, नेवी ब्लू, चॉकलेट ब्राउन या डार्क ये शेड्स चुन सकती हैं। यह आपको स्लिम लुक देगा। अगर आप स्लिम लुक चाहती हैं तो मोनोक्रोमैटिक रंग पहनें। मोनोक्रोमैटिक शेड्स पहनने से आपके शरीर का बल्की एरिया पतला नजर आता है। जैसे की हमने पहले ही कहा की कलर के साथ स्टाइल का भी आपको ख्याल रखना है, स्लिम दिखने के लिए सिर्फ एक ही कलर पर आप टिकी न रह जाएं बल्कि इसके बजाय आप डार्क और लाइट शेड्स का कॉम्बिनेशन के साथ भी ट्राई करें। इससे आप स्लिम और स्टाइलिश लुक पा सकती हैं।

# दमकती त्वचा का सपना पूरा करेंगे इन फलों के छिलके

आज तक आपने अच्छी सेहत बनाए रखने के लिए फलों को डाइट में शामिल करने की सलाह तो कई बार सुनी होगी पर क्या आप जानते हैं फल अगर आपको अच्छी सेहत पाने में मदद करते हैं तो फलों के छिलके आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम भी कर सकते हैं।

## पपीते का छिलका

चेहरे का रूखापन दूर करके त्वचा का ग्लो बढ़ाने का काम करता है पपीते का छिलका। इसके लिए पपीते के छिलके को सुखाकर बारीक पीस कर इसका पाउडर बना लें। अब दो चम्मच पाउडर में एक चम्मच गिलसरीन मिलाकर उसका गाढ़ा पेस्ट बनाकर उसे अपने चेहरे पर फेस पैक की तरह लगा लें। पैक सूख जाने पर अपना चेहरा धो लें। चेहरे की टैनिंग हटाने के लिए पपीते के छिलके को पीसकर उसमें नींबू का रस मिला कर इस्तेमाल करें।

## संतरे का छिलका

चेहरे पर मौजूद दाग-धब्बे, मुहांसों और टैनिंग से निजात पाने के लिए संतरे के छिलके को पीसकर उसका बारीक पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट में 2 चम्मच कच्चा दूध और दो चुटकी हल्दी मिलाकर इस पेस्ट को फेस पैक की तरह चेहरे पर लगाएं। पैक सूखने पर चेहरे ठंडे पानी से धो लें।

## नींबू का छिलका

टैनिंग दूर करने के लिए नींबू के छिलके को पीसकर उसका पेस्ट बनाकर चेहरे पर फेस पैक की तरह इस्तेमाल करें।

## केले का छिलका

टैनिंग से छुटकारा पाने के लिए आप केले के छिलके के अंदरूनी सफेद भाग को चेहरे पर हल्के हाथों से बीस मिनट तक रगड़ें। इसके बाद चेहरा धो लें। ऐसा करने से चेहरे की चमक बढ़ती है।

## आम का छिलका

चेहरे की झुर्रियों को कम करने के लिए आम के छिलके को पीसकर इसका पेस्ट चेहरे पर लगाने से मुहांसों और झुर्रियों को कम करने में मदद मिलती है। इसके लिए आम के छिलके को सुखाकर इसका पाउडर बना कर गुलाब जल के साथ, गेहूं के आटे में मिलाकर चेहरे पर उबटन की तरह इस्तेमाल करें।





# परिवार और खुद को ऐसे सुरक्षित रखें

आजकल 'सायबर किडनैपिंग' शब्द काफ़ी चर्चा में है। अन्य ऑनलाइन ठगी की तरह सायबर किडनैपिंग भी सायबर क्राइम का एक तरीका है। इसमें अपराधी इंटरनेट की मदद से व्यक्ति की सारी जानकारी इकट्ठी करता है और फिर उसे कॉल करता है। वह व्यक्ति को धमकाकर, डराकर और परिजनों को नुकसान पहुंचाने का हवाला देकर उसकी बताई हुई जगह पर जाने के लिए कहता है। वीडियो कॉल या फोटो मांगकर उस पर नज़र रखता है। वहीं दूसरी तरफ़ व्यक्ति के घर पर फोन करके और नक़ली तस्वीरें या वीडियो भेजकर उसके अपहरण का दावा करता है। जबकि असल में अपहरण होता ही नहीं है। कुछ अपराधी पीड़ित व्यक्ति की नक़ली तस्वीर, आवाज़ या वीडियो बनाने के लिए एआई का सहारा ले रहे हैं।

अपराधी किसी को भी अपना शिकार बना सकते हैं। लेकिन वो लोग या छात्र अधिक जोखिम में हैं जो परिवार से दूर अन्य राज्य या देश में रहते हैं।

## सोशल मीडिया का सावधानी से इस्तेमाल

सोशल मीडिया या मैसेंजर पर अपनी निजी जानकारी ध्यान से साझा करें। परिवार में कौन, कहां रहता है या दिनचर्या क्या है, इसे साझा करने से बचें। कई लोग घर जाने के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हैं कि वे कितने दिनों बाद अपने घर-शहर आए हैं। कई लोग अपने प्लानर की तस्वीर भी साझा करते हैं, जिसमें कई ऐसी जानकारियां या दिनचर्या लिखी हो सकती हैं जिन पर अपराधी की नज़र जा सकती है। किसी भी लिंक पर क्लिक करने से बचें। मोबाइल का सॉफ्टवेयर अपडेटेड रखें। मज़बूत पासवर्ड रखें। इनकी मदद से भी ठग आप तक पहुंच सकता है।

## कैसे बच सकते हैं सायबर किडनैपिंग से

### पहले सबूत जुटाएं...

ठग से सबूत के तौर पर पीड़ित से बात कराने के लिए कहें। अगर वो किसी और व्यक्ति को पीड़ित बनाकर बात कराए तो उससे निजी सवाल के जवाब मांग सकते हैं। सवाल ऐसे होने चाहिए जिनका जवाब केवल पीड़ित और आप जानते हों, जैसे कि कोई यादगार लम्हा या हास्य पल आदि। अगर बात करने से वो इंकार करता है तो उसे सवाल पूछने के लिए कहें।

### समझदारी से काम लें...

अपराधी की आवाज़ ध्यान से सुनें। उसके बोलने के तरीक़े और पीछे से आने वाली आवाज़ पर ध्यान दें। इससे अपराधी तक पहुंचने में मदद मिल सकेगी। अगर हो सके तो उसी वक़्त दूसरे फोन से पीड़ित से संपर्क करें। उसकी सुरक्षा सुनिश्चित होते ही पता लग जाएगा कि फोन ठगी के लिए है।

### मदद ज़रूर लें...

इस तरह के फोन आने पर घबराएं नहीं। उसके कहने पर फौरन कोई फ़ैसला लेने से बचें। ठग कुछ भी करने के लिए कहता है तो उस समय उसको हां कह दें ताकि उसे लगे कि आप उसकी बात मान रहे हैं। लेकिन उसके बाद पुलिस और सायबर सेल की मदद लें।

### परिवार को बताएं...

अगर सायबर किडनैपिंग का शिकार बनाने की मंशा से ठग कॉल करता है तो फौरन इसकी जानकारी परिवार को दें ताकि वे भी सचेत हो जाएं। सबूत के लिए ठग की कॉल रिकॉर्ड करें या मैसेज का स्क्रीनशॉट ले लें।

## मंथन

# विपक्ष की एकजुटता से ही बचेगा हमारा लोकतंत्र

बिहार वोटर अधिकार यात्रा की समापन रैली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का भाषण केवल राजनीतिक बयान नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जड़ों को झकझोरने वाला संदेश था. उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि वे जेल नहीं गए होते, तो झारखंड में लोकसभा चुनाव में भाजपा का खाता नहीं खुलता. यह बयान उस गहरी सच्चाई की ओर इशारा करता है कि सत्ता का खेल अब नीतियों और कार्यों से नहीं, बल्कि एजेंसियों और धनबल से संचालित हो रहा है. मुख्यमंत्री ने जिस तरह वोट चोरी की बात उठाई, वह लोकतंत्र के मूल अधिकार पर सीधा प्रश्नचिह्न है. वोट किसी पार्टी का नहीं, बल्कि देश और संविधान का है. यदि इसमें ही हेरफेर होगा तो लोकतंत्र का अस्तित्व ही संकट में पड़ जाएगा. राहुल गांधी द्वारा सामने लाए गए तथ्यों ने इस आरोप को और गहराई दी है. चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का माध्यम नहीं, बल्कि देश की दिशा और दशा तय करने वाली प्रक्रिया है. सोरेन ने सही कहा कि आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्ग के लिए चुनाव केवल मतदान का अधिकार नहीं, बल्कि अस्तित्व की लड़ाई है. यही वजह है कि उन्होंने बिहार चुनाव को देश बचाने का संकल्प करार दिया. आज जरूरत इस बात की है कि सत्ता की ताकतवर संस्थाओं के दबाव और प्रलोभन से ऊपर उठकर जनता अपने मताधिकार का सही उपयोग करे. यह लड़ाई केवल राजनीतिक दलों की नहीं, बल्कि आम नागरिकों की है. लोकतंत्र को बचाने का हथियार केवल एकजुटता और जागरूकता है. यदि जनता संगठित होगी तो कोई भी ताकत न संविधान तोड़ पाएगी, न देश की दिशा भटका पाएगी. हेमंत सोरेन का यह संदेश बिहार ही नहीं झारखंड तक गया है.

## नजरिया

# आत्मसमर्पण की राह पर झारखंड में नक्सलवाद

लातेहार जिले से आई खबर लोकतंत्र और शांति की दिशा में बड़ी उपलब्धि है. एसपी कुमार गौरव के नेतृत्व में सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति के तहत जेजेएमपी संगठन के नौ नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया. यह कदम न केवल जिले में नक्सली हिंसा के अंत की ओर संकेत करता है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि बंदूक की राह छोड़कर विकास और मुख्यधारा से जुड़ना ही भविष्य का रास्ता है. लातेहार कभी घोर नक्सल प्रभावित इलाकों में गिना जाता था. लेकिन पुलिस, सीआरपीएफ और जनता के संयुक्त प्रयासों ने हालात बदले. गांव-गांव जाकर सरकार की नीतियों का प्रचार-प्रसार किया गया, परिजनों को समझाया गया और पुनर्वास का भरोसा दिलाया गया. यही कारण है कि सरेंडर की राह चुनने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है. जनवरी 2025 से अब तक 75 नक्सलियों की गिरफ्तारी, कई बड़े इनामी नक्सलियों का ढेर होना और अब नौ उग्रवादियों का आत्मसमर्पण, यह सब बताता है कि सुरक्षा एजेंसियों की रणनीति प्रभावी रही है. इस सफलता का सबसे बड़ा संदेश यह है कि हिंसा और आतंक की कोई स्थायी जगह नहीं होती. जब सरकार ठोस नीति बनाए और प्रशासन संवेदनशीलता से उसे लागू करे, तो भटके हुए लोगों का विश्वास जीता जा सकता है. आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को पुनर्वास और सम्मानजनक जीवन का अवसर देकर समाज में सकारात्मक संदेश फैलाना अब अगला बड़ा कदम होना चाहिए.

# आदिवासी जीवन का दर्शन है करमा पर्व

डॉ मयंक मुरारी



**आदि दर्शन, प्रकृति के साथ प्रगति की प्रतिध्वनि का प्रवाह करमा पर्व**

आप पेड़ों को समझे बिना मानव विकास और हमारे भविष्य को नहीं समझ सकते. पेड़ों का अध्ययन किसी प्राकृतिक आश्चर्यलोक में पलायन नहीं है, बल्कि यह दुनिया में क्या सुंदर है और क्या टूटा हुआ है, यह देखने का एक तरीका है, ताकि आगे बढ़ने का रास्ता खोजा जा सके. करमा पर्व यह अवसर प्रदान करता है कि हम एकबार पीछे मुड़कर देखे. पहले के समय में लोग प्रकृति के साथ ज्यादा जुड़े रहते थे, लेकिन अब हम उससे दूर हो गए हैं. फिर भी हमारा दिमाग और शरीर अभी भी प्रकृति से गहराई से जुड़ा हुआ है. करमा के साथ वनस्पति, प्रकृति, परंपरा, अध्यात्म का जो एक अनवरत अनुष्ठान है, उसमें हम अपने आंतरिक जीवन को विशुद्ध करते है, तथा सामाजिक जीवन के साथ खुद का आरोहण करते हैं.

हरियाली, वनस्पति और वनजीवन के साथ हमारा संबंध हमारे स्वास्थ्य को सुधारता है, साथ ही हमारी मानसिक क्षमता का संवर्द्धन करता है जो आधुनिक जीवन के भागमभाग में घटता जा रहा है. करमा के माध्यम से यह संदेश मिलता है कि प्रकृति के साथ ही शांति है. जब पड़-पौधों, पक्षियों की आवाज और खुली हवा के बीच होते हैं, तो हमारा मन हल्का हो जाता है. यह हमें याद दिलाती है कि जिंदगी सिर्फ भागदौड़ नहीं, बल्कि सुकून और संतुलन भी है. आदिवासी समाज में मनुष्य भी इस अस्तित्व का एक अंग है, जो श्रेष्ठ नहीं है. इस भाव के कारण ही आदिवासी संसार में प्रकृति के सौंदर्य और सुवास को पहचानने की शक्ति प्राप्त होती है.

उनके हृदय में एक नैसर्गिक सौंदर्य एवं ज्ञानबोध होता है जिसकी अनौपचारिक शिक्षा उन्हें उनके पुरखों और प्रकृति से मिलती रही है. यही कारण है कि वे वनस्पति के साथ ताल एवं लय मिलकर चलते है. पेड़ों के गीतों में वे लिखते हैं, जंगल की टहनियों के जल-रक्त उनके हृदय की धड़कन के साथ धड़कता है. जंगल की ध्वनि के साथ गुनुगुनाते हैं. उनके लिए पेड़ की टहनियां महज लकड़ी नहीं है. वे गतिशील हैं, लकड़ी एक जीवंत पदार्थ है. बढ़ती टहनियों में चैबीसों घंटे एक स्पंदनशील लय होती है, जो दिन में पानी के प्रवाह संकरी होती जाती है, और रात में फूल जाती है. डेविड हास्केल ने एक किताब लिखी है. उसक नाम है - द सॉन्ग्स ऑफ ट्रीजः स्टोरीज ऑफ नेचर्स. इसमें वह वनस्पति जीवन का एक अहम सच्चाई सामने रखते हैं, जो आदिवासी जीवन का हिस्सा रहा है. वह कहते है कि मनुष्य और पेड़ प्रकृति के समान रूप से अंग हैं, और यह सोचना कि हम अलग हैं, दूसरे शब्दों में, पेड़ों को अन्य के रूप में देखना, अनादर की ओर ले जाता है. अगर हम खुद को पेड़ों के साथ संबंध, रिश्ते और समुदाय के रूप में देखते हैं, जैसा कि हम वास्तव में हैं, तो हम उनके द्वारा हमारे और ग्रह के लिए किए गए कार्यों की सराहना करेंगे, और हम उन्हें हल्के में लेने के बजाय उनका सम्मान करेंगे.मनुष्य भी प्रकृति का उतना ही हिस्सा हैं जितना कि जानवर और पेड है. और यह भी सही है कि हम प्रकृति को और अधिक नुकसान पहुँचाये बिना मनुष्यों को नहीं हटा सकते.

आदिवासी जीवन में यह मान्यता है कि मनुष्य और प्रकृति का एक ही रचयिता है. मनुष्य उन्हीं एक कोशिकीय जीवों से विकसित हुए हैं जैसे जानवर और पौधे थे. ऐसे में मनुष्य और प्रकृति को अलग मानने का कोई मतलब नहीं है. आदिवासी जीवन में प्रकृति से जुड़े पर्व, संस्कार, कथाएं, अनुष्ठान ये स्मरण कराते हैं कि हमारी तेज रफ्तार जिंदगी के संतुलन में बाहर की ताजी हवा और हरियाली का असीम योगदान है. हम सब जब अपने काम और जिम्मेदारियों में इतने उलझे रहते हैं कि अपने लिए समय निकालना भूल जाते हैं. दिन भर घर या दफ्तर की चार दीवारी में रहने से हमारा शरीर और दिमाग थक जाता है. ऋतुओं के संग बदलती प्रकृति, प्रकृति से जुड़े अनुष्ठान और अनुष्ठान के साथ जीवन का अर्थ ही हमको सच्चा और अच्छा जीवन जीना सीखाता है. आदिवासी दर्शन यह नहीं कहते कि प्रकृति को नष्ट करना चाहिए

**करमा पर्व जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैकल्पिक समाधान है. जहां लोकगीत, लोककथा, लोकज्ञान और लोक परंपरा के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के उपाय, पर्यावरण संरक्षण और समावेशी विकास का सहज ही पाठ पढ़ाया जाता है.**

या ऐसा करना उचित है. इसके बजाय, उनका तर्क है कि जब मनुष्य इस अस्तित्व में एकात्मकता को स्वीकार करते हैं, तो उन्हें प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण ढंग से रहना आ जाता है. हम सभी एक ही मूल से जुड़े हुए हैं. यही कारण है कि आदिवासी जीवन में पर्व, त्योहार, आस्था, भोजन, दर्शन सब प्राकृतिक के साथ एकात्म हो जाता है. उनके लिए साल, पीपल, महुआ आदि जीवन, पुनर्जन्म और प्रकृति की आराधना का प्रतीक है तो मुरुग, बैल और भैंसा शक्ति, कृषि और उपज से जुड़ा है.

आदिवासी की झोपड़ी की आकृति सरल जीवन और प्रकृति से जुड़ा हुआ होता है. दीया और अग्नि पवित्रता और शक्ति का प्रतीक है तो ढोलक, मांदर और नगाड़ा सामूहिकता और उत्सव का प्रतीक माना जाता है. पगचिन्ह में पूर्वजों, देवी-देवताओं की मौजूदगी देखी जाती है. इसी प्रकार सर्प और नाग जैसे विषधर आकृति आदिवासी जीवन में प्रकृति, सुरक्षा और चेतना का हिस्सा बन जाती है. आदिवासी देवताओं के प्रतीक में धरती माता मिट्टी, हल, बीज, धूप, अग्नि, सूर्य चिन्ह, नदियां मछली, लहरें, जल पात्र, वन देवता होते हैं. प्रकृति में समय बिताने की आदत को आज गुड हैबिट्स माना जाता है. आज यह सिखाया जाता है कि सुबह किसी पेड़ के नीचे या घास पर बैठ कर ध्यान करें. गहरी सांस लें और आस-पास की आवाजों पर ध्यान दें- जैसे पत्तों की सरसराहट या पक्षियों की चहचहाहट.

विज्ञान कहता है कि ग्रीन स्पेस में ध्यान करने से मानसिक सेहत में सुधार होता है और एकाग्रता बढ़ती है. आदिवासी जीवन की परंपरा में यह बात सहज ही सबको पता थी कि प्रकृति में समय बिताना तनाव से राहत देता है, खुशी बढ़ती है और सेहत को दुरुस्त रखती है. प्रकृति हमारी सच्ची दोस्त है, जो हमें प्यार और सुकून देती है. करमा पर्व जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैकल्पिक समाधान है.जहां लोकगीत, लोककथा, लोकज्ञान और लोक परंपरा के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के उपाय, पर्यावरण संरक्षण और समावेशी विकास का सहज ही पाठ पढ़ाया जाता है.

## आज का इतिहास

1767: कर्नल स्मिथ ने चंगमा की लड़ाई में निजाम व हैदर अली की सेना को हराया.
1833: अमेरिका में बेंजामिन एचडे ने पहला अखबार 'न्यूयार्क सन' शुरू किया.
1971 : कतर स्वतंत्र राष्ट्र बना.
1998 : मंडेला ने गुट निरपेक्ष शिखर सम्मेलन में कश्मीर का मुद्दा उठाया,पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने कड़ी आपत्ति जताई.
2006 : भारतीय मूल के भरत जगदेव ने गुयाना के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली.
2007 : बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री ख़ालिदा जिया और उनके पुत्र अराफ़ात रहमान भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ़्तार.
2008 : राजेंद्र पचौरी संयुक्त राष्ट्र की संस्था जलवायु परिवर्तन के अन्तर सरकारी पैनल के दोबारा प्रमुख चुने गए.
2020: भारत और रूस ने अत्याधुनिक एके-203 राइफल भारत में बनाने के लिए एक बड़े समझौते को अंतिम रूप दिया.

## चिंतन

# स्वर्ग जाना है, तो जीते जी ही अच्छे कर्म कीजिए

महात्मा बुद्ध के समय में मृत्यु के बाद आत्मा को स्वर्ग में प्रवेश कराने के लिए कर्मकांड होते थे. एक घड़े में कुछ छोटे पत्थर डाल दिए जाते. पूजा-हवन करने के बाद उस पर किसी धातु से चोट की जाती, अगर घड़ा फूट जाता. पत्थर निकल जाते तो यह माना जाता था कि आत्मा पाप से मुक्त हो गयी. उसे स्वर्ग मिल गया है. ऐसा कराने के बदले में पंडित खूब दान-दक्षिणा लेते.


अपने पिता की मृत्यु के बाद एक युवक ने सोचा क्यों न आत्मा-शुद्धि के लिए बुद्ध की मदद ली जाए. इसी सोच के साथ वो बुद्ध के पास पहुंचा. हे महात्मन! मेरे पिता जी नहीं रहे, आप ऐसा उपाय बताएं कि उनकी आत्मा को स्वर्ग में स्थान मिले. युवक बोला. बुद्ध बोले, ठीक है, तुम उन पंडितों से दो घड़े लेकर आना. एक में पत्थर और दूसरे में घी भर देना. दोनों घड़ों को नदी में इतना डुबोना कि बस उनका ऊपरी भाग ही दिखे. उसके बाद पंडितों ने जो मन्त्र सिखाए हैं उन्हें बोलना और अंत में धातु की हथौड़ी से उनपर नीचे से चोट करना. ये सब करने के बाद मुझे बताना कि क्या देखा? युवक खुश था कि उसके पिता के पाप कट जाएंगे. उनकी आत्मा को स्वर्ग की प्राप्ति होगी. अगले दिन युवक ने वैसा ही किया और सब करने के बाद वह बुद्ध के पास आया. आओ पुत्र, बताओ तुमने क्या देखा? बुद्ध ने पूछा. युवक बोला, मैंने पत्थर और घी से भरे घड़ों को पानी में डाल कर चोट की. जैसे ही मैंने पत्थर वाले घड़े पर प्रहार किया घड़ा टूट गया और पत्थर पानी में डूब गए. उसके बाद मैंने घी वाले घड़े पर वार किया, वह घड़ा भी फूट गया और घी नदी के बहाव की दिशा में बहने लगा. बुद्ध बोले, अब जाओ और उन पंडितों से कहो कि कोई ऐसी पूजा, यज्ञ करें कि वे पत्थर पानी पर तैरने लगें और घी नदी की सतह पर जाकर बैठ जाए. युवक बोला, आप कैसी बात करते हैं? पत्थर पानी पर नहीं तैर सकता और घी नदी की सतह पर नहीं बैठ सकता. बुद्ध बोले, बिल्कुल सही, और ठीक ऐसा ही तुम्हारे पिताजी के साथ है. उन्होंने अपने जीवन में जो भी अच्छे कर्म किये वो उन्हें स्वर्ग की तरफ उठाएंगे और जो भी बुरे कर्म किये वे नरक की ओर खींचेंगे. कर्मकांड उनके कर्मफल को नहीं बदल सकते. युवक बुद्ध की बात समझ गया कि स्वर्ग जाने का सिर्फ एक ही मार्ग है और वो है जीवित रहते हुए अच्छे कर्म करना.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग




1. #तेजा_दशमी
2. #JagoHindu
3. #HBDPawanKalyan
4. #खेजड़ली_बलिदान_दिवस
5. Dharma Ki Raksha
6. #MitchellStarc
7. Sanatan Sanskriti
8. वीर तेजा
9. लोक आस्था
10. अमृता देवी बिश्नोई

# बहुरंग




# जॉली एलएलबी 3' के नए वीडियो ने मचाया धमाल

हाल ही में रिलीज़ हुआ 'जॉली बनाम जॉली' वाला प्रोमो वीडियो इंटरनेट पर छा गया है. रिलीज़ के कुछ ही घंटों के भीतर वीडियो ने सोशल मीडिया पर ताबड़तोड़ व्यूज़ बटोर लिए. अक्षय कुमार और अरशद वारसी की दमदार नोकझोंक ने लोगो का दिल जीत लिया. वीडियो में अक्षय कुमार अपने जॉली मिश्रा वाले अंदाज़ में कानपुर का झंडा बुलंद करते हैं और ज़बरदस्त अंदाज़ में शहर का गुणगान करते दिखाई देते हैं. वहीं अरशद वारसी का जॉली त्यागी पूरे जोश और ठेठ मेरठिया स्टाइल में मेरठ की साइड पकड़कर भिड़ जाते है. दोनों की इस नोकझोंक में हंसी-मज़ाक, व्यंग्य और देसी तड़के का ऐसा कॉम्बिनेशन है कि दर्शक देखते ही रह जाते हैं.

**जज त्रिपाठी हुए परेशान, जनता पर छोड़ा फैसला** : मामला तब और मज़ेदार हो जाता है जब वीडियो में एंट्री होती है जज त्रिपाठी यानी सौरभ शुक्ला की. दोनों जॉलीज़ की बहस से तंग आकर जज साहब आख़िरकार हार मान लेते हैं और गुस्से में यह ऐलान कर देते हैं कि अब फैसला जनता करेगी. इसके साथ ही मेकर्स ने दर्शकों के लिए एक लिंक शेयर किया है www.jollyvsjolly.com जहां लोग वोट कर सकते हैं कि ट्रेलर लॉन्च कानपुर में होना चाहिए या मेरठ में. यह सिर्फ़ एक मज़ेदार मार्केटिंग कैंपेन नहीं है, बल्कि जॉली एलएलबी फ्रेंचाइज़ी की जड़ों से भी जुड़ा हुआ है. 2013 में आई 'जॉली एलएलबी' में मेरठ से आए वकील जॉली त्यागी यानी अरशद वारसी ने दर्शकों का दिल जीत लिया था और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही. इसके बाद 2017 में रिलीज़ हुई 'जॉली एलएलबी 2' में कानपुर से आए जॉली मिश्रा यानी अक्षय कुमार ने एंट्री की और यह उनकी पहली 100 करोड़ कमाने वाली फिल्म बन गई. अब 2025 में आ रही 'जॉली एलएलबी 3' में दोनों जॉली पहली बार आमने-सामने होंगे.

**दमदार स्टार कास्ट :** स्टार स्टूडियो 18 द्वारा प्रस्तुत और सुभाष कपूर के निर्देशन में बनी 'जॉली एलएलबी 3' में अक्षय कुमार और अरशद वारसी की जुगलबंदी देखने लायक होगी. उनके साथ हुमा कुरैशी, अमृता राव और सौरभ शुक्ला जैसे अनुभवी कलाकार भी फिल्म का अहम हिस्सा हैं. निर्माताओं का कहना है कि यह फिल्म दर्शकों को कोर्टरूम ड्रामा, धारदार डायलॉगबाज़ी, पुरानी यादों का तड़का और दो बड़े परफ़ॉर्मर्स की धमाकेदार भिड़ंत एक साथ परोसेगी. फिल्म को लेकर दर्शकों में पहले से ही जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है. ट्रेलर का बेसब्री से इंतज़ार है और अब यह नया वीडियो चर्चा को और बढ़ा रहा है. 'जॉली एलएलबी 3' 19 सितम्बर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी.

# मेना मसूद ने एमिली शाह से रचाई शादी



हॉलीवुड फिल्म 'अलादीन' के अभिनेता मेना मसूद ने अपनी प्रेमिका और अभिनेत्री एमिली शाह के साथ शादी के बंधन में बंध गए हैं. यह शादी काफी निजी और गुपचुप तरीके से हुई थी. इस साल जुलाई में इस जोड़े ने अपने करीबी दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में इटली के खूबसूरत शहर टस्कनी में शादी की. खास बात यह रही कि इस शादी में हिंदी और ईसाई दोनों रीति-रिवाजों को ध्यान में रखकर कार्यक्रम आयोजित किया गया. शादी की यह जानकारी दोनों ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की. मेना और एमिली ने अपनी शादी का एक खूबसूरत वीडियो पोस्ट किया, जिसे उनके फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स काफी प्यार दे रहे हैं. वीडियो में शादी की सभी झलकियां, दोनों की खुशिया और उत्सव का माहौल साफ देखा जा सकता है.

वीडियो में दिखाई दे रहा है कि एमिली शाह ने हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार लाल साड़ी पहनकर शादी की रस्में निभाईं, जबकि मेना मसूद ने शेरवानी पहनकर उनके साथ खड़े थे. इसके बाद, ईसाई रीति-रिवाज से शादी के लिए दोनों ने सफेद रंग के पारंपरिक कपड़े पहने और वहां की प्रथाओं के अनुसार विवाह हुआ. इस तरह दोनों ने अपनी दो संस्कृतियों का समन्वय करते हुए अपने खास दिन को और भी यादगार बना दिया. पोस्ट के कैप्शन में मेना और एमिली ने लिखा, हमारे सपनों की शादी. यह कैप्शन उनके फैंस के बीच उत्साह और खुशी का कारण बन गया है. गौरतलब है कि मेना मसूद और एमिली शाह ने साल 2023 में सगाई की थी. इस शादी ने सोशल मीडिया पर तेजी से सुर्खियां बटोरी हैं और फैंस दोनों को ढेर सारा प्यार और बधाई संदेश भेज रहे हैं. टस्कनी की खूबसूरती, दोनों की मुस्कान और शादी के रिवाजों का मेल इस वीडियो को बेहद खास और यादगार बना देता है.

# चक्रधर समारोह : डॉ.विपुल कुमार राय के संतूर वादन से गूंजा रायगढ़

**रायगढ़ ।** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में आयोजित चक्रधर समारोह 2025 के छठवें दिन दिल्ली के सुप्रसिद्ध संतूर वादक डॉ. विपुल कुमार राय ने अपनी अनुपम प्रस्तुति से संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया. सुर, ताल और लय की दिव्य साधना ने वातावरण को अलौकिक संगीत प्रवाह से सराबोर कर दिया. आकाशवाणी के ग्रेड ए कलाकार एवं भारतीय संस्कृति मंत्रालय के उत्कृष्ट श्रेणी के कलाकार डॉ.राय ने संतूर वादन की ऐसी विलक्षण शैली प्रस्तुत की, जिसमें परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत संगम झलका. उनकी प्रस्तुति में रागों की शुद्धता, छंदों का मधुर प्रयोग और लयकारी की अनूठी बारीकियाँ निरंतर उजागर होती रहीं. सूफियाना घराने के मशहूर संतूर वादक पद्मश्री पं.भजन सोपोरी के शिष्य डॉ.राय ने दिल्ली विश्वविद्यालय से मास्टर, एमफिल और पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है. उन्होंने देश-विदेश के प्रमुख मंचों पर भारतीय शास्त्रीय संगीत की गौरवशाली परंपरा को नई ऊँचाई दी है. अपने योगदान के लिए उन्हें बिहार कला पुरस्कार, संगीत कला गौरव, पद्मश्री फड़के कला सम्मान, संगीत कला रत्न और स्वराधीराज सम्मान सहित अनेक राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय अलंकरणों से सम्मानित किया जा चुका है.




आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर
8210075897

**मेष :** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा. सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्घि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा. किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी. ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. मनोरथ सिद्घि का योग है. मेहमानों का आगमन होगा. शुभांक-3-6-8

**वृष :** अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे. स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी. प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे. कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे. व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. सम्पत्ति से लाभ. शुभांक-4-6-8

**मिथुन :** कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ होंगे. कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं. सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा. शुभांक-2-4-6

**कर्क :** कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. सुखदायी समय है. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. बुद्घितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा. सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी. शुभांक-4-6-7

**सिंह :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. मनोविनोद बढ़ेगे. व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है. कामकाज की अधिकता रहेगी. लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा. व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. शुभांक-2-4-6

**कन्या :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा. श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी. शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे. स्थान परिवर्तन की संभावना हैं. शुभांक-3-5-7

**तुला :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी. शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे. लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी. कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी. यात्रा का योग है. शुभांक-3-5-6

**वृश्चिक :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें. शुभांक-4-5-7

**धनु :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी. जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा. अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे. थोड़े प्रयास से कार्य सिद्घ होंगे. शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा. शुभांक-2-4-6

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा. बौद्घिक उलझनें बनी रहेंगी. लाभमार्ग प्रशस्त होगा. नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी. शुभांक-1-3-5

**कुंभ :** विद्यार्थियों को लाभ. मेहमानों का आगमन होगा. राजकीय कार्यों से लाभ. पैतृक सम्पत्ति से लाभ. चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी. नैतिक दायरे में रहें. मेहमानों का आगमन होगा. दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा. पारिवारिक विवाद टालें. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. शुभांक-2-6-9

**मीन :** शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे. पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी. कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा. यश-प्रतिष्ठा में वृद्घि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है. स्वास्थ्य का ध्यान रखें. व्यापार में वृद्घि होगी. नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा. ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा. किसी पर सोच समझ कर ही भरोसा करें. शुभांक-2-4-6

ब्रीफ न्यूज

## पुलिस ने 78 लीटर विदेशी शराब के साथ एक तस्कर हुआ गिरफ्तार



संवाददाता । कटिहार

जिले के मुफ्फसिल थाना पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक चार पहिया वाहन से 78 लीटर विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार तस्कर की पहचान सुरजीत कुमार (24 वर्ष) पिता फंटुश मंडल ग्राम दिरा चॉदपुर थाना पोठिया जिला कटिहार के रूप में हुई है. मुफ्फसिल थाना पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर वाहन चेकिंग के दौरान मनिया रेलवे ओवरब्रिज के पास एक चार पहिया वाहन को रोका और तलाशी लेने पर 78 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई. पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए वाहन चालक सुरजीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार अभियुक्त के पास से बरामद सामानों में 78 लीटर विदेशी शराब और एक चार पहिया वाहन शामिल है. पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह शराब कहां से लाई गई थी और इसका आगे क्या करने का इरादा था.

## राज्य के 6 जिलों में हो सकती है हल्की बारिश, यलो अलर्ट जारी



संवाददाता । पटना

पिछले कुछ दिनों से बिहार में लोग उमस भरी गर्मी की मार झेल रहे है. बिहार में दिन-रात का तापमान सामान्य से ऊपर बना हुआ है. इस बीच मौसम विभाग ने बुधवार को राज्य के 6 जिलों सीवान, गोपालगंज, पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, भागलपुर और मुंगेर के लिए हल्की वर्षा और गरज-चमक का यलो अलर्ट जारी किया है. हालांकि, वर्षा की संभावना बेहद कम बताई गई है, और अगले 10 दिनों तक गर्मी से कोई खास राहत नहीं मिलने के आसार हैं. मौसम विभाग के अनुसार 7 सितंबर तक अच्छी बारिश की कोई उम्मीद नहीं है, लेकिन 10 सितंबर के बाद मौसम का रुख बदल सकता है, इसके बाद कई हिस्सों में भारी वर्षा हो सकती है. यह पूर्वानुमान बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी और चक्रवाती परिसंचरण पर आधारित है. मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार, वर्तमान में मानसून ट्रफ दक्षिण बिहार पर केंद्रित है, लेकिन उत्तर बिहार में गतिविधियां कमजोर हैं.

### बिहार मंत्रिमंडल ने 49 एजेंडों पर लगाई मुहर

# राज्य के सात जिलों में जल्द खुलेंगे नए मेडिकल कॉलेज

संवाददाता । पटना



बिहार में चुनावी माहौल के बीच मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 49 प्रस्तावों पर मुहर लगी. इस बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और कल्याण योजनाओं को लेकर बड़े फैसले लिए गए, इसका सीधा लाभ लाखों छात्रों, कर्मचारियों और आम जनता पर पड़ेगा. बिहार सरकार ने मंगलवार की कैबिनेट बैठक में पंचायती तकनीकी लेखपाल और आईटी सहायकों का मानदेय बढ़ाने का निर्णय लिया है. गरीब और पिछड़े वर्ग के बच्चों की पढ़ाई में मदद के लिए पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की छात्रवृत्ति योजना को 241 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई. साथ ही राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में इंटर्नशिप कर रहे छात्रों की छात्रवृत्ति भी बढ़ा दी गई है.

कैबिनेट बैठक की जानकारी देते हुए अपर मुख्य सचिव अरविंद चौधरी ने बताया कि मंत्रिमंडल के बड़े फैसलों में बिहार के सात जिलों में मेडिकल कॉलेज खोलने का फैसला भी शामिल है. बिहार कैबिनेट ने गांधी मैदान में की गई अपनी घोषणा के आलोक में किशनगंज, कटिहार, रोहतास, शिवहर, लखीसराय, अरवल और शेखपुरा जिलों में नया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल खोलने का प्रस्ताव स्वीकृत किया है. अरविंद चौधरी ने कहा कि बिहार गृहरक्षा वाहिनी के गृह रक्षकों का कर्तव्य भत्ता 774 रुपये प्रत्येक कार्य दिवस से बढ़ाकर बिहार सरकार में कार्यरत पुलिस के 1 दिन के न्यूनतम वेतन के अनुरूप 1121 रुपये करने का फैसला लिया गया है, जबकि ग्रामीण आवास सहायक एवं प्रखंड लेखपाल, लेखा सहायक के मूल मानदेय में 25 प्रतिशत ग्रामीण आवास पर्यवेक्षक के मूल मानदेय में 20 प्रतिशत और राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी के मूल मानदेय में 10 प्रतिशत वृद्धि किए जाने की स्वीकृति दी गई है. नीतीश कैबिनेट ने कला एवं संस्कृति विभाग में 25 पदों के सृजन को मंजूरी दी है. साथ ही अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के अंतर्गत 40 आवासीय विद्यालयों में नए शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कुल 1800 पदों के सृजन की भी स्वीकृति दी गई है.

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि पटना प्रमंडलीय मुख्यालय में खेल और संरचना निर्माण के लिए पुनपुन अंचल के डुमरी में 100 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए 574 करोड़ 33 लाख 90125 रुपये भी मंजूर किए गए हैं, जबकि पटना में गंगा नदी के किनारे जेपी गंगा पथ के निर्माण कार्य के लिए 4,129 करोड़ 6 लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई है. अरविंद चौधरी ने बताया कि आतंकवाद निरोधक दस्ता में कार्यरत एवं प्रतिनियुक्त पुलिस अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को मूल वेतन का 30 प्रतिशत जोखिम भत्ता, जो अधिकतम 25 हजार होगा, उसकी भी स्वीकृति दी गई है. साथ ही बिहार अमीन संवर्ग के प्रोन्नति सौंपानों के लिए वेतन संरचना की भी मंजूरी मिली है. कैबिनेट की बैठक में बिहार के विधि कार्य, पटना और संलग्न कार्यालय में अनुसचिवीय कोटि के कुल 34 पदों के सृजन की स्वीकृति मिली है. जबकि पटना उच्च न्यायालय के सभी समाचार-योग्य (रिपोर्टेबल) निर्णय को राजभाषा में अनुवाद किये जाने के लिए आशुलिपिक और कंप्यूटर ऑपरेटर सहित कुल 14 पदों के सृजन की भी मंजूरी मिली है. भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के लागू होने के फलस्वरुप बिहार अभियोजन सेवा संवर्ग के विभिन्न कोटी एवं अधीनस्थ संवर्ग के 760 पदों की सृजन की स्वीकृति दी गई है.

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि मादक पदार्थों एवं ड्रग्स से संबंधित मामलों के क्षेत्राधिकार का आर्थिक अपराध इकाई से और मद्य निषेध इकाई को अपराध इकाई से पृथक कर संयुक्त रूप से मद्य निषेध एवं स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के गठन करने और उसके संचालन के लिए विभिन्न कोटि के 88 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है. बिहार के सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय, दंत महाविद्यालय, आयुर्वेदिक यूनानी और होम्योपैथी का एंट्रेंस कर रहे छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति 20 हजार रुपये से बढ़ाकर 27 हजार रुपये की गई है, जबकि भौतिक चिकित्सा (फिजियोथैरेपी) और व्यावसायिक चिकित्सा (अकुपेशनल थेरेपी) का एंट्रेंस कर रहे छात्रों का 15 हजार रुपये से बढ़कर 20 हजार रुपये प्रति माह किया गया है.

## बक्सर में पास्ता खाने से पिता-पुत्र की मौत, तीन की हालत गंभीर

संवाददाता । पटना

बक्सर जिले के औद्योगिक थाना क्षेत्र अन्तर्गत दहिवर गांव में बीती रात विषाक्त भोजन खाने से 35 वर्षीय पिता के साथ 5 वर्षीय मासूम की भी मौत हो गई है, जबकि उसकी पत्नी और दो बच्चों के अलावे तीन अन्य लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है. घटना की सूचना मिलते ही औद्योगिक थाना प्रभारी संजय कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए हैं. ग्रामीणों के अनुसार परिवार के सातों सदस्यों ने पास्ता खाने के बाद दूध पिया, जिसके बाद सभी की हालत गम्भीर होती चली गयी. थोड़ी देर के बाद ही पिता और पुत्र की मौत हो गई, जबकि अन्य लोगों की हालत भी देखते ही देखते गंभीर हो गयी. दरअसल, दहिवर गांव के कुशवाहा टोला निवासी किशुन महतो (35) का 9 सदस्यीय संयुक्त परिवार है. बीती रात में दो सदस्यों को छोड़कर बच्चों समेत कुल सात सदस्यों ने एक साथ बैठकर भोजन किया, जिसके चंद मिनट बाद ही सबकी हालात बिगड़ती चली गयी. आनन-फानन में सभी को बक्सर सदर अस्पताल में पहुंचाया गया, जहां किशुन महतो और उनके पुत्र अमित की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी, दो बच्चे समेत कुल पांच लोगों का इलाज चल रहा.

औद्योगिक थाना क्षेत्र के प्रभारी संजय कुमार ने मीडिया से बातचीत में मंगलवार को बताया कि 9 सदस्यों का संयुक्त परिवार था, जिसमें से 7 ने रात में भोजन किया था. दो लोग भोजन नहीं किये. पांच लोगों का इलाज चल रहा है. इस पूरे मामले की बारीकी से जांच की जा रही है कि भोजन विषाक्त कैसे बना. जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा. घटनास्थल पर पुलिस के कई वरीय अधिकारी भी पहुंच गए हैं. पुलिस भोजन न करने वाले दोनों सदस्यों की वजह तलाशने में लगी हुई है. जिले के सिविल सर्जन शिव प्रसाद चक्रवर्ती ने बताया कि प्रथम दृष्टया इसे फ़ूड पॉइजनिंग कहा जायेगा. जांच रिपोर्ट आने के बाद ही सच्चाई सामने आएगी.

## नीतीश कुमार ने दारोगा प्रसाद राय को उनकी जयंती पर किया नमन

**पटना** । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय दारोगा प्रसाद राय जी की जयंती के अवसर पर नया सचिवालय परिसर के समक्ष स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर मंगलवार को माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. इस अवसर पर राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद कुमुद वर्मा के साथ अन्य जनप्रतिनिधियों ने स्व. दोरोगा प्रसाद राय को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए. पूर्व मंत्री और स्व. दारोगा प्रसाद राय के पुत्र चन्द्रिका राय एवं उनके परिजन, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव अरविंद कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने स्व. दारोगा प्रसाद राय जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. इस अवसर पर सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, गीत एवं देश भक्ति गीत का गायन भी किया गया.

## नालंदा में 183 छात्राओं को लगाई गई वैक्सीन

**नालंदा** । नालंदा जिला टीकाकरण अधिकारी और इनर व्हील क्लब ऑफ़ बिहारशरीफ के संयुक्त प्रयास से मंगला स्थान स्थित डैफोडिल पब्लिक स्कूल में आज मंगलवार को बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीन लगवाया गया. टीकाकरण पदाधिकारी ने बताया कि यह घातक बीमारी है, जिससे बचाव के लिए यह वैक्सीन अनूठी पहल के तहत दी गई.इस अवसर पर लगभग 183 छात्राओं को वैक्सीन दी गई है. इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष रश्मि रानी ने कहा कि उनका उद्देश्य हर युवा पीढ़ी को सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूक करना और इसके बचाव के उपाय बताना है.

## मुंगेर:पिकअप व ऑटो की आमने- सामने टक्कर में एक की मौत, चार लोग घायल

संवाददाता । मुंगेर

मुंगेर में मंगलवार सुबह लगभग 5 बजे मुंगेर-लखीसराय राष्ट्रीय राजमार्ग-80 पर सुंदरपुर के पास पिकअप और सीएनजी ऑटो की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई. इस हादसे में ऑटो सवार सात लोगों में से एक की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया. घटना की सूचना मिलते ही हेमजापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों वाहनों को जब्त कर थाने ले आई. घायलों को इलाज के लिए मुंगेर सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने लखीसराय जिले के सूर्यगढ़ा थाना क्षेत्र के हुसैना निवासी अंजनी झा को मृत घोषित कर दिया. वहीं, ऑटो चालक भोला झा, सुलो पासवान, विनोद पासवान और गणेश यादव को गंभीर चोटें आई हैं. डॉक्टरों के मुताबिक, सुलो पासवान की हालत सबसे नाजुक बनी हुई है. घटना के संबंध में घायल गणेश यादव ने बताया कि वे सभी लोग कीर्तन मंडली से जुड़े हुए हैं.

## पितृपक्ष मेला की तैयारियां अंतिम चरण में, सीएम करेंगे समीक्षा

संवाददाता । पटना

मोक्षधाम नगरी गया जी में 6 सितंबर से 21 सितंबर तक आयोजित होने वाले राजकीय पितृपक्ष मेला की तैयारियां अंतिम चरण में हैं. पेयजल, आवासन, सफाई और बिजली सहित बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है. बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गया समाहरणालय के सभाकक्ष में अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा करेंगे. डीएम शशांक शुभंकर ने बताया कि देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है. इसके लिए कुल 55 पिंडवेदी और तर्पण स्थल तैयार किए गए हैं, जिनमें 45 पिंडवेदी और 9 तर्पण स्थल गया जी में तथा एक पिंडवेदी पटना जिले के पुनपुन घाट में है. पितरों की मुक्ति के लिए गया जी में ब्रह्म सरोवर, रामशिला, वैतरणी, सूर्यकुंड सरोवर, प्रेतशिला, देवघाट, गजाधर घाट, अक्षयवट, सीताकुंड, गयासिर वेदी, फल्गु नदी, गया कूप वेदी और ब्राह्मणी घाट वेदी प्रमुख स्थल हैं.

**श्रद्धालुओं के लिए आवास और सुविधा :** श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 64 सरकारी आवासन स्थल बनाए गए हैं, जिनमें 18 हजार तीर्थयात्रियों को निःशुल्क ठहरने की व्यवस्था है. पर्यटन विभाग ने गया जी के गांधी मैदान में टेंट सिटी का निर्माण कराया है, जहां 2500 श्रद्धालुओं के ठहरने और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्था की गई है. साथ ही कम कीमत पर भोजन उपलब्ध कराने के लिए जीविका दीदी भोजनालय शुरू किया जा रहा है. गया जंक्शन पर यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है. विभिन्न शिफ्टों में पुलिस अधिकारियों और जवानों की तैनाती की गई है ताकि श्रद्धालुओं को हर संभव सहयोग मिल सके. पितृपक्ष मेला का उद्घाटन 6 सितंबर को शाम 4 बजे होगा.



## रिलायंस : बोनस शेयर के बाद पहली बार मिलेगा डिविडेंड

**नयी दिल्ली** । रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए शेयरधारकों को अंतिम डिविडेंड देने की मंजूरी हासिल कर ली है. कंपनी की सालाना आम बैठक (एजीएम) शुक्रवार, 29 अगस्त 2025 को हुई थी. एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, डिविडेंड पर ऑर्डिनरी रेजॉल्यूशन पास करने के लिए मतदान हुआ, जिसमें 99.9994% वोट इसके पक्ष में पड़े. रिलायंस बोर्ड ने अप्रैल 2025 में ही 55% डिविडेंड यानी प्रति शेयर 5.50 रुपये देने की सिफारिश की थी. यह कंपनी की पहली डिविडेंड घोषणा है, जो अक्टूबर 2024 में बोनस शेयर जारी करने के बाद की गई है. उस समय कंपनी ने 1:1 के अनुपात में बोनस शेयर जारी किए थे. जुलाई 2025 में कंपनी ने बताया था कि डिविडेंड पाने के लिए 14 अगस्त को रिकॉर्ड डेट तय की गई है. कंपनी ने कहा था कि एजीएम से मंजूरी मिलने के बाद डिविडेंड का भुगतान एजीएम के एक हफ्ते के भीतर कर दिया जाएगा. इसका मतलब है कि निवेशकों को इस हफ्ते (1 से 5 सितंबर) डिविडेंड का पैसा मिल जाएगा.

## भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर जारी है बातचीत : गोयल

एजेंसी । नई दिल्ली



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत कर रहा है. साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भारत-चीन संबंध धीरे-धीरे सामान्य स्थिति की ओर बढ़ रहे हैं. जैसे-जैसे सीमा मुद्दे सुलझते जाएंगे, तनाव कम कम होता जाएगा. केंद्रीय मंत्री गोयल ने नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के 20वें वैश्विक स्थायित्व शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही. उनका यह बयान ट्रंप प्रशाासन के नई दिल्ली की रूसी तेल की निरंतर खरीद के जवाब में भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ दोगुना करने के कुछ ही दिनों बाद आया है. गोयल ने कहा, हम बीटीए के लिए अमेरिका के साथ वार्ता कर रहे हैं. भारत और अमेरिका मार्च से इस समझौते पर बातचीत कर रहे हैं. अब तक पांच दौर की वार्ता पूरी हो चुकी है. 27 अगस्त से 50 फीसदी शुल्क लगाए जाने के बाद अमेरिकी दल ने अगले दौर की वार्ता के लिए भारत का अपना दौरा स्थगित कर दिया है, जो 25 अगस्त से शुरू होने वाली थी. अभी तक छठे दौर की वार्ता के लिए कोई तारीख तय नहीं की गई है.

गोयल ने कहा कि भारत पहले ही ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, मॉरीशस, ब्रिटेन और चार यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर चुका है. भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते पर गोयल ने कहा कि बातचीत अग्रिम चरण में है. उन्होंने यह भी बताया कि वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल इस समझौते पर यूरोपीय संघ के अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए ब्रसेल्स में हैं. वाणिज्य मंत्री ने अपने संबोधन में प्रकृति का सम्मान करने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की भारत की शाश्वत परंपरा का हवाला देते हुए पिछले 11 वर्षों में स्थायित्व के क्षेत्र में देश की उल्लेखनीय प्रगति पर प्रकाश डाला.

उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि कैसे उद्योग और स्टार्टअप देश के संरक्षण प्रयासों को मज़बूत कर सकते हैं और ऊर्जा दक्षता लक्ष्यों को आगे बढ़ा सकते हैं, जिससे विकसित भारत 2047 के विज़न में योगदान मिल सके. इसके अलावा गोयल ने कहा कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन से इतर आयोजित बैठक में मोदी और शी जिनपिंग ने भारत-चीन सीमा मुद्दे के ‘निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य’ समाधान की दिशा में काम करने पर सहमति व्यक्त की और वैश्विक व्यापार को स्थिर करने में दोनों अर्थव्यवस्थाओं की भूमिका को मान्यता देते हुए व्यापार और निवेश संबंधों का विस्तार करने का संकल्प लिया.

## जीएसटी सुधार अर्थव्यवस्था को पारदर्शी बनाएंगे: वित्त मंत्री

एजेंसी । चेन्नई



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार 'पूरी तरह' अर्थव्यवस्था को खुला और पारदर्शी बनाएंगे. इससे अनुपालन का बोझ और कम होगा और छोटे व्यवसायों को लाभ होगा. केंद्रीय वित्त मंत्री आज तमिलनाडु स्थित सिटी यूनियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रही थीं. इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं. सीतारमण ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में, 56 करोड़ से ज्यादा जन-धन खाते खोले गए हैं, जिनमें कुल जमा राशि 2.68 लाख करोड़ रुपये है. उन्होंने कहा कि इनमें से 67 फीसदी खाते ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं, जिसमें 56 फीसदी खाते महिलाओं के पास हैं. वित्त मंत्री ने कहा कि बैंक खाता सिर्फ एक पासबुक नहीं है, बल्कि ये अवसरों का पासपोर्ट है, जो ऋण, बचत, बीमा और सम्मान तक पहुंच को सक्षम बनाता है. सीतारमण ने कहा कि भारत के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों ने अपनी परिसंपत्ति गुणवत्ता में भारी सुधार दर्ज किया है, जिसके परिणामस्वरूप एनपीए में कमी आई है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के लिए एक टास्क फोर्स के गठन की घोषणा की है, जिसका स्पष्ट उद्देश्य नियमों को सरल बनाना, अनुपालन लागत कम करना एवं स्टार्टअप्स, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और उद्यमियों के लिए एक अधिक सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है. उन्होंने कहा कि कल और परसों होने वाली जीएसटी परिषद की बैठक के साथ अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की योजनाबद्ध शुरुआत आने वाले महीनों में एक पूरी तरह से खुली और पारदर्शी अर्थव्यवस्था स्थापित करेगी और अनुपालन बोझ में और कमी लाएगी, जिससे छोटे व्यवसायों के लिए फलने-फूलना आसान हो जाएगा.

## रिलायंस को होगा 20 अरब डॉलर का फायदा

**नयी दिल्ली** । मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड आने वाले सालों में चीन की नई नीतियों और अपने कारोबार सुधारों से बड़ा फायदा उठा सकती है. मॉर्गन स्टेनली के विशेषज्ञों के अनुसार, चीन अब उद्योगों में बेकार की कड़ी प्रतिस्पर्धा और कम लाभ वाली रणनीतियों को बदल रहा है. इसे एंटी-इन्वेलेशन कहते हैं. इसका मतलब है कि कंपनियां अब स्मार्ट तरीके से काम करेंगी और बेवजह की प्रतिस्पर्धा से बचेंगी.

## ‘अकाउंट एग्रीगेटर’ इकोसिस्टम औपचारिक ऋण पहुंच में नए आयाम खोलेगा वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली** । वित्त मंत्रालय ‘अकाउंट एग्रीगेटर’ परिवेश औपचारिक ऋण पहुंच में विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम एवं व्यक्तिगत ऋण के लिए नए आयाम खोलने के लिए तैयार है. ये 2047 तक विकसित भारत की दिशा में भारत की यात्रा में सार्थक योगदान देगा. वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि अकाउंट एग्रीगेटर (एए) फ्रेमवर्क आधिकारिक तौर पर 2 सितंबर, 2021 को लॉन्च किया गया, जिसने वित्तीय डेटा साझा करने के लिए एक सुरक्षित, सहमति-आधारित प्रणाली स्थापित की. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने 2016 में ‘एए’ पारिस्थितिकी तंत्र के लिए मास्टर दिशा-निर्देश जारी किए थे. मंत्रालय ने चौथी वर्षगांठ पर कहा कि एए पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से विकसित हुआ है. बैंकिंग, प्रतिभूति, बीमा और पेंशन क्षेत्रों में इसे तेज़ी से अपनाया जा रहा है, जिससे भारत का डीपीआई मज़बूत हो रहा है. मंत्रालय के मुताबिक आज तक 112 वित्तीय संस्थान वित्तीय सूचना प्रदाता और वित्तीय सूचना उपयोगकर्ता (एफआईयू) दोनों के रूप में सक्रिय हो चुके हैं, जबकि 56 केवल एफआईपी और 410 एफआईयू के रूप में सक्रिय हो चुके हैं. एए फ्रेमवर्क के जरिए अब 2.2 अरब से अधिक वित्तीय खाते सुरक्षित, सहमति-आधारित डेटा साझाकरण के लिए सक्षम हैं और 112.34 मिलियन उपयोगकर्ता पहले ही अपने खातों को लिंक कर चुके हैं.

शेयर बाजार

### कमजोर लिस्टिंग के बाद कंपनी के शेयर फिसल कर 102.60 रु. पर पहुंच गए

# एनआईएस मैनेजमेंट की स्टॉक मार्केट में फीकी एंट्री

- इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 1.10 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इस आईपीओ के तहत 51.75 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं.

एजेंसी । नई दिल्ली

सिक्योरिटी और फैसिलिटी मैनेजमेंट सर्विसेज मुहैया कराने वाली कंपनी एनआईएस मैनेजमेंट के शेयरों ने मंगलवार को स्टॉक मार्केट में सुस्त शुरुआत करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया. आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 111 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे. बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 2.70 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 108 रुपये के स्तर पर हुई. कमजोर लिस्टिंग के बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कारण कुछ ही देर में कंपनी के शेयर फिसल कर 102.60 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गए. इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 8.40 रुपये यानी 7.48 प्रतिशत का नुकसान हो गया. एनआईएस मैनेजमेंट का 60.01 करोड़ रुपये का आईपीओ 25 से 28 अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था. इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 3.13 गुना सब्सक्राइब हो सका था. इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 2.12 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 9.15 गुना सब्सक्रिप्शन आया था. इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 1.10 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इस आईपीओ के तहत 51.75 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं. इसके अलावा 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 7.44 लाख शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे गए हैं. आईपीओ के तहत नए शेयरों की बिक्री से जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी.

कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है. वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 16.14 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 18.38 करोड़ रुपये और 2024-25 में उछल कर 18.67 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया. इस दौरान कंपनी का राजस्व 8 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर (कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट) से बढ़ कर 405.33 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया. इस अवधि में कंपनी पर कर्ज में उतार-चढ़ाव होता रहा. वित्त वर्ष 2022-23 के आखिर में कंपनी का कर्ज 87.22 करोड़ रुपये था, जो वित्त वर्ष 2023-24 के आखिर में बढ़ कर 91.11 करोड़ रुपये हो गया. हालांकि वित्त वर्ष 2024-25 के आखिर में कंपनी के कर्ज में मामूली कमी आई और ये घट कर 83.78 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया.

## रूस का उराल्स तेल भारत के लिए हुआ और सस्ता, ब्रेंट क्रूड से 4 डॉलर तक कम कीमत

एजेंसी । नयी दिल्ली

रूस का उराल्स क्रूड तेल भारत के लिए और सस्ता हो गया है. यह तेल अब ब्रेंट क्रूड से 3 से 4 डॉलर प्रति बैरल सस्ता मिल रहा है. यह कीमत सितंबर के आखिर और अक्टूबर में लोड होने वाले तेल के लिए है. न्यूज एजेंसी ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, सूत्रों ने बताया कि यह जानकारी गोपनीय है. भारत 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद रूस के तेल का बड़ा खरीदार बन गया. लेकिन, अमेरिका ने भारत पर इस व्यापार के लिए भारी टैरिफ लगा दिए हैं. अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और उनके अधिकारियों की आलोचना ने भारत को रूस और चीन के करीब ला दिया है.

**भारत-रूस के बीच खास रिश्ता :** चीन में हुए शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और रूस का रिश्ता खास है. उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से भी मुलाकात की. दोनों नेताओं ने आपसी रिश्तों को बेहतर करने का वादा किया. इस बीच, अमेरिका के व्हाइट हाउस सलाहकार पीटर नवारो ने भारत की कड़ी आलोचना की. जवाब में, भारत के पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि रूसी तेल की खरीद ने वैश्विक तेल की कीमतों को बढ़ने से रोका. उन्होंने यह बात ‘द हिंदू’ अखबार में लिखे अपने लेख में कही. भारतीय रिफाइनरियां रूसी तेल खरीद रही हैं. अगस्त की शुरुआत में कुछ समय के लिए खरीद रुकी थी. लेकिन अब सस्ता उराल्स तेल फिर से आकर्षक हो रहा है. पिछले हफ्ते यह तेल ब्रेंट से 2.50 डॉलर प्रति बैरल सस्ता था. जुलाई में यह छूट सिर्फ 1 डॉलर थी. दूसरी ओर, अमेरिकी तेल कुछ रिफाइनरियों ने प्रीमियम कीमत पर खरीदा, जो 3 डॉलर प्रति बैरल ज्यादा था. 27 अगस्त से 1 सितंबर तक भारतीय रिफाइनरियों ने 1.14 करोड़ बैरल रूसी तेल लिया. इसमें एक कार्गो अमेरिका द्वारा प्रतिबंधित जहाज विक्टर कोनेत्स्की से शिप-टू-शिप ट्रांसफर के जरिए आया. उराल्स तेल रूस का प्रमुख तेल है, जो इसके पश्चिमी बंदरगाहों से भेजा जाता है.

# डिविलियर्स ने बताए करियर के पांच सबसे बेहतरीन खिलाड़ी, लिस्ट में कोहली नहीं

एजेंसियां। नयी दिल्ली




दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने अपने शानदार क्रिकेट करियर में कई बड़े खिलाड़ियों के साथ और खिलाफ मुकाबला किया है. डिविलियर्स का करियर भले ही कई सुपरस्टार्स के बीच गुजरा हो, लेकिन कुछ खिलाड़ी उनके लिए हमेशा खास रहे. हाल ही में एक पॉडकास्ट शो 'बियर्ड बिफोर विकेट' पर उन्होंने उन पांच क्रिकेटरों के नाम बताए, जिन्हें वह अब तक के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में गिनते हैं. डिविलियर्स ने कहा, 'यह तय करना आसान नहीं है, क्योंकि मैंने अपने करियर में अनगिनत दिग्गजों के साथ क्रिकेट खेला है, लेकिन अगर मुझे चुनना पड़े, तो ये पांच नाम मेरे लिए सबसे खास हैं. आश्चर्य की बात यह है कि इस लिस्ट में पाकिस्तान का एक ऐसा खिलाड़ी भी है जो मैच फिक्सिंग के आरोप में सजा झेल चुका है. वहीं, डिविलियर्स अपने खास दोस्त विराट कोहली को इस लिस्ट में शामिल नहीं किया है, जो कि चौंकाने वाला है. डिविलियर्स कई मौकों पर कोहली की तारीफ कर चुके हैं और उन्हें दिग्गज बता चुके हैं, लेकिन पांच खिलाड़ियों की सूची में उन्होंने कोहली को नहीं रखा. इस सूची में भारत, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान का एक-एक खिलाड़ी है. सचिन से लेकर शेन वॉर्न तक, इन पांच नामों ने डिविलियर्स की नजर में क्रिकेट जगत में अपनी अमिट छाप छोड़ी है.

**1. सचिन तेंदुलकर**

डिविलियर्स ने मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर को सबसे पहले चुना. उन्होंने कहा कि सचिन सिर्फ एक बल्लेबाज नहीं, बल्कि एक ऐसी शख्सियत हैं जिन्होंने क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया. डिविलियर्स ने माना कि सचिन का खेल के प्रति समर्पण और तकनीक हर युवा के लिए प्रेरणा है.

**2. जैक कैलिस**

इसके बाद उन्होंने अपने देश के ही महान ऑलराउंडर जैक कैलिस का नाम लिया. डिविलियर्स ने कहा, 'कैलिस जैसे ऑलराउंडर को मैं आज तक नहीं देखा. वह बल्ले और गेंद दोनों से मैच का रुख पलट सकते थे.'

**3. एंड्रयू फ्लिंटॉफ**

इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर एंड्रयू फ्लिंटॉफ को डिविलियर्स ने तीसरे स्थान पर रखा. उन्होंने माना कि फ्लिंटॉफ का आत्मविश्वास और टीम को प्रेरित करने का तरीका उन्हें सबसे अलग बनाता था.

**4. शेन वॉर्न**

ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर शेन वॉर्न का नाम लेते हुए डिविलियर्स ने कहा, 'वॉर्न सिर्फ एक गेंदबाज नहीं, बल्कि पूरे मैच का माहौल बदलने वाले खिलाड़ी थे. उनकी गेंदबाजी का सामना करना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता था.'

**5. मोहम्मद आसिफ**

पांचवें नाम के तौर पर उन्होंने पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद आसिफ को चुना. डिविलियर्स ने कहा कि आसिफ की गेंदबाजी इतनी सटीक और खतरनाक होती थी कि बल्लेबाजों को हमेशा मुश्किल में डाल देती थी. आसिफ पर मैच फिक्सिंग के आरोप साल 2010 में लगे थे. अगस्त 2010 में इंग्लैंड दौरे पर पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान स्पॉट फिक्सिंग स्कैंडल सामने आया. उस समय मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद आमिर और कप्तान सलमान बट्ट पर आरोप लगे थे कि उन्होंने जानबूझकर नो-बॉल फेंकी. यह स्टिंग ऑपरेशन ब्रिटिश अखबार न्यूज ऑफ द वर्ल्ड ने किया था. इसके बाद आईसीसी ने तीनों खिलाड़ियों को निलंबित कर दिया और बाद में प्रतिबंध भी लगाया गया.

## यूएई कप्तान मुहम्मद वसीम ने तोड़ा रोहित के छक्कों का रिकॉर्ड



**नयी दिल्ली ।** शारजाह में सोमवार को खेले गए त्रिकोणीय श्रृंखला मुकाबले में यूएई के कप्तान मुहम्मद वसीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की. वसीम ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बतौर कप्तान सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड तोड़ दिया. यूएई की पारी के तीसरे ओवर में वसीम ने अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीब-उर-रहमान की गेंदों पर लगातार दो छक्के जड़कर यह उपलब्धि अपने नाम की. वसीम ने मैच में 37 गेंदों में 67 रनों की विस्फोटक पारी खेली. उन्होंने अपनी पारी के दौरान 6 छक्के लगाए, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके. यूएई टीम 188 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 8 विकेट पर 150 रन ही बना सकी.

### टी20आई में बतौर कप्तान सर्वाधिक छक्के

110 – मुहम्मद वसीम (यूएई)
105 – रोहित शर्मा (भारत)
86 – इयोन मॉर्गन (इंग्लैंड)
82 – आरोन फिंच (ऑस्ट्रेलिया)
79 – कादोवाकी फ्लेमिंग (जापान)
69 – जोस बटलर (इंग्लैंड)

## एशिया कप सुपर4 में पहुंची भारत, चीन, मलेशिया और दक्षिण कोरिया

# 7 सितंबर को खिताबी भिड़ंत

शुभम संदेश। राजगीर



बिहार के राजगीर में खेले जा रहे हॉकी एशिया कप 2025 टूर्नामेंट के सुपर4 में पहुंचने वाली 4 टीमें कंफर्म हो गई हैं. पूल स्टेज खत्म हो गया है. पूल 'ए' से भारतीय हॉकी टीम और चीन हॉकी टीम ने टॉप 4 में जगह बनाई है. जबकि पूल 'बी' से मलेशिया और साउथ कोरिया ने अगले चरण के लिए क्वालीफाई किया.पूल स्टेज के 12 मैचों के बाद अभी तक एशिया कप 2025 में कुल 101 गोल लग चुके हैं. सबसे ज्यादा व्यक्तिगत गोल अभी मलेशिया के अखीमुल्लाह अनवर के नाम हैं, जिन्होंने 9 गोल मारे हैं. दूसरे नंबर पर भारत के हरमनप्रीत सिंह हैं, वह 7 गोल दाग चुके हैं. हॉकी एशिया कप 2025 की चैंपियन टीम 7 सितंबर को मिलेगी, जब सुपर4 की टॉप 2 टीमें फाइनल में भिड़ेंगी. ये मैच शाम को 7:30 बजे से खेला जाएगा. जबकि सुपर4 में नीचे की 2 टीमों के बीच तीसरे और चौथे स्थान के लिए 7 सितंबर को 5 बजे से मैच होगा.

**भारतीय हॉकी टीम**

भारत पूल स्टेज में टॉप पर रहा, टीम ने अपने तीनों मैच जीते. अंक तालिका में भारतीय हॉकी टीम के 9 पॉइंट्स थे. भारत ने चीन को 4-3, जापान को 3-2 और कजाकिस्तान को 15-0 के बड़े अंतर से हराया.चीन हॉकी टीम पूल ए से सुपर4 में पहुंचने वाली दूसरी टीम चीन है, जिसने भारत के खिलाफ पहले मैच में शिकस्त झेलने के बाद कजाकिस्तान (13-1) को बड़े अंतर से हराया. अपने आखिरी मैच में चीन ने जापान के साथ 2-2 से ड्रा खेला. जापान के भी 4 ही अंक थे, लेकिन गोल के आधार पर चीन आगे रही.

**हॉकी एशिया कप 2025 सुपर4 शेड्यूल**

3 सितंबर– मलेशिया बनाम चीन (5 बजे)
3 सितंबर– भारत बनाम साउथ कोरिया (7 :30 बजे)
4 सितंबर– साउथ कोरिया बनाम चीन (5 बजे)
4 सितंबर– मलेशिया बनाम भारत (7 :30 बजे)
6 सितंबर– साउथ कोरिया बनाम मलेशिया (5 बजे)
6 सितंबर– भारत बनाम चीन (7 :30 बजे)

लाइव प्रसारण किस चैनल पर होगा

एशिया कप 2025 का आधिकारिक ब्रॉडकास्टर सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क है. मैचों का लाइव प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स 1 पर होगा.

हॉकी एशिया कप सुपर4 मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग किस ऐप पर होगी

मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग सोनी लिव ऐप और वेबसाइट पर होगी. मैचों का पूरा शेड्यूल, टाइमिंग की जानकारी ऊपर दी गई है.

**मलेशिया हॉकी टीम**

पूल बी से मलेशिया अंक तालिका में नंबर-1 पर रही, जिसने अपने सभी तीनों मैच जीते. टीम के 9 अंक रहे. मालिया ने पहले मैच में बांग्लादेश (4-1), दूसरे मैच में साउथ कोरिया (4-1) और तीसरे मैच में चीनी ताइपे को 15-0 से हराया.

**साउथ कोरिया**

साउथ कोरिया ने पूल स्टेज में अपने 3 में से 2 मैच जीते, उन्होंने पहले चीनी ताइपे को 7-0 से हराया. दूसरे मैच में टीम मलेशिया से 1-4 से हार गई. तीसरे मुकाबले में साउथ कोरिया ने बांग्लादेश पर 5-1 से जीत दर्ज की.

## भारत में होगा 2026 बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन नई दिल्ली बनेगा मेजबान



**नयी दिल्ली ।** भारत को एक बार फिर बैडमिंटन की दुनिया में बड़ा सम्मान मिलने जा रहा है. बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 का आयोजन नई दिल्ली में किया जाएगा. इसका ऐलान पेरिस में चल रही मौजूदा विश्व चैंपियनशिप के समापन समारोह के दौरान किया गया. इस मौके पर भारत के स्टार डबल्स जोड़ीदार सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने कांस्य पदक जीता, जो उनकी विश्व चैंपियनशिप में दूसरी पदक उपलब्धि है. बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, ₹हम बीडब्ल्यूएफ का आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने भारत को यह मेज़बानी सौंपी. हम भरोसा दिलाते हैं कि भारत भी पेरिस की तरह उत्कृष्टता और भव्यता के उसी स्तर को आगे बढ़ाएगा. हम पूरी बैडमिंटन फैमिली का दिल्ली में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं.₹

## टीम इंडिया के लिए खुशखबरी!

# सबसे बड़ा कांटा पैट कमिंस हो गए वनडे और टी20 सीरीज से बाहर




एजेंसियां। मेलबर्न


भारतीय क्रिकेट टीम के लिए बड़ी खुशखबरी है. दुनिया के सबसे खतरनाक ऑलराउंडरों में शामिल पैट कमिंस भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में नहीं दिखेंगे. ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष तेज गेंदबाज और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण मंगलवार को भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर हो गए. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ इस साल के आखिर में होने वाली एशेज सीरीज को ध्यान में रखते हुए उनके रिहैबिलिटेशन की व्यवस्था की जा रही है.

ऑस्ट्रेलिया एक अक्टूबर से न्यूज़ीलैंड के साथ तीन टी20 मैच खेलेगा. उसके बाद वह भारत के खिलाफ तीन वनडे (19-25 अक्टूबर) और पांच टी20 मैच (29 अक्टूबर से आठ नवंबर) खेलेगा. ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज सीरीज 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बयान में कहा, कमिंस को भारत (और न्यूजीलैंड) के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की सीरीज के लिए टीम में नहीं चुना जाएगा और वह इस बीच रिहैबिलिटेशन पर रहेंगे.

**विराट कोहली और रोहित शर्मा लंबे समय बाद दिखेंगे मैदान पर :** उल्लेखनीय है कि इस दौरे पर लंबे समय बाद विराट कोहली और रोहित शर्मा की जोड़ी नीली जर्सी में दिखाई देगी. इससे पहले वे दोनों आखिरी बार इंटरनेशनल क्रिकेट के तौर पर ऑस्ट्रेलिया में ही बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी खेलते नजर आए थे. कप्तान रोहित शर्मा ने आखिरी टेस्ट नहीं खेला था और खुद को प्लेइंग-11 से बाहर रखने का फैसला किया था. इसके बाद इंग्लैंड सीरीज से पहले आईपीएल 2025 के दौरान रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया था, जबकि बाद में विराट कोहली ने भी टेस्ट क्रिकेट को छोड़ने का फैसला किया. इस तरह यह जोड़ी आईपीएल के बाद पहली बार कॉम्पिटिटिव क्रिकेट खेलते दिखाई देंगे. रोहित शर्मा ने हाल ही में फिटनेस टेस्ट भी पास कर लिया है.

# ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने लिया टी20 से संन्यास

एजेंसियां। मेलबर्न



ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है. 35 वर्षीय स्टार्क बताया कि भारत के टेस्ट दौरे, एशेज और 2027 ओडीआई वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए उन्होंने ये फैसला किया है. उन्होंने आखिरी टी20 भारत के खिलाफ जून, 2024 में खेला था.

मिचेल स्टार्क ने कहा, ₹टेस्ट क्रिकेट हमेशा से मेरी प्राथमिकता रही है. मैंने ऑस्ट्रेलिया के लिए खेले गए हर टी20 मैच के हर मिनट का आनंद लिया, खासकर 2021 वर्ल्ड कप में. सिर्फ़ इसलिए नहीं कि हम खिताब जीते, बल्कि इसलिए क्योंकि हमारी टीम शानदार थी और उस दौरान हमने खूब मजे भी किए.

**बताई संन्यास की वजह :** अगले साल ऑस्ट्रेलिया का टेस्ट क्रिकेट में व्यस्त शेड्यूल है. इसमें बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज, साउथ अफ्रीका दौरा, न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 मैचों की सीरीज शामिल है. जनवरी 2027 में ऑस्ट्रेलिया भारत दौरे पर 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी, जो आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से महत्वपूर्ण होगी. इसके बाद साउथ अफ्रीका, नामीबिया और ज़िम्बाब्वे में ओडीआई वर्ल्ड कप 2027 का आयोजन होगा, जिसमें ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम डिफेंडिंग चैंपियन बनकर उतरेगी. स्टार्क ने टेस्ट और वनडे को प्राथमिकता देते हुए टी20 को अलविदा कहने का फैसला किया है.

मिचेल स्टार्क ने कहा, ₹भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज, एशेज और फिर 2027 में होने वाला ओडीआई वर्ल्ड कप. इन टूर्नामेंट में खुद को फिट रखने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए मुझे लगता है कि यही सही है.₹ उन्होंने ये भी कहा कि इससे 2026 में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए नई गेंदबाजी यूनिट को तैयारी के लिए पर्याप्त समय भी मिल जाएगा.

ऑस्ट्रेलिया चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहाः ₹स्टार्क को ऑस्ट्रेलिया के लिए अपने टी20 करियर पर बेहद गर्व होना चाहिए. वह 2021 विश्व कप विजेता टीम के एक महत्वपूर्ण सदस्य थे. अच्छी बात ये है कि वह लंबे समय तक टेस्ट और वनडे क्रिकेट खेलने की योजना बनाए हुए हैं.₹

**मिचेल स्टार्क टी20 अंतर्राष्ट्रीय करियर**

स्टार्क ने पाकिस्तान के खिलाफ सितंबर, 2012 में अपना टी20 अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू मैच खेला था. उनका आखिरी टी20 भारत के खिलाफ है, जो उन्होंने 24 जून, 2024 को खेला था. 12 साल के करियर में मिचेल स्टार्क ने 65 अंतर्राष्ट्रीय टी20 मैच खेले, जिसमें उनके नाम 79 विकेट हैं.

# राशिद खान ने रचा इतिहास अफगान की यूएई पर आसान जीत




**शारजाह ।** अफगानिस्तान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को सोमवार रात 38 रनों से हराकर त्रिकोणीय सीरीज़ में अपनी पहली जीत दर्ज की. इस मैच में स्टार स्पिनर राशिद खान ने बड़ा कीर्तिमान रचते हुए टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज़ बन गए. 26 वर्षीय राशिद ने 3 विकेट लेकर अपना आंकड़ा 165 पर पहुँचा दिया और न्यूज़ीलैंड के तेज़ गेंदबाज़ टिम साउदी (164 विकेट) को पीछे छोड़ दिया. राशिद ने ईथन डिसूज़ा (12), आसिफ खान (1) और ध्रुव पाराशर (1) को आउट कर यह उपलब्धि हासिल की. इससे पहले अफगानिस्तान ने बल्लेबाज़ी करते हुए 4 विकेट पर 188 रन बनाए. इब्राहिम जादरान (63 रन, 40 गेंद, 4 छक्के, 3 चौके) और सेदिकुल्लाह अतल (54 रन, 40 गेंद, 3 छक्के, 4 चौके) ने दूसरे विकेट के लिए 84 रनों की साझेदारी की. अतल का यह पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक था.

अंत में करीम जनत (23*, 10 गेंद, 2 चौके, 2 छक्के) और अजमतुल्लाह उमरज़ई (20*, 12 गेंद, 2 छक्के) ने ताबड़तोड़ पारी खेलकर स्कोर को मज़बूती दी. यूएई के मुहम्मद रोहिद और सगीर खान ने 2-2 विकेट झटके. लक्ष्य का पीछा करते हुए यूएई ने कप्तान मुहम्मद वसीम (67 रन, 37 गेंद, 6 छक्के, 4 चौके) की आतिशी पारी से धमाकेदार शुरुआत की. उन्होंने 23वां टी20I अर्धशतक जमाया, लेकिन उनके आउट होते ही टीम की लय बिगड़ गई और निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 150 रन ही बना सकी. इस जीत के बाद अफगानिस्तान ने सीरीज़ में वापसी की. पाकिस्तान पहले ही दोनों मैच जीत चुका है और अब मंगलवार को अफगानिस्तान से भिड़ेगा. तीनों टीमों को दो-दो मैच खेलने हैं, जबकि शीर्ष दो टीमें 7 सितंबर को फाइनल में आमने-सामने होंगी.

## मेंटर बनने की अटकलों के बीच मनोज ने दिया बयान

# धौनी-गंभीर की जोड़ी देखने लायक होगी!

एजेंसियां। नयी दिल्ली




पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धौनी और मुख्य कोच गौतम गंभीर भविष्य में साथ काम करेंगे इसे लेकर दूर-दूर तक संभावनाएं नहीं दिख रही हैं. लेकिन चर्चा का बाजार गर्म है कि कैप्टन कूल के नाम से मशहूर धौनी 2026 टी20 विश्व कप को देखते हुए भारतीय ड्रेसिंग रूम का हिस्सा हो सकते हैं. अभी तक ये सिर्फ अटकलें ही हैं क्योंकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से इस बारे में कुछ भी आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है.

**पहले भी टीम के मेंटर रह चुके हैं धौनी :** धौनी इससे पहले भी भारतीय टीम के मेंटर रह चुके हैं. उन्होंने 2021 टी20 विश्व कप के दौरान यह भूमिका निभाई थी जब टीम विराट कोहली की कप्तानी में खेलने उतरी थी और रवि शास्त्री टीम के कोच थे. धौनी भारत के सफल कप्तान हैं, उनके नेतृत्व में टीम ने 2007 टी20 विश्व कप, 2011 वनडे विश्व कप और 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था. इतना ही नहीं आईपीएल में भी उन्हें अपनी कप्तानी से सभी को प्रभावित किया और चेन्नई सुपर किंग्स को खिताब दिलाए हैं. धौनी ने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था, लेकिन वह अभी भी आईपीएल में खेलते हैं.

**2011 वनडे विश्व कप टीम का हिस्सा रहे हैं धौनी-गंभीर**

इन अटकलों के बाद से ही फैंस और क्रिकेट जगत में इसे लेकर चर्चा शुरू हो गई है. कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीसीसीआई टी20 विश्व कप के लिए धौनी के सामने मेंटर बनने का प्रस्ताव रख सकता है. यह वैश्विक टूर्नामेंट अगले साल भारत और श्रीलंका में होना है. धौनी और गंभीर 2011 वनडे विश्व कप विजेता टीम के सदस्य हैं, इन दोनों ने टीम को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी. इन चर्चाओं के बीच अब पूर्व भारतीय बल्लेबाज मनोज तिवारी ने भी इस पर अपनी राय रखी है. उनका कहना है कि अगर धौनी मेंटर बनते हैं तो गंभीर के साथ उनकी जोड़ी देखने लायक होगी. तिवारी ने कहा, क्या धौनी फोन भी उठाएंगे? उनसे बात करना मुश्किल है क्योंकि वह शायद ही कभी कॉल का जवाब देते हैं या मैसेज का जवाब भी देते हैं. असली सवाल यह है कि क्या वह इस भूमिका को स्वीकार करेंगे. लेकिन अगर वह ऐसा करते हैं, तो एक कप्तान और एक खिलाड़ी के रूप में उनका अनुभव अमूल्य होगा. टीम में आने वाले युवा खिलाड़ी उनका बहुत सम्मान करते हैं.

**क्रिकेट** — जब टीम सेलेक्सन को लेकर एमएस धौनी पर बोले थे इरफान पठान

# किसी के कमरे में हुक्का नहीं लगाता, इसलिए तो...

एजेंसियां। नयी दिल्ली




इरफान पठान का नाम भारत के महान ऑलराउंडर्स में लिया जाता है. इरफान ने अपनी गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों से टीम इंडिया के लिए मैच विनिंग योगदान दिया है. लेकिन, इरफान को अचानक टीम इंडिया से ड्रॉप कर दिया गया था. 2012 में इरफान ने भारत के लिए अपना आखिरी वनडे मैच खेला था, जिसमें उन्होंने पंजा खोला था. किसी को इस बात की जानकारी नहीं है कि अचानक पठान को क्यों टीम इंडिया से ड्रॉप किया गया था.यह सिर्फ उस वक्त सिलेक्टर्स ही जानते हैं कि क्यों पठान को ड्रॉप किया गया था. वहीं भारत के पूर्व कप्तान एमएस धौनी को भी इरफान पठान की परिस्थिति को सही से हैंडल न करने के लिए ब्लेम किया जाता है. अब इरफान का 5 साल पुराना एक इंटरव्यू वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने धौनी को लेकर बयान दिया.

**इरफान पठान ने अपने बयान में क्या कहा :** एक इंटरव्यू में इरफान पठान ने एमएस धौनी और अपने 2008 में प्रदर्शन को लेकर बात की थी. उन्होंने बताया था कि 2008 में ऑस्ट्रेलिया सीरीज पर मीडिया में एमएस धौनी का एक बयान सामने आया था, जिसमें माही ने कहा था कि इरफान अच्छी बॉलिंग नहीं कर रहा. इस बयान के बाद खुद इरफान पठान एमएस धौनी के पास इस बारे में बात करने गए थे. इरफान ने बताया कि धौनी ने उनसे कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं है सब प्लान के मुताबिक जा रहा है. इसके आगे इरफान पठान ने अपने बयान में कहा, 'मुझे किसी के कमरे में हुक्का लगाने या इसके बारे में बात करने की आदत नहीं है. यह बात सब जानते हैं. कभी-कभी अगर आप इस बारे में न बोलें, तो यह बेहतर होता है. एक क्रिकेटर का काम मैदान पर प्रदर्शन करना होता है और मेरा ध्यान इसी पर था.'

**इरफान पठान का करियर :** 40 साल के इरफान पठान ने अपने करियर में कुल 29 टेस्ट, 120 वनडे और 24 टी20 मुकाबले खेले हैं. टेस्ट में उनके नाम 100 वनडे में 173 तो टी20 में 28 विकेट हैं. पठान ने टेस्ट में 1105, वनडे में 1544 तो टी20 में 172 रन बनाए थे. पठान ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 1 सेंचुरी और 11 हाफ सेंचुरी भी ठोकी हैं.

# न्यूज़ीलैंड टी20 सीरीज के लिए, मार्कस स्टॉइनिस की ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी

एजेंसियां। मेलबर्न



ऑस्ट्रेलिया ने न्यूज़ीलैंड के खिलाफ आगामी टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए 14 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें ऑलराउंडर मार्कस स्टॉइनिस की वापसी हुई है. उनके साथ मिच ओवेन, मैथ्यू शॉर्ट और जेवियर बार्टलेट की भी टीम में वापसी हुई है, जिससे अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए स्टॉइनिस की दावेदारी मज़बूत हो गई है. 36 वर्षीय स्टॉइनिस पिछले एक साल से न तो सेंट्रल और न ही स्टेट कॉन्ट्रैक्ट में थे. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए आखिरी बार नवंबर 2024 में खेला था. इस साल फरवरी में उन्होंने वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन टी20 लीग्स में लगातार सक्रिय रहे. उन्होंने आईपीएल में पंजाब किंग्स और द हंड्रेड में ट्रेंट रॉकेट्स के लिए अहम भूमिकाएं निभाईं और दोनों टीमों को फाइनल तक पहुँचाने में योगदान दिया. हालांकि, विश्व कप टीम में जगह बनाना स्टॉइनिस के लिए आसान नहीं होगा. मिडिल ऑर्डर ऑलराउंडर की भूमिका के लिए कैमरन ग्रीन, टिम डेविड और मिच ओवेन भी दावेदार हैं. ग्रीन न्यूज़ीलैंड सीरीज में नहीं खेलेंगे क्योंकि वे घरेलू एशेज की तैयारी के लिए शेफील्ड शील्ड क्रिकेट पर ध्यान देंगे. वहीं ओवेन चोट (कन्कशन) से उबरने के बाद टीम में लौटे हैं.

मैथ्यू शॉर्ट भी चोट (साइड स्ट्रेन) से उबरकर टीम में वापसी कर रहे हैं. एलेक्स कैरी और आरोन हार्डी को दक्षिण अफ्रीका दौरे पर चोटिल खिलाड़ियों की जगह मिली थी, लेकिन अब वे बाहर हो गए हैं. तेज़ गेंदबाज़ नाथन एलिस पितृत्व अवकाश के कारण इस दौरे से अनुपस्थित रहेंगे. इस दौरे पर ऑस्ट्रेलिया के दो बड़े खिलाड़ी भी नहीं खेलेंगे—मिचेल स्टार्क, जिन्होंने टी20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया है.

# उपायुक्त ने जनता दरबार में आमजन की समस्याओं का किया त्वरित निराकरण

शुभम संदेश। कोडरमा

उपायुक्त श्री ऋतुराज की अध्यक्षता में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जनता अपनी विभिन्न समस्याओं और शिकायतों के साथ पहुंची. इस मौके पर उपायुक्त ने सभी आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के लिए सख्त निर्देश दिए. उन्होंने बताया कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है ताकि जनता को प्रशासनिक प्रक्रिया में सुविधा मिल सके.

जनता दरबार के दौरान भूमि, राजस्व, पेंशन, आवास, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, विद्युत एवं अन्य विभागों से संबंधित कई शिकायतें प्राप्त हुईं. कुछ मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया जबकि अन्य लंबित मामलों के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट समय सीमा निर्धारित कर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया. उपायुक्त ने सभी विभागों को यह भी कहा कि वे प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें और आवेदकों को उनकी शिकायतों के समाधान की जानकारी उपलब्ध कराएं ताकि प्रशासनिक पारदर्शिता बनी रहे.

इस आयोजन में उपायुक्त ने अधिकारियों को जनता के प्रति सहानुभूतिपूर्ण और तत्परता से कार्य करने पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य है कि किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान विलंबित न हो और जनता को किसी प्रकार की असुविधा न झेलनी पड़े. इसके साथ ही उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा ताकि लोगों को अपने अधिकारों की प्राप्ति में कोई दिक्कत न हो. इस अवसर पर जिला प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी, संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी भाग लिया. उन्होंने जनता की समस्याओं को सुनते हुए समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया. जनता दरबार के सफल आयोजन से जिले के लोगों को राहत मिली है और यह प्रशासन की जनता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है.



## जन शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु उपायुक्त ने की एमईईटीए पोर्टल की समीक्षा, विभागों को दिए कड़े निर्देश

शुभम संदेश। कोडरमा

आमजन की शिकायतों के शीघ्र और प्रभावी निस्तारण के लिए उपायुक्त श्री ऋतुराज की अध्यक्षता में एमईईटीए पोर्टल के अंतर्गत जन शिकायत कोषांग की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, लघु सिंचाई, प्रखंड एवं अंचल कार्यालय समेत विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त शिकायतों की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई. उपायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन शिकायतों का निपटारा समयबद्ध, पारदर्शी और प्राथमिकता के आधार पर किया जाए. दाखिल-खारिज, भूमि विवाद और अंचल कार्यालयों में लंबित मामलों पर विशेष जोर देते हुए उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि ऐसे मामलों का शीघ्र समाधान कर आम जनता को राहत प्रदान करें. उपायुक्त श्री ऋतुराज ने कहा, "जनता की समस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है. एमईईटीए पोर्टल पर दर्ज प्रत्येक शिकायत का प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए. इसके लिए विभागों के बीच आपसी समन्वय जरूरी है ताकि किसी भी शिकायत का समाधान बाधित न हो." बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी श्रीमती रिया सिंह, अपर समाहर्ता श्रीमती पूनम कुजुर, सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती कनक कुमारी तिर्की सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे.



## डीसी ने करमा में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज डीईआईसी का किया निरीक्षण, कहा- कार्य में तेजी लायें

**कोडरमा।** उपायुक्त श्री ऋतुराज ने बीती रात करमा स्थित निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज, डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर (डीईआईसी) एवं नर्सिंग कॉलेज का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति और गुणवत्ता की विस्तार से समीक्षा की. उपायुक्त ने मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन, कार्यपालक अभियंता और संवेदक कंपनी के प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर और गुणवत्ता मानकों के अनुसार पूर्ण किए जाएं.

उन्होंने कहा कि ये संस्थान जिले के स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होंगे. ऐसे में कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी. निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने निर्माण स्थल की व्यवस्थाओं, सामग्री की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं कार्यरत श्रमिकों की स्थिति की भी समीक्षा की. उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता है कि सभी परियोजनाएं समय पर पूर्ण हों ताकि लोगों को शीघ्र सुविधा मिल सके. सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने और प्रगति रिपोर्ट देने का निर्देश भी दिया.

## हॉट मिक्स प्लांट में आग लगी, लाखों का नुकसान

**मरकच्चो (कोडरमा)।** मुरकमनाई पंचायत के बरियारडीह स्थित हॉट मिक्स प्लांट में मंगलवार को अचानक आग लगने से भारी नुकसान हुआ. प्लांट में खड़ी एक विटूमिन लोड ट्रक सहित लाखों का सामान जलकर राख हो गया. यह प्लांट पिछले पांच वर्षों से सड़क निर्माण सामग्री तैयार करता रहा . सोमवार को यहां मिक्सिंग की तैयारी चल रही थी, जिसमें टैंकर से अलकतरा को एलडीओ तेल में मिलाने के लिए आग लगाई गई थी.आग लगाने के बाद ट्रक का उपचालक मौके से चला गया. कुछ ही देर में आग एलडीओ और अलकतरा के संपर्क में आकर विकराल रूप ले लिया.

## चहेते योगेश त्रिपाठी का प्रेरणादायक सफर

**हजारीबाग।** मुंबई को सपनों का शहर कहा जाता है, जहां लाखों लोग अपने सपनों को पूरा करने आते हैं. ऐसे में योगेश त्रिपाठी ने अपनी मेहनत और लगन से खास मुकाम हासिल किया है. वे एन टीवी के लोकप्रिय शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में दरोगा हप्पू सिंह के किरदार से घर-घर में पहचाने जाते हैं. योगेश ने अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए बताया कि जब वे 2004 में मुंबई आए, उनके पास केवल सपने और खुद पर विश्वास था. उनका पहला काम 95 रुपये का था और थियेटर में उन्हें 75 रुपये मिलते थे.

# हजारीबाग में भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ता आमने-सामने, चला हाई वोल्टेज ड्रामा

## भाजपा का आरोप : महिला कार्यकर्ताओं से किया अभद्र व्यवहार

## कांग्रेस ने गाली गलौज करने, झंडा-बैनर फाड़ने का आरोप लगाया





प्रदीप सिन्हा। हजारीबाग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत माता के प्रति कांग्रेस मंच से की गई अशोभनीय और अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने हजारीबाग शहर में प्रशासन से अनुमति लेकर आक्रोश प्रदर्शन किया. भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ता सहित अन्य नेता कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम के समक्ष पुतला दहन सह प्रदर्शन के लिए पहुंचे. महिला मोर्चा नेत्रियों का आरोप है कि प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा महिला कार्यकर्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार किया गया. भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं की हरकत न सिर्फ निंदनीय है, बल्कि महिला गरिमा पर सीधा प्रहार है. उधर कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि कांग्रेस ऑफिस के सामने प्रदर्शन का उन्होंने विरोध किया तो भाजपा नेताओं ने न सिर्फ अभद्र व्यवहार किया, बल्कि गाली-गलौज भी की. भाजपा नेताओं की हरकत से गुस्साए हजारीबाग कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव के नेतृत्व नेता-कार्यकर्ता सदर थाना पहुंचें और वहां धरना दिया गया. थाना में आवेदन देकर पुतला दहन कार्यक्रम में शामिल भाजपा नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की. कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि विरोध मार्च सह पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान भाजपाइयों ने कांग्रेस कार्यालय में लगे कांग्रेस पार्टी के झंडे और बैनर को फाड़ दिया, जो संकुचित मानसिकता का परिचायक है. मना करने पर गाली-गलौज की और धमकी भी दी.

उधर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा थाने में शिकायत किया जाने की जानकारी मिलते ही भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता हजारीबाग के विधायक प्रदीप प्रसाद, भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह सहित कई पदाधिकारी-कार्यकर्ता के साथ थाना पहुंचीं. थाना प्रभारी से मुलाक़ात कर शेफाली गुप्ता ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही. उन्होंने स्पष्ट किया कि पूरा देश किसी भी प्रकार के असम्मान को सहन नहीं करेगा और लोकतांत्रिक तरीकों से विरोध जताना उनका संवैधानिक अधिकार है. भाजपा महिला मोर्चा नेत्रियों ने एक स्वर में कहा कि यह लड़ाई एक पार्टी के साथ- साथ महिला गरिमा और भारतीय मूल्यों की रक्षा की लड़ाई है.

## मनीष जायसवाल ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण, समस्याओं का लिया जायजा



**विष्णुगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने मंगलवार को अपने मांडू विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान विष्णुगढ़ स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया.इससे पहले उन्होंने नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन भी किया. विद्यालय परिसर में पहुंचते ही छात्राओं ने स्कूल बैंड के साथ फूलों की माला पहनाकर सांसद का गर्मजोशी से स्वागत किया. सांसद ने सबसे पहले कस्तूरबा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी. इसके बाद उन्होंने विद्यालय की वार्डन और शिक्षिका ज्योति वर्मा के साथ बैठक की, जिसमें वार्डन ने पेयजल की कमी और डाइनिंग हॉल की खराब व्यवस्था जैसी प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया. सांसद मनीष जायसवाल ने वार्डन को आश्वस्त किया कि वे जल्द ही इन समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे. उन्होंने छात्राओं से संवाद किया और उनकी शिक्षा की गुणवत्ता पर भी जानकारी ली. पूरे विद्यालय परिसर का निरीक्षण करने के बाद, विद्यालय परिवार ने सांसद को एक स्मृति चिन्ह भेंट किया. सांसद ने कहा कि कुल 445 छात्राओं के हित में आवश्यक कार्य किए जाएंगे ताकि बेहतर शिक्षा एवं सुविधाएं उपलब्ध हो सकें.

## रामगढ़ में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के सामाजिक अंकेक्षण को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**रामगढ़।** सामाजिक सुरक्षा शाखा के तहत विभिन्न पेंशन योजनाओं के सामाजिक अंकेक्षण को लेकर मंगलवार को समाहरणालय सभा कक्ष में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई. कार्यशाला में सहायक निदेशक शंकर प्रसाद और डीआरपी रोमा बारला ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों और अंचल अधिकारियों को सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया और उसके महत्व की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन योजना के साथ-साथ राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना के लाभुकों का अंकेक्षण किया जाना है. इस दौरान अंकेक्षण से जुड़े सभी प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और उपस्थित अधिकारियों की शंकाओं का समाधान भी किया गया.

## चतरा : झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से मासूम की मौत

**चतरा।** चतरा जिले के वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र में एक झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही ने एक मासूम की जान ले ली. प्रतापपुर प्रखंड के बभने पंचायत निवासी अविनाश कुमार ने बताया कि उनकी बहन के चार वर्षीय पुत्र ऋषि कुमार को पेट दर्द की शिकायत पर 1 सितंबर को सलैया गांव के झोलाछाप डॉक्टर प्रदीप विश्वकर्मा के पास ले जाया गया. डॉक्टर ने बच्चे को बिना उचित जांच के तीन इंजेक्शन लगाए और कुछ दवाइयाँ दीं. सुई लगने के बाद बच्चा अचानक सुस्त हो गया. डॉक्टर ने इसे सामान्य प्रतिक्रिया बताकर घर भेज दिया. कुछ देर बाद बच्चा तड़पने लगा, तो परिजन दोबारा डॉक्टर के पास पहुंचे. इस बार डॉक्टर ने मिर्गी का दौरा बताकर बच्चे को बाहर ले जाने की सलाह दी. परिजन बच्चे को इलाज के लिए बिहार ले गए, लेकिन कोई प्राइवेट क्लिनिक उसे भर्ती करने को तैयार नहीं हुआ. अंततः मगध मेडिकल कॉलेज में बच्चे को भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई. अस्पताल के डॉक्टरों ने मौत का कारण ओवरडोज और दवा रिएक्शन बताया. घटना के बाद परिजनों ने शव के साथ वशिष्ठ नगर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई. थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है. आरोपी झोलाछाप डॉक्टर एक स्कूल में पारा शिक्षक भी है और खाली समय में अवैध रूप से क्लिनिक चलाता था.

## हजारीबाग जिले में 57 स्वास्थ्य उप केंद्रों के निर्माण को लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**हजारीबाग।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाने के लिए 57 नए स्वास्थ्य उप केंद्रों का निर्माण किया जाएगा. इस संबंध में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने 2 सितंबर को वेबिनार के माध्यम से सभी अंचलाधिकारियों और संबंधित चिकित्सा पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि सभी अंचलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में विवादमुक्त सरकारी भूमि की पहचान करें और प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के साथ समन्वय कर जल्द से जल्द भूमि रिपोर्ट उपलब्ध कराएं. उपायुक्त ने बताया कि राज्य सरकार ने स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण की स्वीकृति दी है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा. साथ ही, उन्होंने पूर्व पीएम-अभीम एवं 15वें वित्त से निर्मित स्वास्थ्य अधोसंरचना की नियमित जांच करने के निर्देश भी दिए ताकि उनकी कार्यक्षमता सुनिश्चित की जा सके. उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के 24x7 संचालन पर जोर देते हुए चिकित्सक, दवा और एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा. रात्रिकालीन चिकित्सकों की अनुपस्थिति पाई गई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी. इसके अलावा, आयुष्मान योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराने के लिए राशन कार्ड धारियों का आधार सीडिंग और ई-केवाईसी कराने का निर्देश भी दिया गया. उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को इस कार्य को तेजी से करने और प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए भी कहा. इस प्रकार जिला स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए व्यापक तैयारी जारी है.

## संगठन सृजन 2025 के तहत कांग्रेस की प्रेसवार्ता आयोजित, बूथ स्तर तक मजबूत होगा संगठन : बर्मन

**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में संगठन सृजन 2025 अभियान के तहत मंगलवार को प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में एआईसीसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक एवं त्रिपुरा के अगरतल्ला विधायक सुदीप राय बर्मन उपस्थित रहे. प्रेस को संबोधित करते हुए श्री बर्मन ने कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य पंचायत से लेकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना है. उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत अल्पसंख्यक, ओबीसी, एससी, एसटी, महिलाएं और युवा वर्ग को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि संगठन में नई ऊर्जा का संचार हो सके. उन्होंने कहा कि हर छोटे-बड़े कार्यकर्ता की राय लेकर एक समेकित रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जिससे कोई भी ईमानदार कार्यकर्ता संगठन से वंचित न हो. उन्होंने भरोसा जताया कि संगठन सृजन 2025 कांग्रेस के लिए मील का पत्थर साबित होगा. विधायक बर्मन ने हजारीबाग में शहीद सिद्धो-कान्हू की प्रतिमा क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना पर गंभीर चिंता जताते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की.

## बरही अनुमंडल में धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू

**हजारीबाग।** ईद मिलाद-उन-नबी 2025 के पावन अवसर को शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने के लिए उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के संयुक्त निर्देशानुसार बरही अनुमंडल के दंडाधिकारी जोहन टुडू ने नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत 4 सितंबर से 7 सितंबर 2025 तक निषेधाज्ञा लागू कर दी है. इसका उद्देश्य पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखना और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को रोकना है. निषेधाज्ञा के तहत कई कड़े प्रावधान किए गए हैं. इनमें बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के कोई जुलूस या झांकी निकालना वर्जित है. कोई भी व्यक्ति या संगठन बिना अनुमति के प्रचार-प्रसार नहीं कर सकता.

## विद्यार्थियों को दिए सफलता के टिप्स

**रामगढ़।** रामगढ़ महाविद्यालय के उर्दू विभाग में स्नातक प्रथम समसत्र (2025-29) के विद्यार्थियों के स्वागत में भव्य समारोह आयोजित किया गया.अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. शाहनवाज खान ने की, जबकि संचालन उम्मे सलमा और अरसला शाकरीन ने किया. मौके पर विद्यार्थियों को जीवन में सफल होने के टिप्स दिए गए. मुख्य अतिथि प्राचार्या डॉ. रत्ना पांडेय ने कहा कि यह महाविद्यालय जिले का एकमात्र अंगीभूत संस्थान है, जहां विद्यार्थियों को समानता का माहौल मिलता है. उन्होंने कॉलेज की व्यवस्था की प्रशंसा की.

# एक नजर

## कोडरमा में कोटपा एक्ट के तहत कार्यालयों में छापेमारी, तंबाकू सेवन पर वसूला गया जुर्माना



**कोडरमा।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) के तहत कोटपा एक्ट 2003 एवं झारखंड संशोधन अधिनियम 2021 के अंतर्गत कोडरमा में अनुमंडल पदाधिकारी सह विशेष नोडल पदाधिकारी श्रीमति रिया सिंह के नेतृत्व में विभिन्न सरकारी कार्यालयों में छापामारी अभियान चलाया गया. इस अभियान के दौरान कई कर्मचारियों को तंबाकू एवं तंबाकू उत्पाद का सेवन करते हुए पाया गया, जो कि कोटपा एक्ट की धारा 4 का स्पष्ट उल्लंघन है. उल्लंघनकर्ताओं से प्रति व्यक्ति 500 का जुर्माना वसूला गया. निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को बताया गया कि कोटपा एक्ट की धारा 4 के तहत हर कार्यालय में ₹धूम्रपान निषेध₹ संकेतक बोर्ड लगाया जाना अनिवार्य है.

## सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति जामतारा की बैठक

**डुमरी (शुभम संदेश)।** सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति जामतारा से जुड़े सदस्यों एवं पंचायत के प्रबुद्धजनों की बैठक सोमवार की देर शाम मंदिर प्रांगण में समिति के अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में निर्णय लिया गया कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाई जाएगी. नवरात्र के दौरान आकर्षक साज-सज्जा, साउंड एवं प्रकाश की विशेष व्यवस्था पर चर्चा की गई. इसके साथ ही मंदिर के लिए एक इन्वर्टर खरीदने तथा मंदिर के पूरब दिशा की गेट तक जाली से घेराव करने का निर्णय लिया गया. बैठक में पंचायतवासियों से दुर्गा पूजन हेतु ली जाने वाली सहयोग राशि में 20 रुपये की वृद्धि की गई. वहीं सहयोग राशि संग्रहण के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित समस्याओं के समाधान के लिए 10 सदस्यों को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई. इनमें मुखिया खेमलाल महतो, पंसस अखिलेश राणा, प्रकाशचंद मेहता, ईश्वर विश्वकर्मा, महेंद्र महतो, अरुण जायसवाल, रामचंद्र मंडल, शंकर ठाकुर, केएन मोदी और आशीष अग्रवाल शामिल हैं. अगली बैठक 7 सितंबर को रखी गई है. बैठक में समिति के सचिव बिरेन्द्र कुमार सिन्हा, सहसचिव प्रिय रंजन जायसवाल व राजेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पप्पू अग्रवाल के साथ इन्द्रदेव अग्रवाल, बुटू गोप, शंकर महतो, विनय कुमार, विजय यादव, भोला ठाकुर, गिरू शर्मा, जगरनाथ ठाकुर, कन्हैया विश्वकर्मा, आशीष जायसवाल, बिनोद विश्वकर्मा, शेखर बरनवाल, मिथुन जायसवाल, द्वारिका प्रसाद, रामानन्द शर्मा, भीम मंडल, बब्बलू शर्मा, बिट्टू भगत, मुकेश शर्मा, महेन्द्र मंडल सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे.

## पीएम श्री विद्यालय में स्वच्छता जागरुकता पखवाड़ा

**कसमार (शुभम संदेश)।** राज्य संपोषित पीएम श्री प्लस टू उच्च विद्यालय, कसमार में मंगलवार को स्वच्छता पखवाड़ा के दूसरे दिन शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को साबुन और हैंडवॉश का इस्तेमाल कर हाथ धोने के महत्व से अवगत कराया गया. ईको क्लब और दामोदर सदन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में नोडल शिक्षक महाकांत झा ने स्वच्छता अभियान के दौरान मास्क के नियमित उपयोग पर बल दिया. उन्होंने कहा कि मास्क पहनने से कई बीमारियों से बचाव संभव है. उन्होंने यह भी बताया कि वातावरण में मौजूद सूक्ष्म जीवाणु हाथों, उंगलियों और नाखूनों के माध्यम से नाक, मुंह और आंखों तक पहुंच कर नुकसान पहुंचा सकते हैं. वहीं दूषित हवा, पानी और भोजन भी रोग फैलाने का प्रमुख कारण बनते हैं. मौके पर नोडल शिक्षक डॉ. अवनीश कुमार झा ने शिक्षक-शिक्षिकाओं के बीच मास्क वितरित किए. शिक्षिका सुमन कुमारी, सुजाता कुमारी, सीमा कुमारी और सुशीला कुमारी ने विभिन्न कक्षाओं के कक्षा-अध्यक्षों को मास्क वितरित किए. कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने हाथ और मुंह की स्वच्छता का पालन करने की शपथ ली. इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक फारुक अंसारी, अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं, बाल संसद के सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.

## आदि कर्मयोगी अभियान के तहत कार्यशाला

**बेंगाबाद (शुभम संदेश)।** आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत मंगलवार को बेंगाबाद प्रखंड सभागार में प्रखंड स्तरीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ सुनील कुमार मुर्मू ने दीप प्रज्वलित कर किया. अपने संबोधन में बीडीओ श्री मुर्मू ने कहा कि इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य कार्यकुशलता, पारदर्शिता और जनहित में त्वरित कार्य निष्पादन सुनिश्चित करना है. उन्होंने बताया कि अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्रों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा. इसके तहत चयनित गांवों को क्लस्टर के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं का लाभ आमजन को मिलेगा. उन्होंने कहा कि पंचायत और ग्राम स्तर पर टीम गठित कर योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाएगा. इसी उद्देश्य से यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है, ताकि भारत सरकार की इस योजना का अधिक से अधिक लाभ ग्रामीणों तक पहुंच सके. इस मौके पर बीपीएम अरविंद कुमार, वनपाल प्रभारी रोहित पंडित, शिक्षा विभाग के रमेश कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी भुनेश्वर मुर्मू, पंचायत सचिव मोबिन अहमद, पेयजल विभाग के प्रवीण कुमार, जलसहिया सहित कई पदाधिकारी और ग्रामीण उपस्थित रहे.

# पेज 3 का शेष

## धनबाद में 500 से ज्यादा तालाबों...

**पर्यावरण संरक्षण पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन :** विभिन्न विद्यालयों के बीच पर्यावरण संरक्षण की थीम पर पोस्टर, वाद विवाद तथा मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें पोस्टर के लिए प्रियांशु चौधरी को प्रथम, आकांक्षा सलिल को द्वितीय तथा प्रिया कुमारी को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया. वाद- विवाद प्रतियोगिता में ऋषि रंजना को प्रथम, मनीषा कुमारी को द्वितीय तथा प्रज्ञा प्रसाद को तृतीय एवं मॉडल बनाने की प्रतियोगिता में राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर को प्रथम, डीएवी कोयला नगर को द्वितीय तथा सर्वमंगला पब्लिक स्कूल को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया. जबकि धनबाद को हरा भरा रखने में योगदान देने के लिए जय धरती मां एनजीओ के रवि कुमार निषाद को सम्मानित किया गया. समारोह में उपायुक्त आदित्य रंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, डीसीपी ट्रैफिक अरविंद कुमार सिंह, आईआईटी आईएसएम के निदेशक शिव कुमार मिश्रा, बीबीएमकेयू के वाइस चांसलर डॉ राम कुमार सिंह, आईआईटी आईएसएम के डॉ सुरेश पांडियन एलुमलाई, अपर नगर आयुक्त कमलेश्वर नारायण, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, प्रकाश कुमार के अलावा विभिन्न विद्यालयों के छात्र मौजूद थे.

## विष्णुगढ़ में 15वां नमो फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

**विष्णुगढ़।** सांसद मनीष जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित सांसद खेल महोत्सव-2025 के तहत 15वां नमो फुटबॉल टूर्नामेंट मंगलवार को विष्णुगढ़ +2 उच्च विद्यालय खेल मैदान में शुभारंभ हुआ. इस बार 70 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10 अधिक हैं. उद्घाटन मैच पिपराटांड़ और खरकी टीम के बीच खेला गया. सांसद मनीष जायसवाल ने फीता काटकर, मशाल जलाकर और फुटबॉल किक मारकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया. सांसद ने खिलाड़ियों से नशा मुक्त जीवन का संकल्प लेने को कहा. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की बैंड टीम ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जबकि एंबीशन स्कूल की छात्राओं ने झारखंडी नृत्य प्रस्तुत किया.

## चौपारण में 10 पंचायतों में नए स्वास्थ्य उपकेंद्र स्थापित

**चौपारण।** प्रखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए 10 पंचायतों में नए स्वास्थ्य उपकेंद्र स्थापित किए जाएंगे. इसके लिए अंचलाधिकारी संजय यादव ने सरकारी भूमि की खोज तेज कर दी है. दादपुर, जवनपुर, चैथी, ताजपुर, जगदीशपुर, पड़रिया, बेलाही, डेबो, गोबिंदपुर और बच्छई पंचायतों में ये उपकेंद्र प्रस्तावित हैं. इन इलाकों में अभी पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं हैं, जिससे ग्रामीणों को इलाज में कठिनाई होती है. संजय यादव ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को इन पंचायतों में सरकारी जमीन की जानकारी हो तो अविलंब सूचित करें. उन्होंने उन पंचायतों की भी जानकारी मांगी है जहां अभी स्वास्थ्य उपकेंद्र नहीं है, ताकि भविष्य में वहां भी स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई जा सकें.

## न्यूज अपडेट

### हॉलीवुड के मशहूर एक्टर ग्राहम ग्रीन का 73 वर्ष की आयु में निधन

**टोरंटो ।** हॉलीवुड से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है. दिग्गज अभिनेता ग्राहम ग्रीन का 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया है. उनके एजेंट माइकल ग्रीन ने इस बात की पुष्टि की है. ग्राहम लंबे समय से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे. बीते कुछ महीनों से उनकी तबीयत लगातार खराब चल रही थी और वह कनाडा के टोरंटो स्थित एक निजी अस्पताल में उपचाररत थे. तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका और वहीं उन्होंने अंतिम सांस ली. उनके निधन से न केवल उनके परिवार और चाहने वाले बल्कि पूरा हॉलीवुड शोक की लहर में डूब गया है. ग्राहम ग्रीन का फिल्मी करियर कई दशकों तक फैला रहा.

### मथुरा : सीबीआई ने यूको बैंक की शाखा प्रमुख को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार को मथुरा में यूको बैंक की कोतवाली रोड शाखा की वरिष्ठ प्रबंधक प्रमुख गरिमा सिंह को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया. उन पर एक करोड़ रुपये के लोन की एवज में चार लाख रुपये रिश्वत मांगने का आरोप है. सीबीआई के अनुसार, शिकायतकर्ता की फर्म को बैंक से एक करोड़ रुपये का सीसी लोन स्वीकृत हुआ था, लेकिन 90 लाख रुपये ही जारी किए गए. शेष 10 लाख रुपये शाखा प्रमुख ने रोक लिए और अवैध लाभ लेने की नीयत से दबाव बनाया. जब शिकायतकर्ता का बेटा बैंक पहुंचा तो शाखा प्रमुख ने लोन की रकम जारी करने के बदले चार लाख रुपये रिश्वत मांगी. यह राशि कुल लोन का चार प्रतिशत बताई गई. सीबीआई ने मंगलवार को मामला दर्ज किया और जाल बिछाकर कार्रवाई की.

### आप विधायक हरमीत सिंह पठान माजरा पुलिस हिरासत से फरार हुए

**चंडीगढ़ ।** पंजाब में अपनी ही सरकार पर सवाल उठाने वाले सनौर के विधायक हरमीत सिंह पठान माजरा पुलिस की हिरासत से फरार हो गए.पठानमाजरा व उनके साथियों ने इस दौरान पुलिस पर फायरिंग की और एक पुलिस कर्मी पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया. पठानमाजरा को दुष्कर्म के एक पुराने केस के सिलसिले में हरियाणा के करनाल से गिरफ्तार कर पटियाला लाया जा रहा था. पठानमाजरा ने सोमवार को ही अपनी सरकार विरूद्ध आवाज उठाई थी. उन्होंने अपने क्षेत्र में जलभराव के मुद्दे पर मुख्यमंत्री भगवंत मान पर हमला बोला था. इसके कुछ समय बाद ही पंजाब सरकार ने सनौर हलके में सभी थाना व चौकी प्रभारियों को बदल दिया और कई पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया गया.

### अलीगढ़ में अवैध हथियार फैक्टरी का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार हुए

**नई दिल्ली ।** दिल्ली के सराय रोहिल्ला थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश में अलीगढ़ जिले के जट्टारी पिशावा इलाके में खेतों में बनी अवैध हथियार फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है. इस दौरान पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर मौके से भारी मात्रा में हथियार एवं कच्चा माल बरामद किया है. दिल्ली के उत्तरी जिले के पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया के अनुसार, बरामदगी में 6 देशी कट्टे, 12 अधबने पिस्टल, 6 जिंदा कारतूस, 5 खाली कारतूस, 13 बैरल, 44 छोटे बैरल, 12 पाइप, 3 बड़े बैरल पाइप और हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाली मशीनें शामिल हैं. इसके अलावा 250 से अधिक पिस्टल बनाने लायक कच्चा माल भी जब्त किया गया है.

### ऑनलाइन सट्टेबाजी: कांग्रेस विधायक वीरेंद्र के घर फिर से ईडी का छापा

**चित्रदुर्ग ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कर्नाटक के चित्रदुर्ग से कांग्रेस विधायक वीरेंद्र पप्पी के घर पर फिर से मंगलवार को छापा मारा है. विधायक ईडी की हिरासत में पहले से ही हैं, जिन पर ऑनलाइन सट्टेबाजी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप हैं. जानकारी के मुताबिक ईडी के अधिकारियों ने विधायक वीरेन्द्र के चित्रदुर्ग के चल्लकेरे स्थित एक पुराने घर की तलाशी ली है. ईडी के अधिकारियों ने घर के अंदर मौजूद दस्तावेजों की जांच की है और नए सबूतों की तलाश कर रहे हैं. ईडी ने किले में खड़ी चार लग्जरी कारों की जानकारी की है. दरअसल, कांग्रेस के विधायक वीरेन्द्र के खिलाफ ईडी ऑनलाइन सट्टेबाजी और मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में जांच कर रही है.

### ईडी की टीम ने चेन्नई में 10 अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की

**चेन्नई ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को चेन्नई में 10 स्थानों पर छापेमारी की है. इस कार्रवाई के तहत तमिलनाडु के नगर प्रशासन मंत्री केएन नेहरू, उनके परिवार के सदस्यों और सहयोगियों के परिसरों में तलाशी ली गई है. यह छापेमारी कथित वित्तीय अनियमितताओं और अनुपातहीन संपत्ति संचय की जांच के सिलसिले में की गई है. सूत्रों के अनुसार ईडी की टीमों ने अडयार, तेयनंपेट, सीआईटी कॉलोनी और एमआरसी नगर जैसे प्रमुख क्षेत्रों में संपत्तियों की तलाशी ली, जो कथित तौर पर मंत्री नेहरू के बेटे केएन अरुण और भाई केएन रवि चंद्रन से जुड़ी हुई थीं. अन्य स्थानों में नेहरू के भाइयों मणिवन्नन और रवि चंद्रन के चेन्नई और कोयंबतूर में आवास शामिल हैं.




### दारफुर का पूरा गांव तबाह



**एजेंसियां। दारफुर (सूडान)**


सूडान के पश्चिमी क्षेत्र दारफुर में भूस्खलन के कारण 1000 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबर है. इस देश पर नियंत्रण रखने वाले विद्रोही समूह- सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने मंगलवार को बताया कि कई दिनों की भारी बारिश के बाद तरासिन गांव में रविवार को भूस्खलन हुआ. रिपोर्ट्स के मुताबिक ये गांव मध्य दारफुर के मर्राह पर्वतों के बीच है. इसे हाल के कुछ वर्षों की सबसे भयानक प्राकृतिक आपदा माना जा रहा है.

**गांव के लगभग सभी लोगों की मौत :** सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, तरासिन गांव में रहने वाले लगभग सभी लोगों की मौत हो चुकी है. केवल एक व्यक्ति ही जीवित बचा है. अनुमान है कि लगभग एक हजार लोग मारे गए हैं. गांव पूरी तरह से तबाह हो चुका है. राहत और बचाव कार्य चलाने में मदद और मलबे के नीचे दबे शवों को बरामद करने के लिए संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय सहायता समूहों से गुहार लगाई गई है. स्थानीय मीडिया द्वारा एक वीडियो साझा किया गया है, जिसमें दिखाया गया है कि पहाड़ों के बीच पूरा इलाका समतल हो गया है और लोग वहां मलबे में तलाश कर रहे हैं.

**हजारों विस्थापित परिवारों ने मर्राह पहाड़ियों में ली है शरण :** मर्राह पर्वत क्षेत्र में स्थित सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी, दारफुर और कोर्डोफन में सक्रिय कई विद्रोही संगठनों में से एक है. यह मौजूदा गृहयुद्ध में किसी भी पक्ष के साथ नहीं है। मर्राह पहाड़ियां 160 किमी लंबी ज्वालामुखीय पर्वत श्रृंखला हैं, जो अल-फशर के दक्षिण-पश्चिम में फैली हुई हैं. यह क्षेत्र राजधानी खार्तूम से करीब 900 किलोमीटर दूर है और संघर्ष से विस्थापित हजारों परिवार यहां शरण ले चुके हैं.

## भारत का पहला स्वदेशी स्पेस प्रोसेसर 'विक्रम 3201' लॉन्च

# रॉकेट व सैटेलाइट मिशन होंगे और मजबूत : मोदी



- इस प्रोसेसर को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और चंडीगढ़ स्थित सेमीकंडक्टर लेबोरेटरी (एससीएल) के सहयोग से तैयार किया गया है.



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

सेमिकॉन इंडिया 2025 सम्मेलन में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने 'विक्रम 3201' पेश किया. इसे भारत की सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया जा रहा है. इस प्रोसेसर को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और चंडीगढ़ स्थित सेमीकंडक्टर लेबोरेटरी (एससीएल) के सहयोग से तैयार किया गया है.

**क्यों खास है विक्रम 3201 :** यह एक 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर है, जिसे खासतौर पर अंतरिक्ष मिशनों की कठोर परिस्थितियों में काम करने के लिए बनाया गया है. इसकी -55 डिग्री सेल्सियस से लेकर +125 डिग्री सेल्सियस तक तापमान झेलने की क्षमता इसे बेहद मजबूत बनाती है. इसका काम रॉकेट और लॉन्च व्हीकल्स में नेविगेशन, कंट्रोल और मिशन मैनेजमेंट को संभालना है. इसे मिलिट्री-ग्रेड स्टैंडर्ड्स के हिसाब से तैयार किया गया है ताकि यह रेडिएशन और वाइब्रेशन जैसी कठिन परिस्थितियों में भी काम करता रहे.

इससे पहले इसरो 2009 से 'विक्रम 1601' (16-बिट प्रोसेसर) का इस्तेमाल कर रहा था. अब 'विक्रम 3201' न सिर्फ 32-बिट आर्किटेक्चर लाता है, बल्कि इसमें 64-बिट फ्लोटिंग-प्वाइंट ऑपरेशन, Ada प्रोग्रामिंग लैंग्वेज का सपोर्ट और बेहतर कम्युनिकेशन के लिए ऑन-चिप 1553B बस इंटरफेस जैसे कई बड़े अपग्रेड शामिल हैं. इसे एससीएल की चंडीगढ़ यूनिट में 180-नैनोमीटर सीएमओएस तकनीक से बनाया गया है, जो एयरोस्पेस एप्लिकेशंस के लिए भरोसेमंद है.

**पहले ही हो चुका है स्पेस टेस्ट :** 'विक्रम 3201' को पहले ही पीएसएलवी-C60 मिशन में टेस्ट किया जा चुका है. इस सफलता के बाद इसरो अब इसे अपने आगामी लॉन्च व्हीकल्स में व्यापक रूप से अपनाने जा रहा है. इसरो ने इसी साल मार्च 2025 में 'विक्रम 3201' के साथ 'कल्पना 3201' नाम का दूसरा प्रोसेसर भी लॉन्च किया था. यह 32-बिट आर्किटेक्चर पर आधारित है और ओपन-सोर्स टूलचेन को सपोर्ट करता है. इसके अलावा इसरो ने चार और स्वदेशी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस भी पेश किए हैं, ये सभी उपकरण भारत की आयात निर्भरता कम करेंगे.

**आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम :** स्पेस-ग्रेड प्रोसेसर आमतौर पर बाजार में उपलब्ध नहीं होते और इन्हें विदेशों से आयात करना पड़ता है. 'विक्रम 3201' के साथ भारत ने इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल कर ली है. इससे सप्लाई चेन बाधाओं और आयात निर्भरता में कमी आएगी. इसरो ने इसके लिए पूरा सॉफ्टवेयर ईकोसिस्टम भी तैयार किया है, जिसमें एडीए कंपाइलर, असेंबलर, लिंकर्स, सिमुलेटर और डेवलपमेंट एनवायरनमेंट शामिल हैं. ईसरो के मुताबिक, जल्द ही सी कंपाइलर भी तैयार किया जाएगा.

**सेमिकॉन सम्मेलन में सेमीकंडक्टर पर फोकस :** तीन दिन चलने वाले सेमिकॉन इंडिया सम्मेलन में प्रोसेसर लॉन्च के साथ ही सरकार ने बताया कि देश में 5 नए सेमीकंडक्टर यूनिट्स का निर्माण हो रहा है. डिजाइन-लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम के तहत भारत अब वैश्विक सप्लाई चेन में मजबूत स्थान बनाने की ओर बढ़ रहा है.

## वायु सेना ने पाक एयरबेस के पास शुरू किया हवाई अभ्यास

- ऑपरेशन सिंदूर के बाद से भारत-पाकिस्तान के तटीय इलाके में सैन्य अभ्यासों की हलचल तेज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑपरेशन सिंदूर जारी रहने के बीच अरब सागर में भारत-पाकिस्तान के तटीय इलाके में विभिन्न तरह के सैन्य अभ्यासों की हलचल तेज है. अब भारतीय वायु सेना ने मंगलवार से गुजरात और राजस्थान के पास अरब सागर में दो दिवसीय सैन्य अभ्यास शुरू किया है.

यह अभ्यास मंगलवार सुबह लगभग 11 बजे से शुरू हुआ, जो 3 सितंबर को दोपहर 2 बजे तक चलेगा. हवाई अभ्यास का यह क्षेत्र पाकिस्तान के कराची तट से केवल 200 समुद्री मील की दूरी पर स्थित है, जो पाकिस्तान-नियंत्रित वायु क्षेत्र से 70 समुद्री मील के करीब है. भारतीय वायु सेना के अनुसार यह एक नियमित अभ्यास है और इसी के तहत पहले ही नोटम (एयरमैन को नोटिस) जारी किया गया था. नोटम या एयर मिशन को नोटिस एक प्रकार की सूचना है, जो विमानन क्षेत्र में किसी विशिष्ट स्थान या स्थिति से संबंधित आवश्यक जानकारी या चेतावनी देती है. इसका उद्देश्य उड़ान संचालन में शामिल लोगों को उन परिस्थितियों के बारे में सूचित करना है, जो मानक प्रकाशनों के माध्यम से वितरित करने के लिए पर्याप्त समय से पहले उपलब्ध नहीं हैं. नोटम का मतलब राष्ट्रीय हवाई क्षेत्र प्रणाली के किसी भाग को प्रभावित करने वाली किसी भी असामान्य या असामान्य परिस्थितियों के बारे में जानकारी देना है.

### करियप्पा ग्राउंड में थल सैनिक शिविर का उद्घाटन, 1,546 एनसीसी कैडेट्स शामिल होंगे

**नई दिल्ली ।** दिल्ली कैंट के करियप्पा परेड ग्राउंड में मंगलवार को अतिरिक्त महानिदेशक (ए) एयर वाइस मार्शल पीवीएस नारायण ने अखिल भारतीय थल सैनिक शिविर (एआईटीएससी) का उद्घाटन किया. इसमें देशभर के 17 डिवीजन के 1500 से अधिक एनसीसी कैडेट भाग लेंगे. इस प्रशिक्षण शिविर में फायरिंग प्रतियोगिताएं, मानचित्र वाचन, बाधा प्रशिक्षण, फील्ड क्राफ्ट, युद्ध क्राफ्ट और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे. एनसीसी के मुताबिक यह एक प्रमुख शिविर है, जो अनुशासन, नेतृत्व, राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देता है और कैडेटों को जिम्मेदार नागरिक और भविष्य के नेता के रूप में तैयार करता है. सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 17 एनसीसी निदेशालयों के 867 लड़के और 679 लड़कियों सहित कुल 1,546 कैडेट बारह दिवसीय थल सैनिक शिविर में भाग लेंगे. भाग लेने वाले कैडेट विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं जैसे बाधा प्रशिक्षण, मानचित्र वाचन और अन्य संस्थागत प्रशिक्षण प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे.

### नागपुर से कोलकाता जा रही इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**नागपुर ।** महाराष्ट्र के नागपुर एयरपोर्ट से कोलकाता के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो की एक फ्लाइट को मंगलवार सुबह आपातकालीन स्थिति में वापस नागपुर हवाई अड्डे पर आपातकालीन स्थिति में उतारना पड़ा. सीनियर एयरपोर्ट डायरेक्टर ने इसकी पुष्टि की है. नागपुर एयरपोर्ट से कोलकाता के लिए फ्लाइट संख्या 6ई-812 ने जैसे ही उड़ान भरी तभी एक पक्षी विमान के अगले हिस्से से टकरा गया, जिससे इंजन में खराबी आ गई और विमान लड़खड़ाने लगा. इस विमान में कुल 272 यात्री सवार थे. इस स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पायलट ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए वापस एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया. सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं और उन्हें विमान से सुरक्षित बाहर निकाल उतार लिया गया है.

## सुकमा में नक्सलियों ने दो ग्रामीणों की हत्या की

**सुकमा ।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिला सुकमा के केरलापाल के ग्राम सिरसेटी के नंदापारा में दो ग्रामीणों की नक्सलियों ने मुखबिरी के आरोप में हत्या कर दी. साथ ही दो ग्रामीणों के साथ मारपीट की गई है. उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है. सुकमा एसडीओपी परमेश्वर तिलकवार ने मंगलवार को घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सोमवार रात 11 बजे ग्राम सिरसेटी के नंदापारा में बड़ी संख्या में नक्सली पहुंचे. नक्सलियों ने रात में गांव के दो ग्रामीण पदाम पोजा और पदाम देवेंद्र की हत्या कर दी और दो ग्रामीणों की पिटाई कर दी. घायल ग्रामीणों को गांव से लाने की तैयारी की जा रही है. इस इलाके में सड़क नहीं होने की वजह से इन ग्रामीणों को अभी तक केरलापाल लाया नहीं गया है. सुकमा के जिला पुलिस अधीक्षक किरण चौहान ने बताया कि घटना की जानकारी ग्रामीणों द्वारा प्राप्त हुई है. जांच के लिए घटनास्थल पर टीम भेजी गई है. बस्तर पुलिस के अनुसार, साल 2025 में अब तक माओवादी हिंसा में कुल 32 लोगों की जान जा चुकी है. इस वर्ष अब तक नौ शिक्षादूतों की मुखबिरी के आरोप में नक्सलियों द्वारा हत्या की जा चुकी है. इनमें सुकमा जिले के अर्जुन डोडी, कवासी सुक्का और राम-लक्ष्मण बादसे तथा बीजापुर जिले के विनोद मनडे, सुरेश मेट्टा, अशोक मुचाकी, बामन राम कश्यप, कुंजाम भीमा तथा लालू ताती शामिल हैं.

### केसीआर की बेटी कविता को पार्टी से किया निलंबित

**एजेंसी। हैदराबाद**



तेलंगाना की पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने अपनी एमएलसी और पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) की बेटी के. कविता को पार्टी से निलंबित कर दिया है. बीआरएस ने कहा कि हाल के दिनों में कविता के व्यवहार और उनकी गतिविधियां पार्टी के हितों के खिलाफ रही हैं. उन पर 'पार्टी विरोधी गतिविधियों' में शामिल होने और संगठन को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है. बीआरएस ने कहा है कि पार्टी अध्यक्ष चंद्रशेखर राव ने एमएलसी कविता को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला लिया है. कविता को पार्टी से ऐसे समय में बर्खास्त किया गया है, जब बीआरएस पहले से ही अंदरूनी चुनौतियों का सामना कर रही है. बर्खास्तगी से एक दिन पहले कविता ने उस समय पार्टी के भीतर तूफान खड़ा कर दिया था, जब उन्होंने अपनी ही पार्टी के नेताओं पर केसीआर की छवि को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया. उन्होंने वरिष्ठ नेता टी. हरीश राव और पूर्व सांसद मेघा कृष्णा रेड्डी पर उनके पिता पर 'भ्रष्टाचार का ठप्पा' लगाने का आरोप लगाया और दावा किया कि हरीश राव और संतोष कुमार ने उन्हें हाशिये पर धकेलने की साजिश रची.

### मनोज जरांगे की बड़ी जीत

## मराठा आरक्षण देने को राजी हो गयी महाराष्ट्र सरकार

- कुनबी प्रमाण पत्र के लिए बनेगी कमेटी, खत्म किया अनशन

**एजेंसियां। मुंबई**

मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जारांगे ने मंगलवार को कहा कि उनकी लंबे समय से चल रही मांग पूरी हो गई है. उन्होंने मुंबई में अपने हजारों समर्थकों से कहा कि हम जीत गए. महाराष्ट्र सरकार उनकी मांगों पर काम करने के लिए तैयार हो गई है. दरअसल बॉम्बे हाई कोर्ट ने जरांगे और उनके समर्थकों को मंगलवार दोपहर 3 बजे तक आजाद मैदान खाली करने का आदेश दिया था. कोर्ट ने चेतावनी दी थी कि अगर आदेश का पालन नहीं किया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी. इस बीच, मनोज जरांगे ने अपना अनशन समाप्त करने की घोषणा कर दी.

**सरकार ने जरांगे की सभी मांगें मान ली :** मनोज जरांगे पाटिल मराठा समुदाय को ओबीसी वर्ग से आरक्षण देने की मांग को लेकर मुंबई के आजाद मैदान में बैठे थे. उनके अनशन का पांचवां दिन था. मनोज जरांगे ने तय किया कि जब तक आरक्षण नहीं दिया जाता और मेरी मांगें नहीं मानी जातीं, वह मुंबई नहीं छोड़ेंगे. ऐसे में मराठा उप-समिति के अध्यक्ष राधाकृष्ण विखे पाटिल ने मनोज जरांगे पाटिल से मुलाकात की. इस दौरान राधाकृष्ण विखे पाटिल ने जरांगे पाटिल को सरकार की ओर से तैयार किया गया मसौदा दिखाया. कहा कि सरकार ने मनोज जरांगे पाटिल की सभी मांगें मान ली हैं.



**जीआर जारी होते ही छोड़ देंगे मुंबई**

मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल की अध्यक्षता वाली राज्य सरकार की मंत्रिमंडलीय उप-समिति के अन्य सदस्यों - शिवेन्द्रसिंह भोसले, उदय सामंत, माणिकराव कोकाटे ने दोपहर में दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में जरांगे से मुलाकात की और समिति की ओर से अंतिम रूप दिए गए मसौदे पर उनके साथ चर्चा की. उप-समिति ने हैदराबाद गजट को लागू करने की जरांगे की मांग को स्वीकार कर लिया और कहा कि कुनबी रिकॉर्ड वाले मराठों को उचित जांच के बाद जाति प्रमाण पत्र दिए जाएंगे.

### पीएम मोदी ने साधा निशाना, कहा

# ये गालियां मेरी मां का नहीं, हर मां का अपमान

- पीएम मोदी ने वर्चुअल संबोधन में कहा, मुझे पता है कि बिहार की हर मां को यह देख-सुन कर बहुत बुरा लगा है. जितनी पीड़ा मेरे दिल में है, उतनी ही तकलीफ मेरे बिहार के लोगों को भी है.



**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस-आरजेडी के मंच से दी गई कथित भद्दी बयानबाजी पर कड़ी प्रतिक्रिया दी. कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि हाल ही में बिहार में आरजेडी-कांग्रेस के मंच से उनकी मां को गालियां दी गईं. पीएम मोदी ने कहा, मां ही तो हमारा संसार होती है, मां ही हमारा स्वाभिमान होती है. इस समृद्ध परंपरा वाले बिहार में कुछ दिनों पहले जो हुआ, उसकी मैंने कल्पना भी नहीं की थी. मेरी मां का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है, फिर भी उन्हें गालियां दी गईं. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मां को गाली नहीं सहेंगे, इज्जत पर वार नहीं सहेंगे, आरजेडी का अत्याचार नहीं सहेंगे, कांग्रेस का वार नहीं सहेंगे, मां का अपमान नहीं सहेंगे. गली-गली से ये आवाज उठनी चाहिए. प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि यह अपमान सिर्फ उनकी मां का नहीं, बल्कि देश की हर मां, बहन और बेटी का अपमान है. पीएम मोदी ने वर्चुअल संबोधन में कहा, मुझे पता है कि बिहार की हर मां को यह देख-सुन कर बहुत बुरा लगा है. जितनी पीड़ा मेरे दिल में है, उतनी ही तकलीफ मेरे बिहार के लोगों को भी है. उन्होंने कहा, मुझे पता है कि आप सबको भी, बिहार की हर मां को ये देख-सुनकर कितना बुरा लगा है. मैं जानता हूं कि इसकी जितनी पीड़ा मेरे दिल में है, उतनी ही तकलीफ मेरे बिहार के लोगों को भी है.

### पीएम मोदी ने बताया 7.8% की विकास दर का राज

**नयी दिल्ली ।** पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि दुनिया अब भारत पर भरोसा करती है और देश के साथ मिलकर सेमीकंडक्टर उद्योग का भविष्य बनाने के लिए तैयार है. उन्होंने आगे कहा कि सरकार जल्द ही सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में अगली पीढ़ी के सुधार शुरू करेगी. सेमीकॉन इंडिया 2025 का उद्घाटन करते हुए मोदी ने ग्लोबल चिप मार्केट में भारत की बढ़ती भूमिका को रेखांकित किया और कहा कि देश ट्रिलियन डॉलर के सेमीकंडक्टर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है. पीएम मोदी ने कहा, 2021 से स्वीकृत 10 सेमीकंडक्टर परियोजनाओं में 18 अरब डॉलर का निवेश किया जा रहा है. उन्होंने आगे कहा, दुनिया भारत पर भरोसा करती है, दुनिया भारत में विश्वास करती है और दुनिया भारत के साथ सेमीकंडक्टर का भविष्य बनाने के लिए तैयार है.


स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार**).
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेल: shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.